एलेना नॉर्मन ने हॉकी इंडिया के सीईओ पद से दिया इस्तीफा

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

समग्र, समावेशी, संतुलित और विकासोन्मुखी है बजट : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • बुधवार • 28 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 79 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 62, 840	₹74,000



आज का इतिहास

- 1704 : भारतीयों ने दीरफील्ड मास पर हमला किया 40 मारे गए और 100 का अपहरण।
- 1963 : भारत के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद का निधन हुआ।

न्यूज बाइट्स

28 फरवरी को सीवान पहुंचेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

सीवान (नि.सं.)। सीवान में बुधवार 28 फरवरी को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीजेपी कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे। सीवान के एक निजी होटल में बैठक आयोजित होगा। इस बैठक में सीवान, महाराजगंज, गोपालगंज और छपरा लोकसभा क्षेत्र के कोर कमेटी के सदस्य शामिल होंगे। रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर सीवान में सुरक्षा व्यवस्था कम रखने को लेकर जिला अधिकारी और एसपी हर एक स्थिति पर नजर बनाए हुए है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 11 बजे सीवान के पुलिस लाइन में हेलिकॉप्टर से उतरेंगे। इसके बाद शहर के एक निजी होटल में बीजेपी कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में सारंग क्लस्टर के बीजेपी कोर कमेटी के सदस्य शामिल होंगे। जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता और एसपी अमितेश कुमार सिंह संयुक्त रूप से पुलिस लाइन और कार्यक्रम स्थल परी वाटिका का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा आदि को ध्यान में रखते हुए जिस रास्ते से रक्षा मंत्री पुलिस लाइन से परी वाटिका तक आएंगे हर एक गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय पुलिस के साथ-साथ एसएसबी का स्पेशल टुकड़ी को भी तैनात किया गया है। हर एक चौक-चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

सीएम नीतीश कुमार ने 214 परियोजनाओं का किया लोकार्पण, 17 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

पटना का पीएमसीएच होगा विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल

निज संवाददाता | पटना

पटना का पीएमसीएच विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बनने जा रहा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) के पुनर्विकास योजना के तहत 903.57 करोड़ की लागत से निर्मित भवनों का उद्घाटन किया। इसके साथ ही राज्य के 214 परियोजनाओं का लोकार्पण के अलावा 17 परियोजनाओं का भी शिलान्यास सीएम ने किया। पीएमसीएच में अब 5 नयी सुविधाएं शुरू हो गयी हैं।

20 विभाग अब नए भवनों में किए गए शिफ्ट

पीएमसीएच में चार नयी सुविधाओं ओपीडी, मल्टीलेवल कार पार्किंग, ब्लड बैंक और गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री ने किया। अस्पताल के 20 विभागों की ओपीडी सेवा को नये भवन में शिफ्ट किया गया। इएनटी, आइ, गायनी और कैंसर रोग विभाग अभी पुराने भवन में ही है। गैस्ट्रो सर्जरी, गैस्ट्रो मेडिसिन, प्लास्टिक सर्जरी, यूरोलॉजी, हड्डी, न्यूरो मेडिसिन, न्यूरो सर्जरी समेत सभी 20 विभागों की ओपीडी अब नये भवन में शिफ्ट की गयी। नये भवन में ही इन विभागों के मरीजों का इलाज होगा। पीएमसीएच कालीमंदिर के पास मल्टीलेवल पार्किंग भी अब चालू कर दी गयी है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री ने किया। कुल 750 वाहनों की पार्किंग की क्षमता यहां है। बता दें कि परिसर में कुल 4 पार्किंग बनने हैं। अन्य तीन पार्किंग दूसरे चरण में शुरू किए जाएंगे। करीब 3000 वाहन चारो पार्किंग में खड़े किए जा सकेंगे। एमबीबीएस की छात्राओं के लिए महिला छात्रावास भी बनाए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2005 में सरकार बनने के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए मुफ्त दवा उपलब्ध करायी जा रही है। इलाज की बेहतर व्यवस्था कराई गई है जिससे सरकारी अस्पतालों पर मरीजों का भरोसा बढ़ा है। आईजीआईएमएस पटना, एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर एएनएमसीएच, गया और दरभंगा मेडिकल कॉलेज जैसे अस्पतालों का विस्तार कर विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (एपीएचसी) को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चैधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक अरुण कुमार सिन्हा, विधायक नितिन नवीन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह पटना प्रमंडल के आयुक्त कुमार रवि, स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार, पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. आईएस ठाकुर, इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान के निदेशक सुनील कुमार सहित अन्य चिकित्सकगण एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

ब्लड बैंक की मिलेगी सुविधा

पीएमसीएच के नए भवन में ब्लड बैंक की भी सुविधा शुरू हो गयी है। अब एक ही छत के नीचे थैलेसीमिया, हेमोफीलिया,एचआई संक्रमितों और ए प्लास्टिक एनीमिया के संक्रमितों को मुफ्त में ब्लड की सुविधा मिलेगी। यहां ब्लड बैंक में डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स व खून देने के लिए एफेरेसिस मशीन की भी सुविधा है। रजिस्ट्रेशन काउंटर भी इसी भवन में होगा। ग्राउंड फ्लोर पर रजिस्ट्रेशन हो सकेगा। मेडिकल स्टोर और सर्जिकल स्टोर को भी सेंट्रल यूटिलिटी ब्लॉक में शिफ्ट किया जा रहा है।

पीएमसीएच में ग्रीन ग्रिड का शिलान्यास

पीएमसीएच में ग्रीन ग्रिड का शिलान्यास किया गया जिसे ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में बड़ा कदम माना जा रहा है। बिहार का यह पहला ग्रीन ग्रिड होगा। करीब 250 करोड़ की लागत से इसे तैयार किया जाएगा। इस ग्रीन ग्रिड के बन जाने से पीएमसीएच अस्पताल बिजली के लिए आत्मनिर्भर हो जाएगा। गैस इंसुलेटेड सिस्टम से इसे तैयार किया जाएगा। जानकार बताते हैं कि ब्रिटेन और जर्मनी के तर्ज पर तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। बिजली के साथ-साथ सौर ऊर्जा का भी इस तकनीक से इस्तेमाल हो सकेगा।

बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शिक्षा मंत्री ने की घोषणा

बिहार सरकार अनुकंपा पर शिक्षकों के आश्रितों को देगी नौकरी, लंबित मामलों पर भी होगा विचार

6421 विद्यालय सहायक के पद सृजित करने की मंजूरी

शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में संजय सरावगी के अल्पसूचित सवाल के जवाब में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति अब बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से होनी है। इसमें अनुकंपा पर शिक्षक को बहाल करने का प्रावधान नहीं है। उन्होंने बताया कि अनुकंपा पर बहाली को लेकर हाल ही में कैबिनेट से 6421 विद्यालय सहायक के पद सृजित करने की मंजूरी दी गयी है। परिचारी के पदों के सृजन की अभी कार्रवाई चल रही है।

निज सवाददाता | पटना

बिहार में सहायक व परिचारी के पद पर नियुक्ति की जाएगी। यह नौकरी विभिन्न सरकारी विद्यालयों में काम करने वाले शिक्षकों का सेवा काल में निधन होने के बाद उनके निकट आश्रितों को अनुकंपा पर दी जाएगी। शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान यह घोषणा की। शिक्षा मंत्री ने बताया कि सेवा काल के दौरान शिक्षकों के निधन पर आश्रितों को उनकी योग्यता के अनुसार अनुकंपा पर नियुक्ति होगी। उन्होंने कहा कि साल 2023 तक लंबित मामलों में भी नियुक्ति देने पर सरकार विचार करेगी।

शिक्षा मंत्री ने सदन को बताया कि वर्ष 2006 से 2015 और फिर वर्ष 2015 से 2023 तक आवश्यक योग्यता धारियों को अनुकंपा पर शिक्षक के रूप में नियुक्ति की गयी है। इसको लेकर पूछे गये पूरक सवाल पर मंत्री ने कहा कि वर्ष 2015 से 2023 के बीच अनुकंपा पर नियुक्ति का कोई आवेदन प्राप्त होगा और वह मामला लंबित होगा तो इस पर आगे निर्णय लेने पर सरकार विचार करेगी। विधानसभा में शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सदस्य अजय कुमार द्वारा दी गयी सूचना पर सदन को बताया। शिक्षा मंत्री को बताया गया कि विधानसभा का सत्र चल रहा है। बैठक के दौरान ही विश्वविद्यालय की ओर से सीनेट की बैठक आयोजित कर दी गयी है। सीनेट की बैठक में विधानसभा व विधान परिषद के सदस्य भी शामिल होते हैं। सत्र के कारण वे सीनेट की बैठक में भाग नहीं ले सकते। ऐसी स्थिति में सीनेट की बैठक को स्थगित की जाये। इसको लेकर शिक्षा मंत्री ने पहले तो विश्वविद्यालय को निर्देश दिया पर थोड़ी देर बाद ही उन्होंने सदस्यों को बताया कि मिथिला विश्वविद्यालय की मंगलवार की बैठक को स्थगित कर दी गयी है।

71 हजार विद्यालयों में नए कक्षाओं के निर्माण पर खर्च होंगे 272 करोड़

निज संवाददाता | पटना

प्रदेश में 71 हजार प्रारंभिक विद्यालयों में नए व अतिरिक्त वर्ग-कक्षाओं के निर्माण पर 272 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह राशि केंद्र सरकार से नए वित्त वर्ष में केंद्रांश के रूप में मिलेगी। इस राशि को लेकर केके पाठक के शिक्षा विभाग ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव दिया था, जिस पर केंद्र से सहमति मिल गई है। इन राशि से विद्यालय अपने यहां रंगाई-पुताई, छोटी मरम्मत, लाइट, पंखा, प्रिंटर और फर्नीचर आदि की भी खरीद कर सकेंगे। 30435 हजार प्राथमिक विद्यालयों में दो-दो अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण के लिए शिक्षा विभाग ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में प्रस्ताव दिया था। साथ ही 29 हजार मध्य विद्यालयों में तीन-तीन कक्षाओं का निर्माण भी कराने का प्रस्ताव था। 2379 माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित होंगे दो-दो स्मार्ट क्लास नये वित्त वर्ष में राज्य निधि मद से उन्नयन बिहार प्रोजेक्ट के तहत 2,379 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में दो-दो स्मार्ट क्लास का निर्माण होगा। चयनित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में दो-दो स्मार्ट क्लास निर्माण संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। इस प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन पर कुल 115 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सभी चयनित विद्यालयों को अप्रैल में राशि उपलब्ध करायी जाएगी। स्मार्ट क्लासेज में कंप्यूटर और प्रोजेक्टर के जरिए बच्चों को पढ़ाया जाएगा। इसके लिए पाठ्यक्रम से संबंधित मैटेरियल का साफ्टवेयर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

करदाताओं के पैसे को सामाजिक क्षेत्र में लगा रही है सरकार : ठाकुर

एजेंसी | नयी दिल्ली

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को फिक्की के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। श्री ठाकुर ने इस अवसर पर 'विकसित भारत@2047: विकसित भारत और उद्योग' विषय पर बोलते हुए सबसे पहले करदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ईमानदार करदाताओं के कारण ही सरकार संग्रह की गई राशि के पैसे-पैसे को सीधे सामाजिक क्षेत्र की तरफ मोड़ने में समर्थ हुई है। उन्होंने कहा कि पहले जब आवंटित धन का केवल एक हिस्सा ही इच्छित लाभार्थियों तक पहुंच रहा था, आज सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि जारी किया गया सारा पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचे।

यूपीआई को अपने वादों को पूरा करने के सरकार के संकल्प का एक उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि जब यूपीआई लॉन्च किया गया था तो इसकी प्रभावशीलता के बारे में बहुत सारे संदेह व्यक्त किए गए थे, लेकिन आज यूपीआई ने समाज के सभी वर्गों और देश के सभी कोनों में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा कि आज समस्त वैश्विक डिजिटल भुगतान का 46 प्रतिशत भारत में किया जाता है और दुनिया हमारी तकनीकी क्षमता के लिए हमारी ओर देख रही है। उन्होंने गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख किया। श्री ठाकुर ने देश की उद्योग जगत की हस्तियों से निवेश करने के इच्छुक लोगों के साथ साझेदारी करने और भारत की प्रतिभाओं और क्षमताओं का दोहन करने का आह्वान किया।

रिटायर्ड शिक्षकों की पटना हाई कोर्ट में बड़ी जीत

पटना (नि.सं.)। पटना हाई कोर्ट ने 1980 के बाद बिहार के राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति में बरती गई अनियमितताओं के संबंध में दायर अपील याचिकाओं को स्वीकृति देते हुए एकलपीठ द्वारा पारित उस निर्णय को पलट दिया जिसके तहत हाई कोर्ट ने सीबीआइ को मामले की जांच कर इसके निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचाने का आदेश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन एवं न्यायाधीश हरीश कुमार की खंडपीठ ने कामिनी कुमारी एवं अन्य द्वारा दायर अपील याचिका पर सुनवाई करते हुए पाया कि अपीलकर्ताओं के विरुद्ध प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं का उल्लंघन करते हुए मनमाने ढंग जांच की कार्यवाही शुरू की गई।

मार्च में लागू हो सकता है सीएए

नई दिल्ली (ए.)। सरकार के सूत्रों के मुताबिक, अगले महीने के पहले सप्ताह में सीएए के नियम लागू किए जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, मार्च के पहले हफ्ते या इसके बाद किसी भी दिन सीएए के नियम लागू कर दिए जाएंगे, नियम लागू होने के साथ ही सीएए कानून लागू हो जाएगा। बता दें कि सीएए नियमों को लागू करने के लिए पोर्टल तैयार कर लिया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

संक्षिप्त समाचार

उप प्रमुख की कुर्सी रही बरकरार, लोगों दी बधाई

नारदीगंज। नारदीगंज प्रखंड के उप प्रमुख अमित कुमार की कुर्सी उप प्रमुख पद पर बरकरार रह गई। मंगलवार को उप प्रमुख अमित कुमार के अविश्वास प्रस्ताव पर अनुमंडल कार्यालय नवादा में सदर एसडीओ अखिलेश प्रसाद के समक्ष हुए विश्वास मत में उप प्रमुख अमित कुमार को नौ मत प्राप्त हुआ। वही विपक्ष में उप प्रमुख पद के उम्मीदवार पंचायत समिति सदस्य रानी देवी को मात्र छह मत हासिल हुआ। इस प्रखंड में 15 पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित हैं। इसके पूर्व भी इस प्रखंड में उप प्रमुख के पद पर अमित कुमार पदासीन हैं। यहां प्रमुख व उप प्रमुख की कुर्सी सलामत रह गई। इस दौरान उप प्रमुख के जीत पर दीपू यादव,रामवरण यादव,मंटू कुमार,शंभू मालाकार,चंद्रशेखर आजाद समेत अन्य समर्थकों ने उपप्रमुख को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी।

स्थानीय शिक्षक जिला बदर हो

नारदीगंज। शिक्षा विभाग के अपर सचिव के0के0 पाठक के शिक्षा विभाग में रहने से शिक्षा में सकारात्मक सुधार हो रहा है। उक्त बातें जदयू पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने मंगलवार को कहा उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा हुई है, सभी प्रश्न सरल थे,जबकि लोग कहते हैं कि कठिन प्रश्न पूछा गया था,जबकि ऐसी बात नहीं थी,कहते हैं कि मनोहर पोथी में जिस तरह की बात लिखी होती है, वही होगा। सरकार व विभाग पर आरोप लगाया जा रहा है, जो बेबुनियाद है। उन्होंने विद्यालय में काफी हद तक सुधार हुआ है,स्थानीय शिक्षकों के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है,वैसे शिक्षकों को जिला बदर किया जाय,दूसरे जिले व अन्य जगहों से आये शिक्षक भी जहां समय पर आने लगे हैं, जिस कारण छात्रों को पठन पाठन के साथ बेहतर ढंग से संचालन हो रहा है। विद्यालय नहीं आने वाले शिक्षकों पर नकेल कसी जा रही है, वही विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति अच्छी देखी जा रही है।शिक्षा में गुणात्मक सुधार हो रहा है। विद्यालय में स्थानीय शिक्षकों को जिला बदर करने की मांग विभागीय अधिकारियों से किया है।

अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का खुलासा,महिला समेत कई गिरफ्तार नवादा जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली व एमपी पुलिस ने अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का खुलासा किया है। दो महिला समेत तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। रजौली पुरानी बस स्टैंड स्थित पंजाब नेशनल बैंक एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में आने वाले ग्राहकों के साथ सेंधमारी करने वाली मध्य प्रदेश की दो महिला एवं एक पुरुष चोर को एसआई सत्येंद्र सिंह ने पुलिस बलों के सहयोग से हिरासत में लिया। मौके से एक स्विफ्ट वाहन संख्या एमपी 09 जेड एम 4284 जब्त किया गया।पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर ने बताया कि 22 फरवरी को बैंक में पैसे जमा करने आये एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी के बैग में ब्लेड मारकर पैसों की चोरी की गई थी जिसका वीडियो फुटेज भी निकाला गया था,किंतु उस समय ब्लेड मारने वाली महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। इस बीच स्टेट बैंक ऑफ इंडिया परिसर में भी दोनों महिला को देखा गया।इस दौरान बैंक कर्मियों द्वारा सीसीटीवी फुटेज से पहचान किया गया।उसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ करने लगी।वहीं साथ में रहे एक युवक जो वाहन लेकर फरार होने लगा जिसे पुलिस कर्मियों ने खदेड़ कर पकड़ा एवं तीनों लोगों को थाना परिसर ले आई।इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्त में रही दोनों महिलाओं एवं एक युवक को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।

शिक्षक पर अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप

कौआकोल। कौआकोल बीआरसी भवन में एमडीएम डाटा ऑपरेटर पद पर कार्यरत जिले के वारिसलीगंज थाना के माफी रोड निवासी यदुनन्दन प्रसाद के पुत्र रवि कुमार ने कौआकोल थाना में आवेदन देकर एक शिक्षक पर अभद्र व्यवहार करने व जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस सम्बंध में पीड़ित ऑपरेटर रवि कुमार ने थाना में दिए आवेदन में लिखा है कि जब वे बीईओ के आदेशानुसार बीआरसी कार्यालय में सोमवार को सक्षमता का प्रवेश पत्र वितरण कर रहे थे,तभी अचानक प्राथमिक विद्यालय गायघाट में पदस्थापित शिक्षक व ईटपकवा गांव निवासी राजीव रंजन आया और सक्षमता का प्रवेश पत्र मांगने लगा,नहीं देने पर गाली गलौज और मारपीट करने लगा एवं गला दबाकर जान मारने का प्रयास किया। पीड़ित का आरोप है कि शिक्षक के द्वारा उनके पास रहे 200 रुपये नकदी भी छीन लिया एवं धमकी दिया गया कि बीआरसी में उनके इशारे पर काम करना होगा,अन्यथा जान से मार देंगे। वहीं आवेदन मिलने के बाद कौआकोल थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई शुरू दिया है। वहीं शिक्षक राजीव रंजन ने ऑपरेटर रवि कुमार द्वारा लगाए गए आरोपों को राजनीतिक षडयंत्र बताते हुए कहा कि रवि कुमार द्वारा शिक्षकों से सक्षमता परीक्षा के प्रवेश पत्र देने के नाम पर एवं एमडीएम के कागजात जमा करने के नाम पर पैसा की वसूली की जा रही है। जिसका विरोध करने पर उन्हें फंसाने की साजिश रची गई है। उन्होंने कहा कि रवि कुमार के द्वारा कागजात जमा करने एवं प्रवेश पत्र देने के नाम पर उनसे दो हजार रुपये की मांग की गई है।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से प्रदूषण जांच केंद्र संचालक की मौत

नवादा। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से प्रदूषण जांच केंद्र संचालक की मौत मौत हो गयी। मृतक शौच के लिए सड़क पर गांव की ओर जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के शव क़ो कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । जिले के कादिरगंज थाना क्षेत्र के अतौआ गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से प्रदूषण जांच केंद्र संचालक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान जमुई जिले के अलीगंज क्षेत्र के गंगटी गांव निवासी विपिन सिंह का 26 वर्षीय पुत्र मुन्ना कुमार के रूप में किया गया। मुन्ना कुमार अपने पिता का इकलौता पुत्र था। बताया जा रहा है कि मुन्ना केंदुआ बाईपास में प्रदूषण जांच केंद्र चलाने का काम कर रहा था। सुबह में शौच के लिए अतौआ गांव की ओर गया था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । इकलौते पुत्र की मौत से उसके माता-पिता पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री के साथ पत्नी को छोड़ गया है।

बेगूसराय में 2 मार्च को प्रधानमंत्री की प्रस्तावित आमसभा को लेकर बरौनी ग्रामीण मंडल पश्चिम की बैठक हुई

बरौनी/ बेगूसराय। बेगूसराय के उलाव आज हवाई अड्डे पर 2 मार्च को प्रधानमंत्री की प्रस्तावित आमसभा को लेकर आज दिनांक 27 /2 /2024 को बरौनी प्रखंड परिसर स्थित नीरज भवन में बरौनी ग्रामीण मंडल पश्चिम की बैठक आहूत की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कुमार राजा एवं संचालन अमरदीप सुमन ने कि। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि हर घर जनसंपर्क अभियान के तहत सभी पंचायत में शक्ति केंद्र एवं बूथ तक देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र भाई मोदी जी की जो लाभ योजना है ,उनको दर्शाते हुए मोदी जी के लिए आशीर्वाद लेने वो हर घर जाकर मोदी जी के सभा में शिरकत करने की अनुरोध करेंगे, बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व एमएलसी रजनीश कुमार ने कहा कि पूरे देश में सभी वर्गों के लोगों ने मोदी जी की कार्य योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, खास कर देश के युवा वर्ग रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़े है । वहीं जिला प्रवक्ता मुकेश राय ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का बेगूसराय की धरती पर हम बेगूसराय वासी दिल की गहराइयों से अभिनंदन एवं स्वागत करेंगे। 2 मार्च को लाखों - लाख की संख्या में युवा, महिला, किसान, नौजवान, प्रधानमंत्री के स्वागत में खड़े रहेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता केशव शांडिल्य, भाजपा नेत्री आभा सिंह, रविंद्र कुमार,जय प्रकाश यादव, विवेक कुमार, अशोक कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार, सुवोध कुमार, रामानुज कुमार, शशि कुमार, नितिन कुमार सिंह, रजनीश कुमार, रामाशीष सिंह, रमण झा, गौतम झा,नंदकिशोर पोद्दार, धनश्याम पोद्दार, शंकर सिंह, दिलीप सिंह, प्रियक सिंह, सिन्धु कुमारी,रीना देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अपग्रेड थाना बनने से विधि व्यवस्था दुरुस्त एवं अपराधियों पर लगेगी लगाम - डीएसपी

अपग्रेड धमौल थाना का डीएसपी कल्याण आनंद ने किया उद्घाटन

निज संवाददाता। **नवादा**

जिले के छह ओपी अपग्रेड होकर थाना के रूप में कार्य करने लगा है। मंगलवार को सभी थाना का विधिवत उद्घाटन किया गया। इसी कड़ी में धमौल थाना में एक समारोह आयोजित कर थाना का विधिवत उद्घाटन डीएसपी मुख्यालय कल्याण आनंद ने किया। उन्होंने फीता काटकर उद्घाटन किया। डीएसपी मुख्यालय का कल्याण आनंद ने कहा की थाना अपग्रेड होने से क्षेत्र में विधि व्यवस्था दुरुस्त होगी एवं अपराधियों एवं माफियाओं पर लगाम लगेगी। इस दौरान पुलिस निरीक्षक सुरेश राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार, राजस्व अधिकारी राजेश सिन्हा, धमौल थानाध्यक्ष संतोष कुमार, चंद्रदीप थानाध्यक्ष राजेंद्र साह, एसआई इंद्रमल मांझी, एएसआई दिनेश पासवान, रामसागर पंडित, रामेश्वर उरांव, पीटीसी सुनील भगत सहित थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद आए तमाम अतिथियों का स्वागत स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने किया। स्थानीय सरपंच इंद्रजीत सिन्हा ने मुख्यालय डीएसपी कल्याण आनंद को बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया। इसके बाद मुखिया रामरूप यादव, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र सिंह, ढोढ़ा मुखिया प्रतिनिधि चंद्रमा यादव, गुलनी मुखिया मनोज चौरसिया, समाजसेवी कमरूलवारी, सतीश अग्रवाल, जयराम यादव आदि द्वारा बारी-बारी से सभी अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डीएसपी मुख्यालय श्री आनंद ने कहा कि आज से धमौल ओपी थाना बन गया है। थाना बनने पर आप लोगों को भी काफी मदद मिलेगा। अब यहीं से एफआईआर रजिस्टर्ड होगा। तीन जिले का बॉर्डर होने के कारण यह काफी संवेदनशील माना जाता है। थाना बन जाने से क्राइम कंट्रोल करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस अच्छा काम तभी कर सकती है, जब जनता का सहयोग मिले। उन्होंने कार्यक्रम में प्यार व सम्मान के लिए लोगों का आभार जताया। बीडीओ नीरज कुमार ने धमौल ओपी को थाना बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह धमौल क्षेत्र के विकास में एक अहम कड़ी साबित होगा। धमौल के लोग आगे आकर धमौल को प्रखंड बनाने की दिशा में प्रयास करें। धमौल प्रखंड बनने की सभी अहर्ता रखता है। उन्होंने रामधारी सिंह दिनकर की एक पंक्ति से लोगों में जोश भरते हुए कहा - "सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए; मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही, हो कहीं भी आग लेकिन आग जलनी चाहिए।" समारोह में धमौल ओपी बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले धमौल के अशोक कुमार पांडेय, पूर्व उप प्रमुख गजाधर यादव, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर यादव, फोशन यादव, मो. अफजल हुसैन, रामचंद्र यादव उर्फ रामू यादव, मो. जैनुल आब्दीन, समाजसेवी देवेंद्र पंडित आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर शिक्षाविद सलमान खुर्शीद, पूर्व मुखिया डॉ. अरुण कुमार, धर्मजीत कुमार सिन्हा, विश्वनाथ कुमार, दिनेश साव, बीरेंद्र गुप्ता, बिनोद साव, विक्की कुमार, कैलाश चौधरी, सरपंच धर्मेंद्र यादव, उप सरपंच सुरेश रविदास सहित अन्य थे।

आग से बचाव के लिए लोगों को किया जागरूक

निज संवाददाता। **नारदीगंज**

अग्निशमन विभाग के सौजन्य से मंगलवार को नारदीगंज पंचायत के विभिन्न गांवों में आग से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अब्दलपुर व नारदीगंज बाजार अनुसूचित टोला में आग से बचाव की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर अग्निशमन विभाग के वाहन चालक दीपक कुमार सिंह, जवान अरविंद कुमार व अनुज कुमार के अलावा सरपंच प्रवेश रविदास ने लोगों को आग लगने पर सुरक्षित रहने व आग से बचाव की जानकारी दी। कहा कि गैस सिलेंडर का काम होने पर रेगुलेटर बंद रखे,भोजन बनते समय आप गैस सिलेंडर के समीप किचेन में दस लीटर पानी रखे,सूती कपडे पहन कर भोजन बनाने की बात कही। वही जुट का बोरा,कम्बल भी नजदीक में रखें, खिड़की खोलकर खाना बनाने चाहिए। सिलेंडर लेते वक्त उसका एक्सपायरी अवश्य देखें। शरीर मे आग लगने पर सीधा लेट जाइये,और भूमि पर पलटना चाहिए, इस वक्त धैर्य व हिम्मत से कार्य कीजिये।

घटना होने पर आप 101 और 112 नम्बर को डायल कीजिए, ताकि आपको समय पर पुलिस प्रशासन समेत अन्य विभाग की मदद हो सके,इसके अलावा अन्य तरीकों को बताया गया। कहा कि प्रत्येक मंगलवार को नारदीगंज प्रखंड के दो जगहों पर यह कार्यक्रम चलाया जाता है। आप आसपास के लोगों को भी आग से बचाव की जानकारी देकर जागरूक करें।

एल डी एम की समीक्षात्मक बैठक

निज संवाददाता। **छौराही बेगूसराय**

छोराही प्रखंड सभागार में मंगलवार को अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को एल डी एम की समीक्षात्मक बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी से विस्तार से क्षेत्र में विकास कार्यों की समीक्षा की गई। जानकारी देते प्रबंधक मिश्रा ने बताया कि बैठक में जिला एवं प्रखंड का प्लान की समीक्षा होती है जिस कार्ड जो में गैप होता है उसकी प्राप्ति के लिए एडवाइस किया जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यों में तेजी लाने को लेकर सभी विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। बैठक में डी डी एम नाबार्ड राखी कुमारी सहायक प्रबंधक दिव्य प्रकाश यूको बैंक छौराही शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार गुंजन जीविका के बृजेश कुमार राम विनोद कुमार उपस्थित थे।

बालू माफियाओं का कहर जारी,बालू लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइकसवार को धक्का देकर हुआ फरार

निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र में बालू माफियाओं के कहर बेरोकटोक जारी है।जिसका खामियाजा हमेशा राहगीरों को उठाना पड़ता है।बीते रात्रि जोगियामारण पंचायत के सतगीर गांव में आयोजित साले की शादी के बहुभोज में शामिल होने जा रहे मोटरसाइकिल पर सवार रहे एवं युवक व एक बच्चे को जोरदार धक्का मारकर फरार हो गया।वहीं घायल द्वारा मोबाइल से अपने परिजनों की सूचना देने के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे।परिजनों द्वारा आनन-फानन में टोटो वाहन से अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया।जहां ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. राघवेन्द्र भारती ने घायल व्यक्ति का प्राथमिक इलाज किया।चिकित्सक ने कहा कि घायल व्यक्ति की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के पचरुखी गांव निवासी मुंशी चौधरी के पुत्र राजेश चौधरी के रूप में हुई है।चिकित्सक ने कहा कि घायल के दाहिने हाथ एवं दाढ़ी में गम्भीर चोटे आई है।घायल व्यक्ति के इलाज के बाद जरूरी सुई व दवाइयां दी गई है।वहीं सतगीर गांव निवासी सुनील चौधरी ने कहा कि घायल व्यक्ति मेरे जीजा हैं,जो सतगीर बहुभोज में शामिल होने रजौली की तरफ से आ रहे थे।इसी बीच पीछे से आ रही बालू लदे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे मोटरसाइकिल पर सवार रहे जीजा एवं एक भांजा सड़क के दूसरी ओर गड्ढ़े में जा गिरी।जिसके कारण मोटरसाइकिल चला रहे जीजा गम्भीर रूप से घायल हो गए।वहीं भांजा को थोड़ी बहुत चोटे आई है।साथ ही कहा कि दुर्घटना के बाद मोटरसाइकिल होंडा शाइन एसपी बुरी तरह क्षतिग्रस्त भी हो गया है।इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना की जानकारी नहीं है।यदि घायल द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त होता है,तो पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई करेगी।

सपही से बुढ़ियासाख के रास्ते शराब की खेंप पहुंचाने वाला धंधेबाज चढ़ा उत्पाद विभाग के हत्थे

निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत के बुढ़ियासाख गांव के जंगली रास्तों से शराब की खेंप ले जाने वाला शराब धंधेबाज को उत्पाद एसआई सन्नी कुमार ने गिरफ्तार किया।मौके से 105 लीटर चुलाई शराब एवं एक मोटरसाइकिल को जब्त किया गया है।वहीं बिहार मद्दनिषेध के सफल क्रियान्वयन को लेकर चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी पर एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है।उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि जांच चौकी के अलावे आसपास के क्षेत्रों में शराब निर्माण,परिवहन,बिक्री,सेवन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान भी चलाई जा रही है।इसी दौरान कुछ दिनों से गुप्त सूचना मिल रही थी कि झारखण्ड से सवैयाटांड़ एवं बुढ़ियासाख के जंगली सड़कों से शराब की बड़ी खेंप रजौली के अलावे विभिन्न थाना क्षेत्रों में क़ी जाती है।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर उत्पाद एसआई सन्नी कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई।इस दौरान बिना रजिस्ट्रेशन संख्या के एक मोटरसाइकिल होंडा शाइन एसपी पर लदे कुल 105 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया।साथ ही एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान नगरवातरी गांव के हाथोचक टोला निवासी स्व हरि प्रसाद यादव के 19 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है।जब्त शराब को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं गिरफ्तार शराब धंधेबाज नीतीश कुमार को मंगलवार को स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।उत्पाद एसआई ने कहा कि शराब पीकर विभिन्न वाहनों से बिहार प्रवेश करने वाले 11 लोगों को भी हिरासत में लिया गया है।जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।जांच एवं छापेमारी के मौके पर उत्पाद सिपाही एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

थाना में पहले दिन 11 शस्त्रों का किया गया भौतिक सत्यापन

निज संवाददाता। **रजौली**

होली एवं लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाना परिसर के प्रांगण में मंगलवार को थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमात के नेतृत्व में शिविर आयोजित कर अनुज्ञप्ति धारी शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया गया।इस दौरान शस्त्र सत्यापन के प्रथम दिन 11 शस्त्र धारियों के अनुज्ञप्ति एवं शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया गया।इसमें राइफल,पिस्टल एवं बंदूक आदि शस्त्र शामिल है।लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करवाया जा रहा है। जिला से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार थाना परिसर में तीन दिवसीय शस्त्र सत्यापन का तिथि निर्धारित किया गया है।बताया कि शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा प्रपत्र के आधार पर डाटाबेस को तैयार करना है।निर्धारित तिथि तक प्रपत्र नहीं भरने वाले अनुज्ञप्तिधारियों का डाटा बेस तैयार नहीं हो सकेगा और 29 फरवरी के बाद ओ प्रविष्ट अनुज्ञप्ति अवैध माने जाएंगे। मौके पर थाने में पदस्थापित पीटीसी अमित कुमार के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर पंचायत भवन पर लगा शिविर

निज संवाददाता। **बेगुसराय**

आयुष्मान कार्ड योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है. इस योजना को भारत सरकार ने 23 सितंबर 2018 को देश के गरीबों के जन कल्याणार्थ पूरे देश में लागू किया. इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए साल में पांच लाख रुपए का मुफ्त इलाज कराने का प्रावधान है. उक्त बातें प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर पंचायत भवन पर आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर एक दिवसीय शिविर के आयोजन की अध्यक्षता करते हुए पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अभिषेक कुमार उर्फ बमबम सिंह ने कही. उन्होंने कहा इस योजना के तहत 13 हजार पांच सौ 93 बीमारियों की इलाज 05 लाख रुपए तक मुफ्त में करवाने की यह कार्ड गारंटी देती है. इस योजना का लाभ पाने के लिए खुद का स्थाई पता, मोबाइल नंबर, राशनकार्ड एवं स्वयं तथा परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड आवश्यक हैं.

डीएसपी ने किया फिता काट कर छौराही थाना का उद्घाटन

निज संवाददाता। **छौराही बेगूसराय**

छोराही प्रखंड परिसर में थाना का दर्जा मिलने पर मंझौल डीएसपी श्याम किशोर रंजन जिला पार्षद प्रेमलता कुमारी सहुरी पंचायत मुखिया रामसेवक पासवान पुलिस इंस्पेक्टर निगम कुमार वर्मा के संयुक्त कर कमल के द्वारा खेत काटकर मंगलवार को उद्घाटन किया गया। जानकारी देते डीएसपी श्रीरंजन ने बताया कि थाना का दर्जा मिलने से यहां के आम अवाम को परेशानी से निजात मिलेगा साथ ही पुलिस प्रशासन को भी परेशानी से निजात मिल है खुदाबांदपुर जाकर मामला दर्ज करवाना पड़ता था अब आज से थाना का दर्जा मिलने पर छौराही थाना में मामला दर्ज किया जाएगा। मौके पर एस आई अरुण कुमार सिंग सिंह, दिनेश सिंह , संजय मिश्रा दिवाकर सिंह मुखिया पंकज दास राम प्रीति ठाकुर, रोहित पासवान, समाजसेवी संजय कुमार शेख़फुल हसन,अनिल कुमार, चंदन कुमार सिंह, विकास राय, शिव शंकर राय, डॉक्टर निगम कुमार , मोहम्मद अहमद हुसैन मंसूरी समेत क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि समाजसेवी उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में घायल का इलाज के दौरान मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

निज संवाददाता। **तेघड़ा बेगूसराय**

पिछले दिन तेघड़ा एन एच 28 अयोध्या चोक पर एक व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से गभीर रूप से घायल हो गए। उसे तुरंत इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया,मगर गंभीर स्थिति देखतेहुए उसे पटना रेफर किया गया। इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। लाश आते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने अयोध्या एन एच 28 सड़क को लाश रख कर मुआवजा की राशिः हेतु सड़क जाम करदिया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अमलेश कुमार एवम बीडीओ राकेश कुमार ने घटना स्थल पर पहुचकर सहायता राशि देने का आश्वासन दे लोगो को समझा बुझा कर सड़क जाम को हटाया एवम लाश को पोस्टमार्टम हेतु बेगुसराय भेज दिया। मृतक अयोध्या ग्राम के अनूप दास के 50 वर्षीय पुत्र रमेश दास था।

आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, प्रशासन पुलिस सहित समाजसेवी के समझाने के बाद हटाया गया सड़क से जाम

सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास के राजपुर थाना में चौक के पास डंपर के धक्के से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। दूसरे का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा कि दोनों युवक आपस में फुफेरे भाई हैं, जिसमें एक की जान जा चुकी है। मृतक की पहचान राजपुर के मोनू कुमार के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मंगलवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। राजपुर थानाध्यक्ष शशिभूषण ने बताया कि घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने कुछ देर के सड़क जाम कर दिया, लेकिन प्रशासन पुलिस सहित समाजसेवी के समझाने के बाद सड़क से जाम हटाया गया। युवक के भाई ने बताया कि राजपुर थाना क्षेत्र के राजपुर चौक के पास डंपर के टक्कर से बाइक सवार मोनू कुमार की मौत हो गई, जबकि उसका मौसेरे भाई को घायल हालत में सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। उसने बताया कि शादी में लाइटिंग का काम करते हैं, देर रात लौटने के क्रम में दुर्घटना हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने डंपर जब्त कर ली है, लेकिन चालक फरार है।

ट्रैक्टर के इंजन पलटने से चालक की मौत

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। कैमूर के भभुआ थाना क्षेत्र के मनिहारी गांव के पास ट्रैक्टर टाली से सामान उतारने के दौरान एक ट्रैक्टर का इंजन पलट गया। इससे गाड़ी चालक की ट्रैक्टर इंजन के नीचे दब कर मौत हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जहां पुलिस पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल भभुआ में करा शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया गया कि ट्रैक्टर की बड़ी टॉली पर गिट्टी लदा हुआ था। गिट्टी उतारने के दौरान इंजन और ट्रैक्टर के बीच को जोड़ने वाला बिच का गुल्ला टूट जाने से ट्रैक्टर का इंजन पलट गया। इसमें चालक की दब कर मौत हो गई। चालक चैनपुर थाना क्षेत्र के टेनौरा गांव निवासी बद्दू राम का बेटा लल्लू राम(22) बताया गया है। जो कई दिनों से उत्तर प्रदेश के चकिया निवासी भोला सिंह के ट्रैक्टर पर चालक का काम करता था।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश के अहिरौरा से गिट्टी लोड कर भभुआ थाना क्षेत्र के मनिहारी गांव के बिल्डिंग मटेरियल दुकान पर गिट्टी गिरा रहा था। उसी समय ट्राली और इंजन के बीच का गुल्ला टूट जाने से ट्रैक्टर का इंजन पलट गया। इसमें दबाकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची भभुआ थाना पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक लल्लू राम अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था। इसकी आगामी मई माह में शादी होने वाली थी। इस हादसे के बाद मृतक के बाद भाई पिंटू, अंतू, और नारायण राम तथा माता मुन्नी देवी और पिता बददू राम की रो-रो कर बुरा हाल है।

हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता

अरवल। अरवल में बचपन के साथी ने दूसरे दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी। पत्नी का दोस्त के साथ अवैध संबंध से नाराज आरोपी ने शनिवार घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पत्नी(36) को पहले ही पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। घटना परासी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव का है। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवानपुर गांव में अजय यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपी अनिल चंद्रवंशी(40) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मृतक अजय यादव(40) और आरोपी अनिल चंद्रवंशी दोनों बचपन के साथी थे। दोनों एक साथ पढ़ाई करते थे। इसके बाद हमेशा दोनों साथ में रहते थे। आए दिन दोनों एक दूसरे के घर आते-जाते भी थे। तभी मृतक की नजदीकियां आरोपी अनिल की पत्नी गीता देवी के साथ बढ़ने लगी। इसके बाद दोनों के बीच अवैध संबंध हुआ। इसकी जानकारी आरोपी को लग गई। इसके बाद से ही आरोपी हत्या की साजिश रचने लगा। मृतक को शक न हो इसके लिए उसने उसका साथ नहीं छोड़ा। पल-पल की जानकारी अपने पास रखने लगा। इसी बीच शनिवार की सुबह दोनों दोस्त एक साथ टहलने निकले थे। जहां आरोपी अनिल ने अजय यादव को गोली मार दी। इसी दौरान अजय यादव बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। यहां डॉक्टर से उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर ने बताया कि घटना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। इसके बाद टीम ने छापेमारी कर जहानाबाद के कनपा ओपी क्षेत्र के गोनसा गांव से आरोपी को पकड़ा है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि घटनास्थल से 200 मीटर की दूरी पर उसने घटना में प्रयुक्त किया हथियार छुपाया था। घटना को अंजाम देने के बाद हथियार छुपाकर सोन नदी किनारे से सोहसा, राज खरसा के रास्ते कोयल भूपत जैसे जगह पर खेत में आश्रय लिया था। इसके बाद जहानाबाद फरार हो गया था।

सड़क दुर्घटना में केक व्यवसायी की मौत

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। कोचस थाना क्षेत्र में धर्मावती नदी के पास तेज रफ्तार ट्रक और बुलेट में टक्कर होने से केक व्यवसायी की मौत हो गई है। थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर धर्मावती नदी के पास एक ढाबा के सामने की है। घटना के बाद ट्रक को लेकर चालक फरार हो गया है। मृतक की पहचान सेमरिया गांव के निवासी स्वर्गीय जनार्दन सिंह का 24 साल का बेटा रामबाबू सिंह के रूप में की गई है। मृतक युवक के परिजन ने बताया कि बाइक पर वह घर लौट रहा था। इस दौरान सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। वह केक का व्यापार करता था।

जिले के दो अलग-अलग जगहों पर आपसी झड़प में तीन महिलाएं समेत पांच घायल

निज संवाददाता

अरवल। सदर थाना क्षेत्र के मुरादपुर हुजरा गांव में पिता पुत्र की आपसी झड़प हो गई झड़प में दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार पिता सुरेश और पुत्र मंटू कुमार दोनों आपसी विवाद को लेकर आपस में तो तू तू मैं मैं कर रहे थे। लेकिन देखते ही देखते मामला इतना बड़ा की पिता पुत्र एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए और एक दूसरे पर हमला कर दिया। रिश्ते के तार तार करने वाले इस घटना में घायल पुत्र को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया वहीं पिता को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया फिलहाल दोनों की स्थिति सामान्य है। इस मामले में पुलिस को जानकारी दे दी गई है। वहीं जमीन विवाद को लेकर दूसरी घटना कुर्था थाना क्षेत्र के सूर्यपुर गांव में हुई जहां तीन महिलाएं आपस में उलझ गई। तीनों के बीच हुई मारपीट में सभी महिलाएं घायल हो गई इसके बाद तीनों महिलाओं को इलाज के लिए कुर्था प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार रूबी देवी, ममता कुमारी और प्रतिमा देवी घायल हुई है। सभी घायलों को इलाज करा कर उन्हें वापस घर लौटा दिया गया वहीं कुर्था थाना में मामले की जानकारी दी गई। जिसके बाद पीड़ित के द्वारा दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कराया गया।

हथियार के बल पर पशु व्यवसायी से सात लाख रूपए की लूट

निज संवाददाता

जहानाबाद। अरवल सड़क मार्ग पर राजा बाजार के पास हथियार के बल पर पशु व्यवसायी से 7 लाख रूपए लूट लिया गया। राजा प्रसाद ने बताया कि नालंदा जिले से पिकअप में मंगला हाट पशु खरीदने के लिए जा रहे थे। जैसे ही नगर थाना क्षेत्र के बभना गांव के पास पहुंचे दो बाइक पर आए चार अपराधियों ने पिस्टल से डराकर पैसे लूट लिए। एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि लूट की सूचना मिली है। नगर थाना में लिखित आवेदन के बाद जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है। अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि घटना के बारे में सुनकर यही लग रहा है कि अपराधी को पहले से सूचना मिली हुई थी। वह लोग इनका पीछा कर रहे थे और मौका देखकर घटना को अंजाम दिया है। जो भी हो सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट पता चल पाएगा।

कार्यालय नगर परिषद, बिश्रामपुर।

Email Id nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

Corrigendum-I

नगर परिषद, बिश्रामपुर क्षेत्रांतर्गत प्रकाशित विज्ञापन सं0 PR 320138 (District) 23-24 (D) के निविदा में क्र0सं0 08 (Tender Id- 2024_UDD_83970_1) को इस प्रकार संशोधित पढ़ा जाए। जो निम्न है :–

SL.	WARD NO.	REFERENCE NO.	SCHEME NAME	ESTIMATE COST	EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST)	TENDER FEE (GST 18% Incuded)	COMPLETION OF WORK
15 वें वित्त आयोग मद							
8	1	UDD/NPB/44/2023-24	Construction of P.C.C. Road on Kaccha Road from the Prajapati Tola to Jagarua Syan via Bhalhi and House of Binod Tiwari.	7017200.00	140344.00	11800.00	90 Days

1. नियम एवं शर्त के क्र0सं0 02 में ''निविदा के साथ समुचित श्रेणी में निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर (ITR Last 3 AY) प्रमाण–पत्र, अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत), अद्यतन GSTN Return (Last Quarter or Last 03 Month) & GST Registration Certificate प्रस्तुत करनी होगी एवं पिछले तीन वर्षों का CA Certified Copy UDIN के साथ Balance sheet & P/L संलग्न करना अनिवार्य'' पढ़ा जाए।
2. नियम एवं शर्त के क्र0सं0 11 संवेदक निविदा में BOQ के साथ कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र जिसका भुगतान प्रमाण पत्र 75% को 50% पढ़ा जाए।

उपर्युक्त संशोधन के अतिरिक्त शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगें। PR 320437 District(23-24)D

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बिश्रामपुर।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार

सूचना

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांकः–09-3-2024

व्यवहार न्यायालय, लातेहार में निःशुल्क, सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए

विदित हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रॉची के निर्देशन में **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार** के द्वारा **दिनांक 09.3.2024** दिन शनिवार समय 11.00 बजे पूर्वाहन से **व्यवहार न्यायालय, लातेहार के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत** का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित मामलों का निशपादन किया जाएगा। आप सभी आमजनों से अनुरोध है कि **दिनांक 09.1.2024** से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अंतर्गत विभिन्न बेंचों द्वारा शुरू किए गए **"पूर्वराष्ट्रीय लोक अदालत कॉन्सिलिएशन बैठक"** में अपने मामलों का निष्पादन हेतु स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सूचीबद्ध करा सकते है, जिस से आपके मामलों का निष्पादन दिनांक **09.3.2024** को **राष्ट्रीय लोकअदालत** में हो सके।

उक्त् **राष्ट्रीय लोक अदालत** में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निश्पादन किया जायेगा।

1. सभी प्रकार के दीवानी मामले	9. विद्युत विभाग से संबंधित मामले
2. सुलहनीय अपराधिक मामले	10. वन विभाग से संबंधित मामले
3. बैंक सर्टिफिकेट केस	11. मापतौल विभाग से संबंधित मामले
4. वैवाहिक पारिवारिक मामले	12. चेक बाउन्स से संबंधित मामले
5. श्रम संबंधित मामले	13. विवाद पूर्वनिस्तारण योग्य मामले
6. भू–अधिग्रहण से संबंधित मामले	14. उत्पाद विभाग के मामले
7. राजस्व संबंधित मामले	15. अंतिम प्रपत्र से संबंधित वाद
8. वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले	16. उपभोक्ता फोरम से संबंधित मामले एवं अन्य सुलहनीय मामले

अतः सामान्य जनता एवं समस्त वाद कारीगण एवं संबंधित पक्षकारों से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से संबंधित वादों को उक्तराष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित कराकर लाभ उठावे तथा इसे सफल बनायें ।

(अंजनी अंजन) पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार।

(गरिमा सिंह) उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह–अध्यक्ष, लातेहार।

(अखिल कुमार) प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश– जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार।

नोटः–उक्त **राष्ट्रीय लोक अदालत** के संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायालय परिसर, लातेहार में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के कार्यालय में उपस्थित होकर या दूरभाष सं0 8987736366 से सम्पर्क कर सकते हैं।

निवेदक **(स्वाति विजय उपाध्याय)** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार।

PR 320496 (Judicial Academy Jharkhand) 23-24 (D)

राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता में रेलवे से सम्बद्ध स्थायी संसदीय समिति की पूमरे के महाप्रबंधक के साथ बैठक

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता में रेलवे से सम्बद्ध स्थायी संसदीय समिति और पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश के बीच पटना में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे से सम्बद्ध स्थायी संसदीय समिति के सदस्य सांसद कौशलेन्द्र कुमार, सांसद नरहरि अमीन, माननीय सांसद अजित कुमार भुइंया, माननीय सांसद खीरू महतो एवं माननीय सांसद डॉ0 प्रशांत नंदा भी उपस्थित थे। बैठक में पूर्व मध्य रेल में यात्री सुविधा के विकास सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की की गई।

बैठक के प्रारम्भ में महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सांसद एवं रेलवे से सम्बद्ध स्थायी संसदीय समिति के अध्यक्ष राधामोहन सिंह एवं उपस्थित सासंदों का स्वागत किया। बैठक के दौरान पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं जैसे फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्मों का उच्चीकरण, प्लेटफार्म शेड का निर्माण, स्टेशनों पर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने सहित अन्य कई विषयों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही अमान परिवर्तन, दोहरीकरण, नई लाइन सहित विभिन्न निर्माण परियोजनाओं पर भी विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया। बैठक में रेलवे के डिजिटलीकरण पर विशेष रूप से बल दिया गया। बैठक में रेलवे की ओर से मुख्यालय एवं निर्माण विभाग के उच्चाधिकारीगण के साथ ही रेलटेल, आईआरसीटीसी, क्रिस, आरभीएनएल एवं केआरसीएल के उच्चाधिकारीण भी उपस्थित थे।

महाप्रबंधक द्वारा बरौनी जं. का किया गया निरीक्षण

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा कल 26 फरवरी को बरौनी जं. का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बरौनी जं. के प्लेटफॉर्म पर साफ-सफाई का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ड्यूटी पर उपस्थित रेलकर्मियों से संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के संबंध में पूछताछ की तथा आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद तथा मुख्यालय के उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर रंगोली बना किया मतदाताओं को जागरूक

निज संवाददाता

अरवल। लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए मतदाताओं को जागरूक करने की प्रक्रिया कुर्था प्रखंड क्षेत्र में शुरू हो गई है। इसके तहत जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत वहां रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। बाल विकास पदाधिकारी शिप्रा वर्मा ने बताया कि इसका आयोजन विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर किया गया। वही उन्होंने ने बताया कि पोषक क्षेत्र की किशोरियों एवं महिलाओं को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया। इस दौरान उन्हें मतदान के बारे में बताया गया तो उन्हें उनके अधिकार से भी अवगत कराया गया। इस क्रम में महिलाओं ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर छोड़ो घर का सारा काम, पहले चलो करें मतदान जैसे स्लोगन लिखकर रंगोली बनाया और मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा ताकि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। रंगोली प्रतियोगिताओं में किशोरी एवं महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। इस क्रम में मतदाता जागरूकता के बारे में भी बताया जा रहा है।

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– संख्या– DE/ZP/Palamu 10/2023-24

1	विज्ञापन दाता का नाम	:–	जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2	Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि	:–	दिनांक 29.02.2024 (पूर्वाहन 10:00 बजे)
3	ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि	:–	दिनांक 29.02.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 07.03.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
4	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:–	दिनांक 09.03.2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
5	निविदा खोलने का स्थान	:–	कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6	कार्य की विस्तृत विवरणी	:–	

क्र0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0
1	2	3	4	5	6	7	8
1	मेदिनीनगर	कार्यालय जिला परिषद, पलामू के नये भवन परिसर का चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य।	2493500.00	50000.00	5000.00	03 माह	01/2023-24 DE/ZP/PALAMU

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

PR 320541 District(23-24)#D

कार्यालय नगर पंचायत छत्तरपुर (पलामू)

अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–NPC-NIT-25/2023-24

1. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छत्तरपुर (पलामू)।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनाक–28.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक– 07.03.2024 एवं समयः 5.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय, नगर पंचायत, छतरपुर के कार्यालय वेश्म, छत्तरपुर /09.03.2024/02.00 बजे अपराह्न।
5. निविदा प्रकोष्ठ का मोबाईल संख्या :– 7004032340, 6202337124
6. कार्य मद :– क्षमता संर्वधन मद

क्रं सं	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	निविदा शुल्क (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Renovation of Vivah Mandap in Mashihani to Devlope as a office of the Nagar Panchayat, Chhattarpur in ward No. 07	24,12,335.00	10,000.00	48,250.00	45 Days
2.	Renovation of Building to Develop as a office of the Nagar Panchayat, chhattarpur in ward No. 07	18,22,744.00	10,000.00	36,460.00	45 Days

नोटः–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयॉ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, छतरपुर।

PR.NO.320400 District(23-24):D

संक्षिप्त समाचार

नक्सली पर्चा चिपकाने वाला औरंगाबाद से गिरफ्तार

गया। गया पुलिस ने गुरुआ प्रखंड के गांवों में नक्सली पर्चा चिपकाने वाले को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे औरंगाबाद के सलैया थाना क्षेत्र से 15 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि औरंगाबाद के गांवों में भी नक्सली पर्चा चिपकाने का मामला पकड़े गए आरोपी सुनील यादव के खिलाफ दर्ज है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि बीते दिनों गुरुआ के नगमा पंचायत जय नगर स्कूल और जोगिया के पानी टंकी पर नक्सली पर्चा चिपकाया गया था। पर्चे में नक्सली द्वारा प्रतिबंधित की गई जमीन की खरीद बिक्री करने वालों को धमकाया गया था। इस बात से आम लोगों के बीच भय का माहौल उत्पन्न हो गया था। इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए केस दर्ज किया गया है। साथ ही एक विशेष टीम गठित की गई। टीम में दो थानों की पुलिस को शामिल किया गया है। जांच-पड़ताल शुरू की तो सुनील यादव का नाम सामने आया है। पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि सुनील ने ही नक्सली पर्चा चस्पा कराया है। इस पर पुलिस ने उसे औरंगाबाद के सलैया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।पकड़े गए आरोपी ने अपना अपराध कबूल किया है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया नक्सली पूर्व में नक्सली गतिविधियों में शामिल रहा है। वह 2019 में जेल भी जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच चल रही है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पूछताछ में आरोपी ने यह भी स्वीकार किया है कि पूर्व में भी गया जिले में उसके द्वारा नक्सली पर्चा चस्पा किया गया था।

नकाबपोश बदमाशों ने घर वालों को बंधक बना पैसे और जेवरात लूटे, दो गिरफ्तार

नालंदा। सोनारू गांव में नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने घर में घुसकर तथा परिवारवालों को बंधक बनाकर तीस हजार रुपए नकद व करीब लाख रुपए के जेवरात लूट लिए। घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की संख्या छह थी, जिसमें ज्यादातर लोग नाबालिग थे। इस संबंध में घर मालिक हरेंद्र कुमार ने थाने में बदमाशों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बताया जाता है कि पीड़ित घर मालिक हरेंद्र कुमार मूल रूप से नालंदा जिले के करायपरशुराय थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सोनारू मिडिल स्कूल के पास नया मकान बनाकर सपरिवार रहते हैं। रविवार की रात घर की बाउंड्री फांदकर सभी बदमाश घर में घुस गए और हथियार के बल पर मारपीट कर परिवार वालों को एक कमरे में बंधक बना लिया। इसके बाद लूटपाट करनी शुरू कर दी। विरोध किए जाने पर एक अपराधी ने घर मालिक हरेंद्र कुमार की प ी जागृती कुमारी को मारपीट कर जख्मी भी कर दिया जिसका इलाज पुलिस ने सीएचसी में कराया। बदमाशों ने तीस हजार नकद व जेवरात लूट लिए। इसके बाद सभी उसी रास्ते से फरार हो गए। जानकारी होते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस ने आसपास के इलाके में छापेमारी करते हुए दो लड़कों को गिरफ्तार कर लिया तथा पूछताछ की। पूछताछ में कुछ और नाम सामने आए। थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि निशानदेही पर आगे की कार्रवाई करने में पुलिस जुटी है।

दो अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तेहार

परवलपुर। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्त के घर पुलिस ने रविवार शाम में इश्तेहार चिपकाया है। जेएसआई राहुल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कतरू बिगहा गांव निवासी अभियुक्त भोला राम पिता कारू राम और शंकर डीह गांव निवासी ओंकार कुमार के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि भोला राम पर दहेज हत्या और ओंकार कुमार पर दुष्कर्म का आरोप है। न्यायालय से वारंट निर्गत होने के बाद भी दोनों फरार चल रहा था।

गाजे-बाजे के साथ निकाला प्रतिमा विसर्जन जुलूस

परवलपुर। गाजे बाजे के साथ सोमवार को संत रविदास की प्रतिमा विसर्जन के लिए जुलूस निकाला गया। जुलूस में काफी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। जुलूस में शामिल लोग नारे लगाते बाजार का भ्रमण कर डाकबंगला तक गये। आयोजनकर्ता पप्पू रविदास ने बताया कि बीते तीस वर्षों से माघ पूर्णिमा के अवसर पर धूमधाम से संत रैदास की जयंती मनाई जा रही है। पूजा एवं विसर्जन के दौरान कई समाज के लोग भाग लेते हैं। गदाईचक सूर्य मंदिर नदी घाट में प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए शादीशुदा टीचर प्रेमी-प्रेमिका

नालंदा। नालंदा में सोमवार को अपने घर में पति ने शिक्षिका पत्नी को उसके टीचर प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। इसके बाद पति ने आसपास के लोगों को बुलाया और प्रेमी शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रेमी की पत्नी भी मौके पर पहुंच गई। प्रेमी की पत्नी हाथ जोड़ अपने पति को छोड़ देने की गुहार लगाने लगी। लेकिन, किसी ने उसकी एक ना सुनी। शिक्षिका के पति ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और प्रेमी जोड़े को हिरासत में लेकर दीपनगर थाना चली गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र का है। दीपनगर थाना इंचार्ज नारद मुनि ने बताया कि महिला के पति की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शिक्षिका के पति ने बताया कि उसकी पत्नी नूरसराय प्रखंड के एक स्कूल में साइंस की टीचर है। वहीं, उसका प्रेमी भी उसी स्कूल में मैथ का शिक्षक है। दोनों के दो-दो बच्चे हैं। इनके बीच पिछले एक साल से अफेयर चल रहा है। जब मैं घर पर नहीं रहता था तो मेरी पत्नी से मिलने उसका प्रेमी आ जाता था। सोमवार को पति अचानक घर पर पहुंच गया तो पत्नी को प्रेमी के साथ बेड पर आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इसके बाद कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर पति ने आसपास के लोगों को इकट्ठा कर लिया, फिर कमरे के अंदर घुसकर प्रेमी की जमकर पिटाई कर दी। प्रेमी की पत्नी मौके पर पहुंच कर रोने लगी और पति को छोड़ देने की गुहार लगाने लगी। हालांकि, पुलिस ने पति की शिकायत पर प्रेमी जोड़े को हिरासत में ले लिया है।

स्कूटी सवार अपराधी शराब के साथ गिरफ्तार, डिक्की से मिली शराब की बोतलें, कमर पर खोंस रखी थी रिवाल्वर

गया। गया के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत रमना रोड इलाके से स्थानीय पुलिस ने एक स्कूटी सवार अपराधी को रिवाल्वर, खोखा और विदेशी शराब की बोतलों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत के रहने वाले अर्जुन प्रसाद का बेटा छोटू कुमार बताया जा रहा है। पुलिस ने इसके पास से एक देसी रिवाल्वर, 6 राउंड, तीन खोखा, दो मोबाइल फोन एक स्कूटी की डिक्की से विदेशी शराब की दो बोतलें बरामद की गई है। सिविल लाइंस थाना के पीटीसी जितेंद्र कुमार रात्रि गश्ती के लिए थाना से निकले थे। इस दौरान सिविल लाइंस थाना के थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि रामना रोड के आसपास एक लड़का संदिग्ध अवस्था में सफेद रंग के स्कूटी से घूम रहा है, जो अवैध शराब का कारोबार करता है। उक्त सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने वरीय पुलिस पदाधिकारी को इस मामले में अवगत कराया गया। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए रामना रोड के पास पीटीसी जितेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिस टीम पहुंची, तो स्कूटी सवार युवक पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। भागने के दौरान पुलिस जवानों ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम छोटू कुमार पिता स्वर्गीय अर्जुन प्रसाद भूसंडा मोड़ कुमार कॉलोनी थाना कोतवाली जिला गया का रहने वाला बताया है। पकड़े गए आरोपियों की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उसके बाएं पॉकेट से लोहे का रिवाल्वर दाहिने पॉकेट से तीन खोखा, बाएं पॉकेट से दो स्मार्ट मोबाइल फोन सहित स्कूटी की डिक्की से दो विदेशी शराब की बोतल पकड़ी गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने कोई जवाब नहीं दिया है। मामले में उसे गिरफ्तार कर सिविल लाइंस थाने में 110/24 केस दर्ज किया गया है।

ताइवानी पर्यटक पहुंचे गया जी, अपने पूर्वजों का फल्गु नदी में किया पिंडदान

कहा-श्राद्ध करने के बाद सुकून का अनुभव

निज संवाददाता। गया

ताइवान के पर्यटकों ने मोक्ष नगरी गया जी के विष्णुपद मन्दिर स्थित फल्गु नदी के किनारे आने पूर्वजों का पिंडदान किया। वे एक दिवसीय श्राद्ध के तहत यहां पिंडदान कर रहे हैं। सबसे पहले फल्गु नदी, उसके बाद विष्णुपद मन्दिर और फिर अक्षयवट के नीचे अपने पूर्वजों का पिंडदान करेंगे। ताइवान पर्यटकों के गाइड का कहना है कि पिंडदान करने वाले सभी पर्यटक बौद्ध धर्मावलम्बी हैं। ये बोधगया भगवान बुद्ध का दर्शन करने के लिए आए हैं। साथ ही में उन्होंने पिंडदान का भी कार्यक्रम पहले से तय कर रखा था। यही वजह है कि वे गया जी पिंडदान कर रहे हैं।

ताइवानी श्रद्धालु 15 सालों से आ रहे हैं यहां पिंडदान करने: ताइवानी पर्यटकों के पूर्वजों का पिंडदान करा रहे पुरोहित रंजीत लाल पाठक ने बताया कि ताइवानी श्रद्धालु अपने तीन पीढ़ियों के श्राद्ध करा रहे हैं। खास बात यह भी है कि सभी पर्यटकों को पिंडदान की महत्ता पहले से ही पता है। चाइनीज गाइड गंगाधर ने बताया कि ताइवान के पर्यटक बीते 15 सालों से आ रहे हैं और यहां पिंडदान भी कर रहे हैं।

श्राद्ध करने के बाद सुकून का अनुभवः खास बात यह भी जो यहां से पिंडदान कर जाते हैं वे बताते हैं कि गया जी में पुर्वजों का श्राद्ध करने से उन्हें बड़ा सुकून अनुभव हो रहा है। उन्होंने बताया कि सभी ताइवानी पर्यटक गया जी के बाद वाराणसी, हरिद्वार और फिर ऋषिकेश होते हुए दिल्ली जाएंगें। वहां से फिर वे अपने वतन को लौट जाएंगे। वहीं, पर्यटकों ने अपनी भाषा में बताया कि बेशक वे ताइवानी हैं पर वैदिक हिन्दू परम्परा उनकी बड़ी आस्था है। इससे जीवन मे बड़ा सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जो ताइवानी गया जी में अपने पूर्वजों का श्राद्ध कर चुके हैं। वे सुखमय और शांतिमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

गोली लगने से जख्मी युवक की मौत

निज संवाददाता। गया

गया जिला पुलिस ने फल्गु नदी में शौच करने गए युवक को गोली मारने वाले अपराधी को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरा अपराधी फरार बताया जा रहा है। पकड़ा गया अपराधी वर्ष 2022 में चोरी के आरोप में जेल भी जा चुका है। फरार चल रहे अपराधी की तलाश में पुलिस जुटी है। बता दे, गोली लगने से जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी है। गौरतलब है कि रविवार की सुबह बुनियादगंज थाना क्षेत्र के भीम नगर के रहने वाले रंजीत कुमार को फल्गु नदी के पास दो अपराधियों ने सिर में गोली मार दी थी। रंजीत नदी में शौच करने को गया था। आनन-फानन में जख्मी पड़े रंजीत को उसके परिजनों ने मगध मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। जहां से उसे पटना के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन सोमवार की दोपहर रंजीत की पटना में मौत हो गई। इधर, बुनियागंज पुलिस ने

सम्बन्धित मामले में 307/23 केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। मृतक के भाई ने दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि इस मामले का खुलासा करने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी दुलारू साव उर्फ राहुल को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी कहना है कि हत्या की वजह नदी में रंजीत और दुलारू साव के बीच टिका टिप्पणी और बकझक हुई थी। वहीं, मृतक के घर वालों कहना है कि जिस स्थान पर गोली बारी की घटना हुई है। उसी स्थान पर अवैध तरीके से एक अंकीय लॉटरी का खेल खेला जाता है।

ट्रेन से कटकर महिला की मौत, पहचान में जुटी पुलिस

राजगीर बख्तियारपुर रेलखंड पर हुई घटना

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड पर सोमवार को एक महिला की क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पावापुरी एवं माहुरी हाल्ट के बीच की है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है। दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला का शव क्षत-विक्षत हालत में बख्तियारपुर राजगीर रेल खंड के दीपनगर बाजार के पूर्व एवं दक्षिण दिशा में रेल खंड के समीप पड़ा हुआ है। इसके बाद रेल पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। हालांकि रेल पुलिस ने अपने क्षेत्र में घटना होने से इंकार की, इसके बाद दीपनगर पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया की महिला की उम्र करीब 30 से 40 साल के बीच है। आसपास के लोगों के द्वारा पता चला कि वह ट्रैक पर ही पैदल राजगीर की ओर जा रही थी। तभी बख्तियारपुर से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गई जिसके कारण उसकी मौत हो गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पहचान के लिए आसपास के थानों एवं सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। पहचान होने के उपरांत ही विस्तृत जानकारी दी जा सकती है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत ई-रिक्शा पर सवार होकर लौट रहे थे घर

सड़क पार करने के दौरान हुआ हादसा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में मंगलवार की सुबह सड़क हादसे में घायल एक अधेड़ की मौत हो गई। मामला खुदागंज थाना क्षेत्र के छबीलापुर-इस्लामपुर मुख्य मार्ग के पचरुखिया गांव के समीप की है। मृतक की पहचान खुदागंज थाना क्षेत्र के कोचरा गांव निवासी रामचंद्र रविदास के (55) वर्षीय बेटा राजा रविदास के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि राजा रविदास सोमवार की शाम इस्लामपुर बाजार से घर ई-रिक्शा पर सवार होकर लौट रहे थे।

इसी बीच पंचरुखिया के समीप ई-रिक्शा से उतरकर वह सड़क पार करने लगे, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उन लोगों को आसपास के लोगों के द्वारा घटना की जानकारी मिली। इसके बाद घायल अवस्था में राजा रविदास को इस्लामपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। निजी क्लीनिक में इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृतक खेती-बाड़ी का काम करते थे। वहीं, घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। खुदागंज थाना अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। बाजार से लौटने के दौरान हादसा हुआ है।

फाइल फोटो

अविश्वास प्रस्ताव में प्रमुख और उप प्रमुख की कुर्सी गई, कुल 16 पंचायत समिति सदस्य में से सिर्फ 9 सदस्य शामिल हुए

निज संवाददाता। गया

गया के प्रखंड कार्यालय डुमरिया स्थित किसान भवन में प्रमुख संतोष कुमार और उप प्रमुख पलीता देवी के विरोध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। इस अविश्वास प्रस्ताव में प्रमुख और उप प्रमुख की कुर्सी चली गई। बता दें कि, बीती 9 फरवरी को पारित आदेश में पिछले बैठक के अविश्वास प्रस्ताव को रद्द करने के बाद विशेष बैठक की तिथि निर्धारित कर सोमवार को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख सह वर्तमान पंचायत समिति रामचंद्र सिंह ने किया। अध्यक्ष रामचंद्र सिंह द्वारा सभी सदस्य के उपस्थित के लिए 1 घंटा इंतजार किया गया। डुमरिया में कुल 16 पंचायत समिति सदस्य में से सिर्फ 9 सदस्य शामिल हुए। इंतजार के बाद प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव विशेष बैठक का आयोजन जिला पदाधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट भूमि सुधार उप समाहर्ता की देखरेख में किया गया। कुल 16 सदस्य में से 9 सदस्य शामिल हुए। कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राजू कुमार के नेतृत्व में मत विभाजन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। प्रखण्ड प्रमुख के अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 9 वोट पड़े और उप प्रमुख पलीता देवी के अविश्वास के पक्ष में भी 9 वोट पड़ा, सभी वोट वैध पाए गए। अविश्वास प्रस्ताव पारित होते ही डुमरिया प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख का पद रिक्त हो गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजू कुमार ने बताया कि जिला पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी और चुनाव आयोग को सूचना भेज दी गई है।

जल्द ही चुनाव की तिथि निर्धारित की जाएगी। डुमरिया प्रखंड के समाजसेवी पवन चंद्रवंशी ने बताया कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। उच्च न्यायालय ने 2 बार स्टे लगाया था। हाईकोर्ट के दिशा-निर्देश पर बैठक की तिथि निर्धारित की गई थी। 2 बार अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ था, लेकिन रोक लगा था। इस बार भी कोर्ट में फाइल किया गया था। लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। इस अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर राजन पासवान, जितेंद्र कुमार, रवि सिंह, मोना खान, संजीत मालाकार, जितेंद्र प्रसाद सिंह समेत सैकड़ों लोगों ने खुशी जाहिर की है।

पुलिस पर हमला करने के मामले में 17 आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया जिले के विष्णुपद थाना की पुलिस पर हमला करने के मामले में 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 17 आरोपियों के पकड़े जाने के दौरान 12 बाइक, 11 साउण्ड बाक्स, एमप्लीफायर मशीन-3, स्टेबलाइजर 2, 3.15 बोर के दो खोखा बरामद किया गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि विष्णुपद थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष चंदन यादव शब-ए-बरात की रात विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना से निकले थे। घुघरीटांड़ मोड़ को पहुंचे, इसी दौरान अपर पुलिस अधीक्षक और सदर एसडीओ दिलबर के साथ आए और वहां से हम सभी लोग छटटु बिगहा मदरसा के पास पहुंचे। कुछ स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि छटटु बिगहा रविदास तोले में शराब पीकर लाउडस्पीकर पर तेज आवाज में अश्लील गाना बजाकर नाच गाना हो रहा है।

सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने बताया सभी पुलिस पदाधिकारी छटटु बिगहा पहुंचे तो देखा कि कुछ लोग नर्तकियों के साथ काफी तेज आवाज में डीजे साउंड की धुन पर अश्लील गाने पर नाच गाना कर रहे थे। सभी को समझाया गया कि साउंड को कम कर धीमा आवाज में बजाओ। इसी दौरान किसी शरारती एवं असमाजिक तत्व के लोगों द्वारा जानबूझकर जनरेटर का कनेक्शन काटकर अंधेरा कर दिया। फिर पुलिस पदाधिकारियों पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया गया। अंधेरा का फायदा उठाकर पुलिस बल को टारगेट कर फायरिंग करने लगे। ईंट-पत्थर से कुछ पुलिस कर्मी घायल हो गए। सिटी एसपी ने बताया घटना की जानकारी वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती को दी गई।

बेटे के लिए लड़की देखने गए पिता की सड़क हादसे में मौत

सड़क पार करने के दौरान अनियंत्रित ट्रक ने कुचला

निज संवाददाता। नालंदा

नालन्दा में सोमवार की रात सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गईं। मामला चण्डी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहटा-सरमेरा टू-लेंन के धर्मपुर गांव के समीप की है। मृतक की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के गनीपुर गांव निवासी बाबु चंद जमादार का (51) वर्षीय पुत्र अवधेश जमादार के रूप में की गई है। मंगलवार की सुबह परिजन पुलिस की मदद से शव के पोस्टमार्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुँचे। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि बाइक पर सवार होकर अवधेश जमादार अपने साला रासमणि के साथ बेटे के लिए लड़की देखने नगरनौसा थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गए थे। जहां से लड़की को देख कर साला के साथ वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच चण्डी के धर्मपुर के पास किसी परिवार से अवधेश जमादार को मिलना था। वह बाइक से उतर कर सड़क पार करने लगे इसी बीच अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें रौंद दिया और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी, हालांकि मौके पर पहुँची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दे मामले को शांत कराया। वहीं, घटना की जानकारी जैसे ही घरवालों को मिली तो परिजनों में कोहराम मच गया। चण्डी थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान में पुलिस जुट गई है। घटना के बाद आक्रोशितों ने सड़क जाम कर दी थी। समझा-बुझा कर मामले को शांत कराया गया एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन

FST-SST सेक्टर पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण

निज संवाददाता। गया

गया में आगामी लोकसभा चुनाव 24 के लिए प्रतिनियुक्त किए गए, सभी एफएसटी पदाधिकारी, एसएसटी पदाधिकारी, समेत सेक्टर पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारी को लोकसभा आम निर्वाचन स्वतंत्र निष्पक्ष और भयमुक्त सम्पन्न करवाने के लिए बोधगया के महाबोधि संस्कृति केंद्र में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम और वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती की संयुक्त अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा आए हुए सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि चुनाव की तिथि से 6 माह पहले से ही चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए सेक्टर पदाधिकारी अपने क्षेत्र में तैयारी प्रारंभ कर दी जाती है। यह आवश्यक भी है, क्योंकि प्रेस नोट जारी होने के बाद बहुत कम समय मिलता है। विगत चुनाव का इतिहास में व्यवधान उत्पन्न करने वाले असमातत्व की जानकारी लेनी होती है। इसका प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराना होता है। ताकि तदनुसार विधि व्यवस्था की कार्रवाई की जा सके। मतदान तिथि के एक दिन पूर्व रात में यह सुनिश्चित करना होता है कि सभी मतदान केन्द्रों पर सभी मतदान कर्मी, पीठासीन पदाधिकारी और पुलिस बल पहुंच चुके हैं। साथ ही मतदान तिथि को फिर से ही सभी पीठासीन पदाधिकारी को मॉक पोल के लिए तैयार करवाना होता है। मतदान शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में मतदान कर सारे वैधानिक स्टैचुरी अवैधानिक नन स्टैचुरी पैकेट की तैयारी करवाते हुए ईवीएम के साथ बज्रगृह तक सुरक्षित पहुंचाने की जिम्मेदारी सेक्टर पदाधिकारी की है। इसलिए सेक्टर पदाधिकारी का दायित्व सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। निरोधात्मक कार्रवाई करने में कोई कोताही नहीं बरते, जो भी निरोधात्मक कार्रवाई करना है, उसे गंभीरता से पालन करवाए। प्रीवेंटिव एक्शन लेने में पूरी पारदर्शिता बरते। हर हाल में हिंसा मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा सख्त निर्देश प्राप्त है। इसे हर हाल में पालन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले विभिन्न त्योहार और होली और रामनवमी काफी चुनौती पूर्ण रहेगा। क्योंकि चुनावी माहौल के दौरान यह दो त्योहार आ रहे हैं। पूरी सतर्कता एवं गंभीरता से शांति माहौल में पर्व को संपन्न करना होगा। इसके लिए अभी से ही जो भी क्रिमिनल एलिमेंट्स हैं। इनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने का प्रस्ताव भेजें। उन्होंने कहा कि जिले में जो भी शराब के हॉटस्पॉट हैं। उन पर कड़ी निगरानी और बरामदगी पर कार्रवाई करें।

संक्षिप्त समाचार

2149 शस्त्रों का हुआ सत्यापन

आरा। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले भर में कुल 2194 शस्त्रों का सत्यापन किया गया साथ ही 674 शस्त्रों को थाना में जमा किया गया। वहीं पुलिस ने निषेधात्मक, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए कुल 233 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के वारंट का निष्पादन, कुर्की का निष्पादन एवं अवैध आग्नेयास्त्र की बरामदगी तथा अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये 7 दिनों के विशेष सकमालीन अभियान के दौरान 2673.9 लीटर देशी शराब, 19. 095 लीटर अंग्रेजी शराब एवं 7760 लीटर अर्द्ध निर्मित पास विनष्ट किया गया।

एक मार्च से होगा मैट्रिक के कॉपियों का मूल्यांकन

बक्सर। जिले में 1 मार्च से मैट्रिक बोर्ड परीक्षा के कॉपियों का मूल्यांकन शुरू होगा। शिक्षा विभाग द्वारा 1 मार्च से मूल्यांकन करने का निर्देश दिया गया है। बिहार बोर्ड की ओर से मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा समाप्ति के बाद अब कॉपियों के मूल्यांकन करने की तैयारी की जा रही है। जो भी कॉपियां भेजी जाएगी एवं जितने वीक्षक लगाए जाएंगे उनका योगदान करने के बाद मूल्यांकन कार्य शुरू कराया जाएगा। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मैट्रिक बोर्ड के कॉपियों के मूल्यांकन के लिए शिक्षा विभाग अनुभवी शिक्षकों के साथ-साथ एमपीपी और मेकर चेकर भी नियुक्त करेगा। सीसीटीवी कैमरे से निगरानी भी होगी। अधिकारियों के अनुसार मैट्रिक बोर्ड की कॉपियों के मूल्यांकन को लेकर विभागीय निर्देश मिला है।

सजेगी नृत्य व सुरों की महफिल, नामचीन कलाकारों का जमघट

बक्सर। किला मैदान में होने वाला विश्वामित्र महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए जिला प्रशासन जोर शोर से जुटा हुआ है। 28 फरवरी को महोत्सव का आयोजन होगा। मैदान में विशाल और भव्य मंच बनाया जा रहा है। वहीं दर्शकों के लिए काफी बड़ा पंडाल बनाया जा रहा है। दर्शकों को बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था रहेगी, ताकि वे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठा सके। विश्वामित्र महोत्सव में गीत-संगीत और नृत्य का अनोखा संगम दिखेगा। महोत्सव का शुभारंभ संध्या 4 बजे से होगा। महोत्सव में संगीत की महफिल सजेगी। स्थानीय से लेकर देश के अन्य हिस्सों से नामचीन कलाकारों का जमघट होगा। शानदार महोत्सव का गवाह ऐतिहासिक किला मैदान बनेगा। इस कार्यक्रम में देश के सुविख्यात कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों को भी अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर दिया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से विश्वामित्र महोत्सव की सारी तैयारियां अंतिम चरण में है। कार्यक्रम के आरंभ में स्थानीय कलाकारों के द्वारा अपनी मनोरम प्रस्तुति का प्रदर्शन किया जाएगा। जिला प्रशासन के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत के बाद ताड़का वध, सिनेमेड एंटरटेनमेंट की जीवंत प्रस्तुति लोग देखेंगे। इसके अलावा प्रसिद्ध गायक विनोद राठौड़, स्पीड डांस ग्रुप, भोजपुरी गायक आर्यन बाबू, गायिका चांदनी मुखर्जी समेत अन्य नामचीन कलाकार अपने गीत-संगीत से जलवा बिखेरेंगे।

बैडमिंटन टूर्नामेंट का विजेता बनी मझौवा टीम

आरा। दो दिवसीय जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट में मझौवा ने फाइनल ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। बैडमिंटन टूर्नामेंट आरा मझौवा के मारुति नगर में हुआ। टूर्नामेंट के पहले दिन का पहला मैच कोइलवर बैडमिंटन क्लब बनाम जगदीशपुर के बीच तीन सेटों में चला। पहला सेट जगदीशपुर ने अपने नाम किया और दूसरा सेट कोइलवर ने वापसी करते हुए मैच में अपना स्थान सुनिश्चित किया। दूसरे सेट में पिछड़ने के बाद फिर जगदीशपुर ने वापसी किया और तीसरा सेट अपने नाम किया। इस तरह जगदीशपुर ने 2-1 से मैच को अपने नाम कर लिया। दूसरा मैच बक्सर बनाम बरहमपुर के बीच खेला गया। जिसमें पहला और दूसरा सेट ब्रह्मपुर ने लगातार सेट जीत कर मैच अपने नाम कर लिया। तीसरा मैच मारुति नगर बनाम मझौवा के बीच खेला गया। मझौवा लगातार दो सेट जीतकर इस मैच को जीत लिया। चौथा मैच बिहिया बनाम जगदीशपुर के बीच खेला गया। बिहिया ने मैच को दो सेट में जीता। पहला सेमीफाइनल मैच मझौवा बनाम कोइलवर के बीच हुआ। मझौवा की टीम ने लगातार दो सेट जीत कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। दूसरे दिन का पहला मैच दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बिहिया बनाम ब्रह्मपुर के बीच हुआ। यह मैच ब्रह्मपुर ने दो सेट मे अपने नाम किया। फाइनल में पहुंचने वाले यह दूसरी टीम बनी। फाइनल मैच 5 सेटों में हुआ। फाइनल मैच में पहला सेट ब्रह्मपुर ने जीता और दूसरा तीसरा और चौथा सेट मझौवा ने जीतकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार मझौवा के आलोक कुमार को दिया गया। मैच के निर्णायक पिंटू सिंह, प्रीतम सिंह थे। टूर्नामेंट का उद्घाटन संभावना आवासीय उच्च विद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना सिंह ने किया। विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत जिला फुटबॉल संघ भोजपुर के अध्यक्ष राममूर्ति प्रसाद ने दिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ब्रह्मपुर के कृष्ण कुमार को वार्ड पार्षद रंजीत सिंह ने दिया। मौके पर उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, जिला फुटबॉल संघ के सचिव रविंद्र कुमार, अजय सिंह, लाल शरण सिंह, सुनील कुमार सिंह, लाल बहादुर लाल, जसवंत सिंह, बसंत सिंह, सनी कुमार सिंह, आकाश कुमार सिंह, रवि कुमार, आयुष कुमार, रमन कुमार उपस्थित थे।

पशु आहार की आड़ में हो रही थी 50 लाख की शराब तस्करी

बक्सर। पंजाब से बिहार लाई जा रही 50 लाख की शराब के साथ एक व्यक्ति को उत्पाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराब तस्कर से पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया है। उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक ने बताया कि सोमवार की सुबह गोलम्बर के समीप नये गंगा पुल के पास शराब जांच की जा रही थी। उसी दौरान यूपी के तरफ से आ रही एक ट्रक को बरामद की गई। ट्रक पर पशु चारा के बीच छुपाकर शराब लाई जा रही थी। ट्रक में 700 कार्टन में करीब 6246 लीटर शराब बरामद की गई। उन्होंने बताया कि यूपी से आ रही ट्रक को स्कैनर से जांच के दौरान शराब बरामद की गई थी। पुलिस ने ट्रक चालक अनिल शर्मा को गिरफ्तार किया। चालक जम्मू कश्मीर का रहने वाला है।

शहर में बदला जा रहा बिजली का जर्जर तार

बक्सर। शहर में बिजली सप्लाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सभी जर्जर तार को बदला जा रहा है। बिजली कंपनी के एसडीओ शिव कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र में आवश्यकतानुसार ट्रांसफार्मर लगाने, अस्त-व्यस्त तारों को दुरुस्त करने एवं हाई वोल्टेज डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम लगाने की जिम्मेवारी नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी को दी गई है। उक्त कंपनी के माध्यम से शहर में निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति हो इसके लिए कार्य किया जा रहा है। रविवार को शहर के चरित्रवन एरिया में कंपनी के वर्करों द्वारा जर्जर तार को बदला गया। इसके अलावा विद्युत कार्यालय में उपभोक्ताओं द्वारा किये गये बिजली संबंधित कंप्लेन को दुरुस्त कराया गया।

राजद विधायक किरण देवी के घर ईडी की रेड

लैंड फॉर जॉब्स केस में आरा-पटना में छापेमारी, फ्लैट का ताला तोड़कर घुसी टीम

निज संवाददाता। भोजपुर



आरा में संदेश से राजद विधायक किरण देवी के आवास पर ED ने रेड की है। मंगलवार सुबह पूरी फोर्स के साथ टीम विधायक किरण देवी के गड़हनी थाना के अगिआंव स्थित आवास पहुंची। लैंड फॉर जॉब्स केस में आरा के अलावे पटना में 2 और ठिकानों पर भी ईडी ने छापेमारी की है। हालांकि न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक ये कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी है। पटना और दानापुर में भी कार्रवाई हो रही है। पटना में फ्लैट का ताला तोड़कर जांच एजेंसी के अधिकारी अंदर दाखिल हुए। इधर आरा में 6 गाड़ियों से ED की टीम विधायक के घर पहुंची थी। इसमें 10 अधिकारियों की टीम शामिल है। एक यूनिट CRPF जवानों के साथ टीम सुबह 5:15 बजे अगिआंव स्थित विधायक के आवास पर पहुंची। विधायक अपने पति और परिवार के बाकी लोगों के साथ किसी करीबी के कार्यक्रम में शामिल होने गई हैं। विधायक का बड़ा बेटा घर पर ही है। टीम उससे पूछताछ कर रही है। पूर्व विधायक अरुण यादव और विधायक किरन देवी 30 जनवरी को होने वाली CBI से पूछताछ के समन पर मेडिकल लीव पर है। पूर्व विधायक अरुण यादव किडनी की समस्या को लेकर सिंगापुर इलाज के लिए जाने वाले थे।

पटना में फ्लैट का ताला तोड़ कर घुसी ईडी की टीम: आरा के साथ-साथ पूर्व विधायक अरुण यादव के पटना के आवास और दानापुर के मां मरछिया देवी अपार्टमेंट में ईडी की छापेमारी चल रही है। मां मरछिया देवी अपार्टमेंट में ईडी की टीम ताला तोड़कर अंदर घुसी है। मां मरछिया देवी कॉम्प्लेक्स के फ्लैट नंबर 403 में छापेमारी कर रही है। पड़ोसियों के मुताबिक इस फ्लैट में ईडी कई बार छापेमारी कर चुकी है। आज फिर ईडी एक बार पहुंची है। छापेमारी कर अंदर जांच कर रही है। हालांकि अंदर क्या मिला है क्या नहीं मिला है इसका अभी तक कोई कुछ नहीं बता पा रहा है।

लालू परिवार के करीबी माने जाते हैं अरुण यादव: बता दें कि विधायक के पति अरुण यादव भी संदेश से विधायक रह चुके हैं और लालू परिवार के करीबी कहे जाते हैं। इससे पहले बीते महीने यानी जनवरी में किरण देवी के घर पर सीबीआई की टीम पहुंची थी। दरअसल, विधायक किरण देवी के पति अरुण कुमार यादव बालू का कारोबार करते हैं। किरण देवी पहली बार विधायक बनी हैं। वह RJD के पूर्व विधायक और बाहुबली नेता अरुण यादव की पत्नी हैं। जिन्हें पिछले चुनाव में पहली बार RJD ने टिकट दिया था। अंगियांव में अरुण यादव का आलीशान बंगला है, जहां टीम पहुंची है।

शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान बच्चे को लगी गोली

निज संवाददाता। आरा

मां–पिता के साथ रिश्तेदार के घर तिलक में गया था

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव में सोमवार की रात तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान एक आर्मी के नायक के 6 वर्षीय बेटे को गोली लग गई। जख्मी मासूम को गोली प्राइवेट(पीछे) लगी है। गोली लगते ही वह खून से लथपथ होकर जमीन पर जा गिरा और दर्द से रोने लगा। इसके बाद परिजनों द्वारा आनन–फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद बिहिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। जख्मी मासूम बच्चा बिहिया थाना क्षेत्र के साहेब टोला,बिहिया निवासी राहुल कुमार श्रीवास्तव के 6 वर्षीय बेटे प्रतीक कुमार है। राहुल आर्मी में नायक के पद पर लद्दाख में कार्यरत है। इधर, जख्मी के पिता राहुल ने बताया कि वो अपनी पत्नी मनीषा और बेटा के साथ अमराई नवादा अपनी पत्नी के रिश्ते में लग रहे भाई के तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। राहुल ने बताया कि सभी लोग अपने–अपने काम में व्यस्त थे। इस दौरान प्रतीक कुछ बच्चों के साथ डीजे पर डांस कर रहा था। तभी अचानक रोने लगा। जब हमलोग उसके पास पहुंचे और देखा की उसके पैंट से खून आ रहा है। उसके बाद उसे इलाज के लिए गांव के एक निजी अस्पताल लेकर गए तो डॉक्टर ने कहा की इसे गोली लगी है। आपलोग सदर अस्पताल लेकर जाइए। वही, जख्मी प्रतीक ने बताया कि डांस करने के दौरान गोली चलने की आवाज सुनाई दी, उसके बाद मुझे गोली लग गई। वही, इस घटना के बाद तिलक समारोह में शामिल होने आए लोगों के बीच अफरा–तफरी का आलम रहा है।

पिस्तौल-जिंदा कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर

लूट, हत्या की कोशिश समेत कई मामलों में आरोपी एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई। पुलिस को जानकारी मिली थी कि ज्योति प्रकाश चौक के पास एक व्यक्ति हथियार के साथ घूम रहा है। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरज कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। इसमें नगर थानाध्यक्ष संजय सिन्हा, डीआइयू प्रभारी यूसुफ अंसारी और कई लोग शामिल थे। टीम ने चौक के पास घेराबंदी कर छापेमारी की और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान मुफस्सिल थाना के मित्रलोक कॉलोनी निवासी अखिलेश सिंह का बेटा अंकित यादव के रूप में किया गया है। उसके पास से एक देसी पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस और एक मोबाइल बरामद किया गया। फिलहाल उसे आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। वहीं पकड़े गए अभियुक्त ने 26 जनवरी को औद्योगिक थाना क्षेत्र में हुए लूट कांड में अपनी संलिप्ता मानी है। इसके अलावा उसके खिलाफ नगर और मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट और लूट का मामला दर्ज है।

हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सुढ़नी गांव में रविदास बाबा की मूर्ति के पास हवाई फायरिंग कर रहे एक बदमाश को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जयनगर गांव निवासी विशाल कुमार है। इसके पास से एक देसी पिस्तौल, दो गोली और एक खोखा बरामद किया गया है। साथ ही एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। इसे लेकर उदवंत नगर थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिक की है। इधर, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुढ़नी गांव में रविदास बाबा मूर्ति के पास एक शरारती तत्व के द्वारा हवाई फायरिंग की जा रही है। इसके बाद उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के नेतृत्व में सुढ़नी छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा। इसके बाद टीम ने घेराबंदी कर आरोपित विशाल को गिरफ्तार कर लिया।

लोस चुनाव को लेकर बैठक

आरा। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी युद्धस्तर पर जारी है। मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी राजकुमार की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के सबंध में सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों, वरीय अधिकारियों और सहायक निर्वाची पदाधिकारियों के संग समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कोषांगवार चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली गयी। सभी नोडल पदाधिकारियों और अफसरों को चुनाव मोड में रहने का सुझाव के साथ निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा चुनाव से सबंधी काम करने में हो रही परेशानियों और लंबित कार्यों को यथाशीघ्र दूर करने को कहा गया। साथ ही कहा गया कि सभी एकजुट होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान प्रशिक्षण कोषांग को मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित को लेकर तिथि निर्धारण और प्रशिक्षण स्थल के रूप में महाराजा कॉलेज एवं महिला कॉलेज का चयन किया गया है। कर्मियों का डाटा बेस तैयार करने, लंबित एंट्री को अविलंब पूरा करने और सामग्री कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को बैठक कर तैयारियों के संबंध में जानकारी लिया जाएगा। इधर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त सभी राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष और सचिव के साथ बैठक की गई। बैठक मे निर्वाचन विभाग बिहार पटना के निदेशानुसार अगिआँव विधानसभा के उपचुनाव से सम्बंधित ईवीएम और वीवीपीएट प्रथम स्तरीय जाँच, एफएलसी से संबंधित कार्य आरंभ करने, लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतू अपेक्षित सहयोग करने का अनुरोध किया गया।

एक दिवसीय नियोजन शिविर सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन

आरा। कृषि भवन परिसर में एक दिवसीय नियोजन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में निजी क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों के कुल पांच नियोजको ने भाग लिया। नियोजन शिविर सह मार्गदर्शन मेला में कुल 548 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिसमें 186 अभ्यर्थियों का नियोजकों द्वारा साक्षात्कार उपरांत अंतिम रूप से चयन किया गया। शिविर का उद्घाटन संयुक्त रूप से जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय भोजपुर आरा द्वारा संचालित बिहार कौशल विकास मिशन के संकल्प योजना अंतर्गत नियोजन मेला का आयोजन किया गया था। इस दौरान जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र द्वारा संचालित हो रही योजनाओं के बारे में उपस्थित सभी लोगों को जानकारी दी गई। मौके पर कनीय सांख्यिकी सहायक सुनील कुमार, जिला कौशल प्रबंधक संजय कुमार, राकेश कुमार, जिला कौशल विशेषज्ञ आलोक रंजन कुमार, बबलू कुमार, श्रीमती अमृता कुमारी सिंह, अजीत, मंजू समेत अन्य मौजूद थे।

धरहरा और सुलतानगंज स्टेशनों पर ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव

यात्रियों की सुविधा के लिए, मालदा मंडल के तहत 18603 राँची – गोड्डा एक्सप्रेस, 13415/13416 मालदा टाउन–पटना–मालदा टाउन एक्सप्रेस धरहरा स्टेशन पर और 15625/15626 देवघर–अगरतला–देवघर साप्ताहिक एक्सप्रेस सुलतानगंज स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर निम्नानुसार रुकेंगी:

ट्रेन नं. एवं नाम	यहाँ प्रायोगिक ठहराव	समयसूची आ.	समयसूची प्र.	ठहराव (प्रभावी तिथि)
18603 राँची – गोड्डा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 29.02.2024)	धरहरा	01.06	01.08	01.03.2024
13415 मालदा टाउन–पटना एक्सप्रेस(यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 01.03.2024)	धरहरा	01.19	01.20	02.03.2024
13416 पटना–मालदा टाउन एक्सप्रेस(यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 29.02.2024)	धरहरा	01.33	01.34	01.03.2024
15625 देवघर–अगरतला साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 04.03.2024)	सुलतानगंज	23.02	23.04	04.03.2024
15626 अगरतला–देवघर साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 02.03.2024)	सुलतानगंज	02.01	02.03	04.03.2024

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EastenRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. एनआईटी/02/24/11, दिनांक 26.02.2024; प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं निविदा सं., विवरण, ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 11.03.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (1) 20231076;** संलग्न परिशिष्ट के अनुसार (मैसर्स डब्ल्यूएसएफ निर्मित) ईपी ब्रेक यूनिट (6 मदें सम्मिलित) के लिए लिमिटिंग वॉल्व के पुर्जो के किट की खरीददारी; रु. 0; **(2) 20231078;** संलग्न परिशिष्ट के अनुसार 15 मदें सम्मिलित (मैसर्स डब्ल्यूएसएफ निर्मित) ईपी ब्रेक उपकरण के लिए ड्राइवर के ब्रेक वॉल्व (ईपी ब्रेक वॉल्व) हेतु पुर्जो का किट; रु. 55,440/-; **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 12.03.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (3) 08231103;** 25केडब्ल्यू इत्यादि के लिए एक्सल पुली असेम्बली की खरीददारी; रु. 1,83,230/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 13.03.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (4) 10232427;** रोलर इत्यादि के बगैर परिपूर्ण एक्सल बॉक्स का सेट; रु. 2,11,660/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 15.03.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (5) 10231995ए;** संशोधित साइड बीयरर; रु. 99,300/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 18.03.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (6) 14231027ए;** 19 कोर x 1.5 वर्ग मिमी आकार के हाई कंडक्टिविटी कॉपर कंडक्टर के साथ भूमिगत, आर्मर्ड, अनस्क्रीन्ड, रेलवे सिग्नलिंग केबल (हेवी ड्युटी); रु. 3,34,520/-। **(7) 14231029;** लीड एसिड सेल इत्यादि की खरीददारी; रु. 1,62,790/-। **(8) 14231139;** रिले एसी इम्मुन प्लग इन टाइप स्टाइल क्यूबीसीए1, डीसी बायस्ड प्वाइंट कंट्रैक्टर, 24वी, 2एफ (एचडी)/4बी कंटैक्ट, फ्रंट कंटैक्ट (हेवी ड्युटी) तथा बैक कंटैक्ट मेटल से कार्बन; रु. 93,150/-। **(9) 20232158;** आईसीएफ आरेख सं. ईएमयू/एम-0-2-002; अल्ट-जे/2 (मद-2) इत्यादि के अनुसार एक्सल बॉक्स हाउसिंग (फिनिश्ड मशीन्ड) की खरीददारी; रु. 3,49,730/-। **(10) 11231079;** मैसर्स गैब्रिएल इत्यादि के लिए पीओएच किट; रु. 1,09,720/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 19.03.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (11) 10232404;** कैब विंडो असेम्बली इत्यादि की खरीददारी; रु. 76,970/-। **(12) 20233000;** मेधा टाइप 3 फेज ईएमयू मोटर कोचों के 3 फेज एसी ट्रैक्शन मोटर टाइप टीएमई-48-45-6 के लिए पुर्जो का सेट। प्रत्येक सेट में 05 मदें सम्मिलित; रु. 50,910/-. **(13) 21231071बी;** एम्प्टी लोड डिवाइस आईआर-ईएलडी-10 इत्यादि की खरीददारी; 0; **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 20.03.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (14) 07231153बी;** आरडीएसओ की एसटीआर सं. सी-8217 (संशो. 2) ऑफ सितम्बर 2013 के अनुसार 3360x813x2.03 मिमी आकार की अल्युमीनियम चेक्कर्ड शीट की खरीददारी; रु. 4,37,350/-। **(15) 10231026;** डीसी-डीसी कनवर्टर इत्यादि की खरीददारी; 0; **(16) 14231032;** आईआरएस: एस-88-2004 (निविदा के खुलने की तारीख तक नवीनतम संशोधन, यदि कोई हो, के साथ) के अनुसार हार्ड रबड़ अथवा पारदर्शी, पीपी-सीपी कंटेनर में कम रखरखाव वाली 2 वोल्ट लीड एसिड सेल की खरीददारी; रु. 3,26,680/-। **(17) 21241383;** ताला इत्यादि; रु. 2,40,370/-। **(18) 21241011;** साइड फ्रेम की इत्यादि की खरीददारी; रु. 1,05,040/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 21.03.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (19) 10231091ए;** हाई टेंसाइल ट्रांजिशन सी.बी. कपलर की व्यवस्था; रु. 4,89,710/-। **(20) 21241507;** शैंक वीयर प्लेट इत्यादि; रु. 59,030/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 25.03.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (21) 05231185बी;** ईएमयू के ट्रैक्शन मोटर के लिए सिलिंड्रिकल रोलर बीयरिंग एनयूपी-318 एम/सी4; रु. 2,25,950/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 02.04.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (22) 15245023;** ईओटी क्रेन 5/2 टन के साथ 30 मी श्राउडेड टाइप डीएसएल, बीएमएफ/बीजीबी इत्यादि की स्थापना, आपूर्ति एवं शुरू करना; रु. 66,000/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 03.04.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (23) 11241425;** 3 (तीन) मदें युक्त प्रचलित टॉर्क टाइप हेक्स नट का सेट; रु. 85,920/-। **निविदा मूल्य:** शून्य (सभी के लिए)। **टिप्पणी:** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।
(STORES-73/2023-24)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सं.: एसडीएसटीई-डीडीएस-जेटीएल-जीएमएएन-23-24, दिनांक 26.02.2024; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल की साहिबगंज लूप लाइन के झापटेर ढाल-गुमानी अनुभाग में डबल डिस्टैंट सिग्नल का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 11,51,55,309.39; **बयाना राशि:** रु. 7,25,800; **बोली शुरू होने की तारीख:** 06.03.2024; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **समापन अवधि:** 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधता:** 120 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 20.03.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समय:** 24.02.2024 को अपराह्न 04.01 बजे।
(HWH-512/2023-24)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं0–66 ऑफ 2023–24/खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है. निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं0–26–डीडीयू–व0मं0इंजी0–1–23–24 (i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः– वरीय मंडल इंजीनियर/I/डीडीयू के अधिकार क्षेत्र में गंजख्वाजा (668.00) शिवसागर रोड (588.00) और आरा–सासाराम सेक्शन के बीच सड़क सह रेल मोबाइल फ्लेश बट वेल्डिंग प्लांट का उपयोग करके साइट पर 60 कि0ग्राम /52कि0ग्राम रेल की फलैश बट वेल्डिंग। **(ii) कार्य का अनुमानित लागतः–** ₹ 25533166.90, **(iii) धरोहर राशिः–** ₹ 277700.00,

निविदा सं0–28–डीडीयू– व0मं0 इंजी0–I–23–24, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः– सहायक मंडल इंजीनियर / एक्स–बिक्रमगंज के अधीन आरा–सासाराम सेक्शन में नोखा रेल फ्लाई ओवर को आई0आर0 लाइन से ट्रैक को जोड़ने संबंधित अन्य कार्य। **(ii) कार्य का अनुमानित लागतः–** ₹ 17881360.05, **(iii) धरोहर राशिः–** ₹ 239400.00,

(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः– 18.03.2024, को 12:00 बजे तक, **(v) बेवसाईट पर ई निविदा की विस्तृत जानकारीः– www.ireps.gov.in, नोटः– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।**

मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/02396/डीडीयू/इंजी/टी/23–24/44

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/568, दिनांक 26.02.2024; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3288; कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल में रेलवे स्टाफ कॉलोनियों में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता में सुधार तथा विद्युत की चोरी रोकने के लिए एलटी ओवरहेड लाइन का भूमिगत केबल में रूपांतरण। **निविदा मूल्य:** रु. 69,75,518/-। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 1,39,500/-; **समापन अवधि:** 120 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 18.03.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।
(HWH-514/2023-24)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

घायल जवानों को जीएमसीएच में कराया गया एडमिट

तेजस्वी यादव के काफिले की गाड़ी कार से टकराई, एक जवान की मौत, छह घायल

निज संवाददाता

पूर्णिया। पूर्णिया में पूर्व डिप्टी CM तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा के दौरान काफिले में शामिल गाड़ी एक कार से टकरा गई। हादसे में एस्कॉर्ट गाड़ी के ड्राइवर (होमगार्ड जवान) की मौत हो गई। मृतक का नाम मो. हलीम (50) है, वो मधुबनी टीओपी के सिपाही टोला के रहने वाले थे। हादसा सोमवार देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे हुआ। हादसे में 6 BSAP (बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस) जवान घायल हैं। इनमें से 3 की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी को GMCH पूर्णिया में एडमिट कराया गया है। बताया जा रहा है कि तेजस्वी के काफिले में लगी एस्कॉर्ट गाड़ी रॉन्ग साइड से आ रही थी। गाड़ी ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के NH 131-A पूर्णिया-कटिहार मुख्य मार्ग पर बेलौरी अप्सरा मंगल भवन के पास हुआ। तेजस्वी के काफिले से टकराने वाली कार कटिहार से फारबिसगंज जा रही थी। इसमें 5 लोग सवार थे। इनमें महिला और 2 व्यक्तियों की हालत गंभीर है। महिला का इलाज लाइन बाजार स्थित सन राइज हॉस्पिटल में चल रहा है।

महिला का नाम चांदनी देवी है। घटना की जानकारी मिलते ही SP उपेंद्र नाथ वर्मा पूर्णिया GMCH पहुंचे। घायलों से मुलाकात कर स्थिति की जायजा लिया। SP उपेंद्र नाथ शर्मा ने कहा कि हादसे के तुरंत बाद कार का एयर बैग खुल गया। जिस वजह से सभी की जान बच गई। होमगार्ड जवान मो. हलीम (54) शहर के मधुबनी टीओपी क्षेत्र के मधुबनी बाजार के मौलवी टोला में रहता था। उसके ऊपर घर से 12 लोगों की जिम्मेदारी थी। जवान की मौत के बाद से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पूरे इलाके के लोग गम में डूबे हैं। लोगों ने सरकार से 20 लाख रुपए मुआवजे और एक सरकारी नौकरी की मांग की है। जवान की तेजस्वी की सुरक्षा करते-करते हादसे में मौत हो गई। तेजस्वी यादव अब तक उसके परिवार से मिलने नहीं गए हैं। हालांकि उन्होंने ये जरूर कहा है कि मुझे समय मिलेगा तो मैं जाऊंगा। हादसे के बाद से पूरा परिवार गम में डूबा है। हलीम के मंझले बेटे शाहनवाज आलम ने बताया कि 12 सदस्यीय परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके पिता ने ही उठा रखी थी। घर में उनकी मां और उनके अलावा उनके बड़े भाई मो. सरफराज, संझले भाई शहबाज आलम (25) और छोटे भाई सेमू (16) समेत दो भाइयों की पत्नी और उनके 4 बच्चों की सारी जिम्मेदारी उनके ही कंधे के ऊपर थी। सोमवार को तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा की एस्कॉर्ट ड्यूटी के किए निकलने से पहले हलीम ने रोजाना की तरह मां के साथ बैठकर चाय पी। घर के बच्चों और बाहर कुछ दोस्तों से मिले। ड्यूटी के लिए देरी न हो जाए, लिहाजा मां के खाना खाकर घर से निकलने की बात को उन्होंने टाल दिया। वे बाहर कुछ खा लेंगे और शाम तक लौट आएंगे। मां से ये कहकर घर से सुबह करीब 8 बजे ही निकले थे। शाम 6 से 7 बजे के बीच मां से आखिरी बातचीत हुई। तब फोन पर उन्होंने लौटने की बात कही थी। हालांकि, रात 10 बजे के बाद जब वे वापस नहीं आए, तो मां ने कॉल किया। फोन रिंग हुआ, मगर किसी ने रिसीव नहीं किया। रात गए 11:30 बजे घर पर पुलिस की गाड़ी आई। पिता के नाम की आवाज लगाकर पुलिस वाले ने अस्पताल आने को कहा। जहां पोस्टमार्टम हाउस के पास पिता की लाश पड़ी थी। पुलिस डिपार्टमेंट उनके साथ खड़ी है, उन्हें इस बात की खुशी है।

सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत

निज संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर के कहलगांव थाना क्षेत्र के कहलगांव एनएच- 80 पर तेज रफ्तार वाहन के धक्के से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने बुजुर्ग को आनन-फानन में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, वहीं इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतका मेला देखकर घर वापस लौट रही थी इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए। जिससे कि वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतका के पुत्री ने बताया कि कहलगांव स्थित बटेश्वर स्थान में एक मेला का आयोजन किया गया है। जिसको देखने के लिए गए थे, वापस लौटने के दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही, घर के बगल के ही लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दिया। जब हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी, जिसके बाद प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद में परिजन जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की पहचान कहलगांव निवासी बाबूलाल मंडल की पत्नी झालो देवी (50) के रूप में की गई है। झाले देवी बटेश्वर स्थान में लगे मेला को देखने के लिए अकेली पैदल NH 80 से जा रही थी, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे सिर में उसको गंभीर रूप से चोट लग गया और घायल होकर गिर गई, खून ज्यादा बह जाने के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई।

28 फरवरी को दरभंगा आएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तैयारी में जुटा प्रशासन

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दरभंगा में जनसभा को करेंगे संबोधित

निज संवाददाता

दरभंगा। 28 फरवरी बुधवार को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दरभंगा आने वाले हैं। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां जनसभा को संबोधित करेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है। कार्यक्रम स्थल का जायजा सहित सुरक्षा की तैयारी में एसपी सहित सभी आलाधिकारी लगे हैं। बता दें कि बिरौल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत घनश्यामपुर थाना क्षेत्र और बिरौल थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित जनता उच्च विद्यालय के प्रांगण में ये जनसभा होगी। अलग-अलग समय में मिथिला क्षेत्र के विभिन्न संगठनों द्वारा बिहार से अलग पृथक मिथिला राज्य को लेकर मांग उठती रही है। हाल ही के कुछ सालों में कुछ ही समय पहले बनी मिथिला स्टूडेंट यूनियन सहित मिथिलावादी पार्टी द्वारा इस मांग को लेकर दरभंगा, पटना और दिल्ली में व्यापक आंदोलन भी किया गया। लेकिन इस बात का कुछ खास असर पृथक मिथिला राज्य की मांग पर नहीं पड़ा।

अब इस आंदोलन को लेकर अलग से व्यापक तैयारी की जा रही है। जिससे की केंद्र की सत्ता का ध्यान इनकी ओर आकृष्ट हो सके। इसी सब के बीच मिथिला स्टूडेंट यूनियन द्वारा बिरौल के अनुमंडल पदाधिकारी को एक आवेदन दिया गया है। इसमें MSU के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने पत्र लिखकर केंद्रीय रक्षा मंत्री से मिथिला राज्य के संबंध में ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। वहीं जिप सदस्य धीरज कुमार झा और वीरेंद्र कुमार ने कहा कि मिथिला स्टूडेंट यूनियन पिछले 8 सालों से मिथिला के सर्वांगीण विकास के लिए छात्रों-नौजवानों को एकजुट करते हुए विभिन्न सामाजिक आंदोलन का नेतृत्व कर अपने मांगों के लिए संकल्पित है। लगभग 10 करोड़ की आबादी मैथिली बोलने वाली बाहुल्य भाषी यह क्षेत्र अपने बुनियादी मांगों से वंचित है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में पूरे देश भर के सबसे पिछड़े इलाकों से आने वाला यह क्षेत्र अपनी अस्मिता के लिए आजादी के दशकों-दशक बीत जाने के बाद भी संघर्षरत है। निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि इसका अंतिम स्वरूप मिथिला राज्य के निर्माण से ही संभव है। इसके लिए पटना से लेकर दिल्ली तक हमारा चरणबद्ध आंदोलन चलता आ रहा है। उक्त मांग पर वर्तमान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को संगठन के एक शिष्टमंडल को ज्ञापन सौंपने की अनुमति के लिए निवेदन किया है। साथ ही कहा गया है कि अगर हमें ज्ञापन सौंपने की अनुमति नहीं मिलती है। हमलोग लोकतांत्रिक तरीके से सभास्थल पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन व्यक्त करेंगे।

एक्सिस बैंक लूट मामले में दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता

अररिया। एक्सिस बैंक में एक करोड़ 30 हजार रुपए लूट कांड मामले में पुलिस ने दो और अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी राम पुकार सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने लूट की रकम का 2 लाख 50 हजार रुपए बरामद भी किया है। वहीं एक अपराधी ने पिता के अकाउंट में 1 लाख 88 हजार रूपए भेजा था, उसे भी फ्रिज कर दिया गया है। इसके साथ ही गिरफ्तार अपराधियों को बैंक में लाकर क्राइम सीन को री-क्रिएट किया गया। गिरफ्तार दोनों अपराधियों की पहचान बलुआ थाना नौहट्टा का अभिषेक झा और सहरसा का राजा कुमार के रूप में किया गया है। यह दोनों लूट में मुख्य आरोपी बनाए गए थे। इसके अलावा लूट कांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ़्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है। बता दे कि बीते 23 जनवरी को एक्सिस बैंक में कुछ अपराधियों ने दिनदहाड़े 1 करोड़ 30 हजार रुपए लूट लिया था। इसके बाद नगर थाना में मामला दर्ज किया गया था। तत्कालीन एसपी अशोक कुमार सिंह ने 3 अलग अलग एसआइटी गठित किया था। पुलिस टीम ने सहरसा के ही तीन अपराधी मनोहर मेहता, अभिनंदन कुमार यादव और लाइनर बैंक के असिस्टेंट फील्ड ऑफिसर शांतनु सिंह को गिरफ्तार किया था। मधेपुरा जेल में बंद विभूति सिंह की पत्नी नीति कुमारी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

चोरी करते दो चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा

निज संवाददाता

लखीसराय। तेतरहाट थाना स्थित बाजार में दो चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथों करकट चुराते पकड़ लिया। प्रकाश साव ने कहा कि देर रात संटू यादव और उमेश यादव उनके घर में लगी करकट को चोरी करने आए थे। चोरी के दौरान जब आवाज हुई तो नींद खुल गई। इसके बाद दोनों को ग्रामीणों के साथ मिलकर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने आगे कहा कि पहले भी उनके घर में चोरी हो चुकी है। आज दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर घटना स्थल जाकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनका मेडिकल जांच करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

गैस सिलेंडर से भरा ट्रक बेकाबू होकर पलटा, बड़ा हादसा टला

निज संवाददाता

बगहा। बगहा के धनाहा में एक गैस सिलेंडर से भरा ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। घटना धनाहा थाना क्षेत्र के जगदम्बा चौक के पास राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सामने की है। बताया जा रहा है कि ओवर स्पीड होने के कारण यह घटना घटी है। इससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि संयोग अच्छा था कि बच्चे स्कूल के अंदर थे, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। दरअसल, ट्रक पर इंडियन गैस लदा गया था, लेकिन गैस सिलेंडर खाली थी। इससे बड़ा हादसा टल गया। चालक घटना के बाद गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। ट्रक उत्तर प्रदेश से बिहार की तरफ आ रही थी। इधर, पुलिस ने किसी तरह से गैस सिलेंडर को खाली करा कर यातायात बहाल कराई। धनहा थाना अध्यक्ष धर्मवीर भारती ने बताया कि ट्रक पर लदा सिलेंडर के साथ ट्रक को जब्त कर लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। ड्राइवर को भी हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।

फाइनल में जगह बनाने के लिए उतरेगी पटना पाइरेट्स

- बुधवार को फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए पुणेरी पलटन से भिड़ेगी

निज संवाददाता

पटना। तीन बार की चैंपियन रही पटना पायरेट्स ने प्रो. कबड्डी लीग सीजन-10 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए पुणेरी पलटन से भिड़ेगी। सेमीफाइनल मुकाबला हैदराबाद के जीएमसी बालायोगी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में रात 8 बजे से खेला जाएगा।

अगर पटना पाइरेट्स फाइनल में क्वालीफाई करके खिताब जीतती है, तो प्रो. कबड्डी में चार बार चैंपियन बनने का रिकॉर्ड बनाएगी। प्रो. कबड्डी लीग के इतिहास में पटना पायरेट्स सबसे सफल टीम रही है। यह एकमात्र ऐसी टीम है, जिसने जीत की हैट्रिक लगाई है। यह 9 में से 6 सीजन में प्लेऑफ मुकाबलों में पहुंचने वाली एकमात्र टीम है। पटना पाइरेट्स ने प्रो. कबड्डी के सीजन 5, सीजन 4 और 3 में खिताब जीता और सीजन 8 में उपविजेता रही है।

पटना पायरेट्स की टीम में रेडिंग विभाग सचिन तंवर, मंजीत, सुधाकर, संदीप कुमार, रंजीत नाइक, नीरज कुमार, झेंग-चेई-चेन, ऑलराउंडर- अंकित, बाबू एम डैनियल, ओधि आम्बो, रोहित, मनीष व नवीन, डिफेंडर- मनीष, नवीन शर्मा, त्याग राजन युवराज, अभिनंदन और दीपक कुमार हैं। इसके साथ ही नरेंद्र कुमार रेढ़ू कोच की भूमिका में हैं।

खेत में आग लगने से चार एकड़ फसल बर्बाद

निज संवाददाता

बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)। बेतिया में अचानक आग लगने से चार एकड़ में लगी गन्ने की फसल जलकर राख हो गई है। घटना जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र के महोदीपुर सरेह की है। खेत में मंगलवार को अचानक आग लग गई। आग लगने से पांच किसानों का चार एकड़ में लगा गन्ना का फसल जल राख हो गया। हालांकि आग लगने की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन दस्ता एवं ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं ग्रामीण सूत्रों पर यकीन करें तो सबसे पहले महोदीपुर निवासी सुदर्शन पटेल के गन्ना कटे खेत से आग की लपटें उठती दिखी। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। इसके बाद अग्निशमन दस्ता को सूचित किया गया। सूचना पर अग्निशमन दस्ता की तीन टीमों के पहुंचने के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक अंगेश पांडेय, बंसत साह, राधे साह, अशोक सिंह, हीरालाल साह का करीब चार एकड़ में लगे गन्ना जल चुका था। बताया जाता है कि गन्ना कटाई सुदर्शन पटेल के खेत में चल रही थी। तभी आग पकड़ लिया और देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

नेता हत्याकांड में फहीम उर्फ सद्दाम का सरेंडर

गोपालगंज (नि.सं.)। एआईएमआईएम प्रदेश सचिव अब्दुल सलाम उर्फ असलम मुखिया हत्याकांड मामले में एक अभियुक्त ने कोर्ट में सरेंडर किया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि हत्याकांड में पुलिस ने अब तक तीन लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया था। जबकि मंगलवार को नामजद आरोपी फहीम उर्फ सद्दाम ने कोर्ट में सरेंडर किया है। इसके बाद पुलिस रिमांड पर इससे पूछताछ की जाएगी। मालूम हो कि बीते 12 फरवरी को नगर थाना के तुरकाहा नहर पुल के पास बाइक पर आए कुछ लोगों ने अब्दुल सलाम को गोली मार दी थी। इसके बाद उसकी मौत हो गई थी। उसके बेटे ने मामले में 7 लोगों को नामजद आरोपी बनाया था।

आग लगने से 10 घर जले, 15 लाख से अधिक का नुकसान

निज संवाददाता

बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)। साठी थाना क्षेत्र के नूनिपाकड़ गांव में आग लगने से 10 घर जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। हालांकि आग कैसे लगी इसका पता अब तक नहीं चल सका है। ग्रामीण शिवजी तिवारी ने बताया कि मंगलवार को दोपहर में सभी लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। इस दौरान आग लग गई और देखते ही देखते 10 घर जलकर राख हो गया। इसमें 15 लाख से अधिक का नुकसान हो गया है। घटना के बाद पीड़ितों के सामने भुखमरी की समस्या आ गई है। प्रशासन की स्तर से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने की कवायद शुरू कर दी गई है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इसके अलावा लौरिया अंचल अधिकारी ने कहा कि मामले की जानकारी हुई है। अंचल कर्मियों को घटना स्थल पर भेजा गया है। फिलहाल पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री दी जा रही है, इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर मुआवजा भी दिलाई जाएगी।

राहगीरों को लूटने वाले गिरोह का खुलासा, चार अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर के मुफस्सिल पुलिस ने तीन दिन पूर्व थाना क्षेत्र के गरुआरा चौर में हुए राहगीर से लूट का खुलासा करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिसके पास राहगीरों से लूटी गई 8 मोबाइल के साथ ही 46,700 रुपए भी बरामद की गई। गिरफ्तार बदमाश की पहचान कर्पूरीग्राम थाने के बाजोपुर गांव निवासी मुन्नली लाल महतो का पुत्र शिवम कुमार, दुधपुरा जेल चौक के बैजू पासवान का पुत्र धीरज कुमार, सरायरंजन थाने के खकुली गांव के राजकुमार पासवान का पुत्र महेश कुमार और बाजोपुर गांव के चंदेश्वर चौधरी का पुत्र मिथलेश कुमार के रूप में की गई है। सभी लोगों को पुलिस ने जेल भेज दिया। मुख्यालय डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि गत 22 फरवरी की रात अमित कुमार झा समस्तीपुर से घर लौट रहे थे इसी दौरान मुफ्फसिल थाना अन्तर्गत गरूआरा चौर में मंदिर के पास अज्ञात 04 बदमाशों के द्वारा हथियार एवं लाठी-डंडे का भय दिखाकर इनका मोबाइल एवं पर्स में रखा करीब 19 हजार रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।

जिस संदर्भ में मुफ्फसिल थाना कांड सं0-71/24, धारा-392 के तहत मामला दर्ज किया गया। मुफ्फसिल पुलिस द्वारा मानवीय आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कांड में संलिप्त 04 बदमाशों को लूटी गयी मोबाइल समेत अन्य 08 मोबाईल व 46700 रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों द्वारा अपने-अपने स्वीकारोक्ति बयान में घटना में अपनी संलिप्ता को स्वीकार किया गया है। आज इन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। हाल के दिनों में गरुआरा चौर में बदमाशों के द्वारा राहगीरों के साथ लूट की घटना बढ़ गई है। रात के दौरान लौटने में आयेदिन लोगों से लूट की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। जिसके बाद से पुलिस सचेत थी।

अपराध की योजना बनाते दो अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता

मोतिहारी (पश्चिमी चम्पारण)। पुलिस ने अपराध की योजना बनाते हुए दो अपराधियों को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि डायल 112 को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी एक जगह मिल रहे है।इसके बाद एसडीपीओ अशोक कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने छापेमारी कर ढाका थाना क्षेत्र के सरुपा बड़हरवा वार्ड नंबर 12 से दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। जब उनसे पूछताछ की गई तो एक की पहचान शिकारगंज थाना क्षेत्र के चंदन मंडल और दूसरे की पहचान आलोक दास के रूप में गई। यह दोनों किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए मिले थे, लेकिन उससे पहले ही पुलिस को इनकी खबर लग गई। इनके पास से एक बाइक और दो मोबाइल भी बरामद किया गया है। इसके आगे की जांच की जा रही है। वहीं एसपी ने आगे कहा कि डायल 112 ने बेहतर काम किया है, इसके लिए उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। बता दे कि छापेमारी टीम में सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार, ढाका थानाध्यक्ष अभिनन्दन कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, सिपाही अरविन्द कुमार, महिला सिपाही मंजू कुमारी और दुर्गा कुमारी डायल-112 शामिल थी।

मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

दो अपराधियों ने पीछे से झपट्टा मारकर महिला के पर्स से छीने डेढ़ लाख रुपए

निज संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के चर्च रोड में स्टेट बैंक आफ इंडिया के मिठनपुरा शाखा से पैसे निकालकर अपने घर कन्हौली जा रहे एक बुजुर्ग दंपति को अपराधियों ने अपना निशाना बनाया है। जहां मिठनपुरा के चर्च रोड में दो बाइक सवार दो अपराधियों ने पीछे से झपट्टा मारकर महिला के पर्स को डेढ़ लाख रुपए समेत छीन लिया गया। जब तक महिला को अपने पर्स छीने जाने की जानकारी हुई। तब तक अपराधी मौके से फरार हो चुके थे। घटना के संबंध में पीड़ित महिला विधा निधि ने बताया की अपने पति के साथ वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मिठनपुरा से दो लाख रूपये निकाल कर अपने पति के साथ अपने घर कन्हौली लौट रही थी। जहां बैंक से निकले गए डेढ़ लाख की उसने अपने पर्स में रखा जबकि शेष पचास हजार रुपए उसके पति ने अपने पास रखा । जिसमे वह राशि लूटने से बच गई। अपने साथ हुई छीनतई घटना की जानकारी पीड़ित दंपति द्वारा मिठनपुरा थाना को दी गई।

जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए बैंक और उसके आसपास के कई जगह की सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। मिठनपुरा थानेदार राम इकबाल प्रसाद ने बताया की पीड़ित दंपति ने इस संबंध में शिकायत की है। जहां पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग दंपति मिठनपुरा के कन्हौली खादी भंडार के रहने वाले है। जो शास्त्री नगर में अपना मकान बनवा रहे हैं इसी के लिए उन्होंने स्टेट बैंक आफ इंडिया के मिठनपुरा शाखा से आज दो लाख रकम की निकासी की थी। जहां घर लौटने के क्रम में अपराधियों ने इस लूट की घटना को अंजाम दिया है।

विचार-मंथन

संपादकीय

क्यों यूपी लोकसभा चुनाव में भरेगा भाजपा की झोली

विकास के नाम पर अतार्किक निर्माण कार्य होने से परेशानी

पहाड़ों पर बर्फबारी और हिमस्खलन से मार्ग अवरुद्ध हो जाना सर्दियों में हर वर्ष की सामान्य घटना जैसा है। मगर अब जिस तरह ये घटनाएं तबाही का सबब बन रही हैं, वह चिंता का विषय है। कश्मीर के सोनमर्ग हंग इलाके में पहाड़ से बर्फ की चट्टानें गिरने से वहां बह रहा नाला अवरुद्ध हो गया। इसके चलते नाले का पानी उफन कर सड़क पर बहना शुरू हो गया।गनीमत है कि उस तेज धार पानी में जान-माल का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, मगर सड़क को जो क्षति पहुंची उससे लंबे समय तक लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। पिछले वर्ष इसी तरह हिमस्खलन में दो मजदूर दब कर मर गए थे। हिमाचल प्रदेश के मनाली इलाके में भी हिमस्खलन से ऐसी दुर्घटनाएं सामने आती रहती हैं। हालांकि हिमस्खलन वाले इलाकों में खतरे की चेतावनी वाली तख्तियां लगी होती हैं, फिर भी प्रशासन की मुस्तैदी और समय पूर्व दुर्घटना की चेतावनी जारी न हो पाने की वजह से दुर्घटनाएं हो ही जाती हैं।मगर पहाड़ों की पीड़ा दिन-ब-दिन इस बात से अधिक बढ़ती जा रही है कि वहां विकास के नाम पर अतार्किक निर्माण कार्य होने लगे हैं। पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए सड़कों, पुलों, होटल, मोटल, दुकानों आदि के निर्माण बड़े पैमाने पर होने लगे हैं। इससे पहाड़ों को तोड़ने, नदियों और नालों की जलधारा मोड़ने या अवरुद्ध कर देने की प्रवृत्ति भी बढ़ी है।सैलानियों को लुभाने की मंशा से बहुत सारी नदियों के किनारे और उनके भीतर तक अतिक्रमण कर खाने-पीने, मनोरंजन, यहां तक कि रुकने-ठहरने के लिए ढांचे खड़े कर लिए गए हैं। उत्तराखंड में बादल फटने की वजह से हुई तबाहियों के पीछे बड़ा कारण यही था कि खुदाई के चलते वहां के पहाड़ हिल कर भुरभुरे हो गए हैं, नदियों की जल संग्रहण क्षमता काफी घट गई है।इससे नदियों का पानी उफन कर सड़कों और रिहाइशी इलाकों में पहुंच जाता है। कश्मीर के सोनमर्ग में भी यही हुआ। हालांकि प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए समस्या पर काबू पा लिया, मगर यह इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में ऐसी दुर्घटनाएं बड़ी तबाही का कारण भी बन सकती हैं।

जरूरी है बेल कानून

सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार से यह पूछना मायने रखता है कि जमानत के प्रावधानों से संबंधित नया कानून लाने पर काम हो रहा है या नहीं। दरअसल, यह मामला सुप्रीम कोर्ट के ही जुलाई 2022 में दिए एक आदेश से जुड़ा है। उसमें कोर्ट ने केंद्र सरकार को कहा था कि जिन मामलों में अधिकतम सजा सात साल से कम हो, उनमें जमानत को लेकर नया कानून बनाया जाए। इस संबंध में जो कोर्ट की चिंता है, वह देश के सिविल सोसाइटी सदस्यों की बातों से भी लंबे समय से झलकती रही है। जुलाई 2022 के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने उसे इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया था कि भारत को कभी पुलिस स्टेट में तब्दील नहीं होना चाहिए। इसे लेकर हमेशा सचेत रहना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि आजादी के बाद से भारत लोकतंत्र की राह पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ता रहा है। अगर थोड़ा आगे-पीछे आजाद हुए अन्य देशों के अनुभवों के मुकाबले देखा जाए तो भारत में लोकतंत्र की जड़ें कहीं ज्यादा गहरी हैं। लेकिन फिर भी पुलिसिया ताकतों के गैरजरूरी इस्तेमाल की शिकायतें मिलती रहती हैं। और, दुर्भाग्य से उनमें से ज्यादातर शिकायतें ऐसी होती हैं, जिन्हें निराधार कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। यहां इस तथ्य को रेखांकित करना खास तौर पर जरूरी है कि यह समस्या किसी एक राजनीतिक दल से जुड़ी नहीं है। अगर ऐसा होता तो इस अर्थ में अच्छा था कि तब समस्या का समाधान अपेक्षाकृत आसान होता। लेकिन अलग-अलग कालखंडों की बात तो दूर, एक ही समय में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकार होने के बावजूद वहां से ऐसी शिकायतें मिलती रहती हैं। शायद यह भी एक वजह है कि अदालतों ने इसे लेकर सख्त रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्टों के ऐसे कई आदेश हैं जो बताते हैं कि सरकारी तंत्र को नागरिकों के अधिकारों को लेकर ज्यादा संवेदनशील होने की जरूरत है। अनावश्यक गिरफ्तारी या जमानत में देरी के अलग-अलग मामलों से निपटते हुए ऊपरी अदालतें ऐसे निर्देश देती रही हैं। लेकिन उनका ज्यादा असर नहीं दिखा तो उसकी एक वजह यह भी है कि इस बारे में कोई ऐसा स्पष्ट कानून नहीं है, जो राज्यों में कानूनी एजेंसियों के लिए मार्गदर्शन का काम करे। जाहिर है, सुप्रीम कोर्ट का यह दखल जरूरी और महत्वपूर्ण है। अगर सरकार ने अब तक कानून बनाने की दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं की है।



आर.के. सिन्हा

पूर्व सांसद, राज्य सभा

अब कुछ हफ्तों के बाद ही देश में लोकसभा चुनावों की घोषणा हो जाएगी। पर उत्तर प्रदेश (यूपी) को छोड़कर देश के लगभग सभी राज्यों की लोकसभा सीटों के लिए कांटे की टक्कर होने की संभावना है । लेकिन, उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर नतीजे कुल मिलाकर लगभग तय हैं। यह बात उत्तर प्रदेश के शिखर सियासी नेताओं से लेकर आम इंसान तक को भलीभांति यह पता हैं। कभी जंगलराज, भाई भतीजावाद, भ्रष्टाचार से जूझने वाला यूपी अब भारी-भरकम मोटा निवेश भी खींच रहा है। सात साल पहले तक तो यूपी की गिनती बीमारु राज्यों में होती थी, लोग मजाक में यू.पी. को उल्टा प्रदेश भी कहते थे I लेकिन, आज यूपी की पहचान देश के खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में भी होने लगी है। यूपी आज विकास की असीमित संभावनाओं के प्रदेश के रूप में स्थापित हो चुका है। यूपी देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश दूसरे अब नंबर पर है। देश में सर्वाधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की संख्या के मामले में भी आज यूपी अव्वल है। राज्य में डिजिटल लेनदेन में एक साल में तीन गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। यही नहीं राज्य में डीमैट खातों की संख्या में भी सकारात्मक बढ़ोत्तरी हुई है। आज अगर यूपी में चौतरफा विकास हो रहा है, तो इसका मुख्य श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही जाता है। देश की यूपी की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल औऱ कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कोई बहुत अवसर नहीं हैं। योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी भाजपा का अभेद्य किला बनकर उभरा है। 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सूबे की 80 में से 64 सीटें अकेले दम पर जीत ली थीं। इसी तरह वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने अकेले दम पर कुल उत्तर प्रदेश विधान सभा की 403 सीटों में से 225 सीटें जीत कर उत्तर प्रदेश की सत्ता में धमाकेदार वापसी की।

अपने सहयोगियों के साथ भाजपा की सीटों का आंकड़ा 272 तक पहुंच गया। इस जीत ने योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को एक प्रकार से प्रतिष्ठित कर दिया। बेशक अब लोकसभा चुनाव में भी यूपी भरेगा भाजपा की झोली। योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में यूपी का नया फुल फॉर्म भी बताया। वे कहते हैं कि यूपी का मतलब है अनलिमिटेड पोटेंशियल। बीते दिनों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2024 के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी के अलावा पीएम मोदी भी लखनऊ में थे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा, देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर और हमारी नीतियों पर विश्वास जताया। उत्तर प्रदेश को अबतक लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्राप्त हो चुके हैं और आते ही चले जा रहे हैं । इन्ही प्रयासों को धरातल पर उतारने का आज उत्सव है। नया उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनकर भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित उत्तर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। पिछले 7 वर्षों में यूपी में निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में कई प्रयास किए गए हैं। यूपी पर नजर रखने वालों को पता है कि राज्य में निवेश तो आ ही रहा है। साथ ही सरकार की तरफ से यह भी कोशिशें हो रही हैं ताकि कभी अपनी कपड़ा मिलों और मजदूरों के लिए मशहूर रहे कानपुर को फिर से उसका पुराना गौरव मिल जाए। कानपुर में आईटी सेक्टर के अलावा इलेक्ट्रानिक सामान और आटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े उत्पादों का उत्पादन करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। कानपुर से देश के उत्तर, पूर्व तथा पश्चिम राज्यों के बाजारों में पहुंचने की सुविधा है। कानपुर में आटो और आटो पार्ट्स की अनेक इकाइयां खड़ी हो सकती हैं। चूंकि राज्य सरकार अपने यहां आने वाले निवेशकों को टैक्स में भी छूट दे रही है, इसलिए कानपुर में निजी क्षेत्र के निवेश का होना तय है। गुस्ताखी माफ, कुछ साल पहले तक किसने सोचा था कि यूपी खेलों के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाने लगेगा। जरा याद करें चीन के हांगझोऊ शहर में हुए एशियाई खेलों को। भारत के पदकों का शतक पूरा कराने में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है।एशियाई खेलों के महाकुंभ में पहली बार यूपी से कुल 36 एथलीटों ने अपनी चमक दिखाई। इन खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण, आठ रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह पहला मौका था जब यूपी के खिलाड़ियों की झोली में इतने सारे पदक आए हों। इससे पहले 2018 के जकार्ता और 2014 के इंचियॉन (दक्षि ण कोरिया) में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने 11-11 पदक ही जीते थे। उत्तर प्रदेश की खेल राजधानी के नाम से प्रसिद्ध मेरठ जिले के खिलाड़ियों ने सबसे चौंकाने वाला प्रदर्शन किया है। एशियाई खेलों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 एथलीटों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। इनमें से छह मेरठ जिले से हैं और चार ने दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते हैं। बेशक, खेलों में यूपी के बढ़ते कदम साफ संकेत हैं कि राज्य को अब विकास का रास्ता मिल गया है। जिस राज्य में खेलों का स्तर सुधर रहा है,समझ लें कि उस राज्य का विकास हो रहा है। जिस यूपी से कुछ साल पहले तक कोई सुकून भरी खबर आती ही नहीं थी वहां से सकारात्मक खबरों का आना सुखद है। यूपी से अब दंगा-फसाद या गैंग वार की खबरें नहीं आती। अब वहां के सरकारी दफ्तरों में काहिल बाबुओं के लिए कोई जगह नहीं बची है। यूपी की विकास यात्रा से पड़ोसी बिहार को भी सबक लेना होगा। तो अगर यूपी बदल रहा है तो साफ है कि वहां की जनता के चेहरे पर खुशी को पढ़ा जा सकता है। इस बदलाव के पीछे योगी आदित्यनाथ का कुशल नेतृत्व है। बदलता-आगे बढ़ता यूपी अपना फैसला लोकसभा चुनाव के वक्त दे देगा। हालांकि उस नतीजे का सबको पता है।

बच्चों के छोटे हाथों को चांद-सितारे छूने दो

(अक्षय शुक्ला)

स्कूल बसों के आने का समय हो गया था। सोसायटी के गेट पर बने बस स्टॉप पर अभिभावक बच्चों के आने का इंतज़ार कर रहे थे। कुछ महिलाएं आपस में बात कर रही थीं। सनी के पेपर कैसे जा रहे हैं भाभीजी, अब तो नौवीं में आ जाएगा, उसके बारे में कुछ सोचा आपने? जवाब मिला, अभी तो कुछ नहीं सोचा, उसका मन तो दिन भर खेल-कूद में ही लगा रहता है, पता नहीं क्या करेगा। पहली वाली ने कहा, हमने तो हमारे मोनू के बारे में तय कर लिया है, अब आठवीं में आ जाएगा, यही सही समय होता है इन्हें कोचिंग में डालने का, मोनू के पापा तो उसे कोटा भेजने की तैयारी में हैं, अभी से कोचिंग शुरू होगी तभी आईआईटी की सीट की गारंटी रहेगी। मोनू की मां के इस अति आत्मविश्वास से सनी की मां के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिख रही थीं। उन्होंने पूछा, अभी तो बहुत छोटा है, वहां कैसे रहेगा? मोनू की मां बोलीं, अरे उसकी उम्र के बहुत से बच्चे वहां पढ़ रहे हैं, कुछ समय के लिए मैं भी साथ चली जाऊंगी और जब अडजस्ट हो जाएगा तो हॉस्टल में डाल देंगे। इतनी देर में बस आ गई। सनी और मोनू अन्य बच्चों के साथ मस्ती करते हुए बस से उतर रहे थे, इस बात से एकदम अनजान कि बस स्टॉप पर ही उनका भविष्य तय कर लिया गया है। यह अकेली इनकी कहानी नहीं, ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्हें यह लगता है कि कोटा के कोचिंग संस्थानों के पास मानो कोई चमत्कारिक बूटी है कि वो बच्चे को इंजीनियर या डॉक्टर बना देंगे। इसी उम्मीद के साथ वे कम उम्र में ही बच्चों को वहां भेज रहे हैं। बच्चा क्या करना चाहता है, उसका किस चीज़ मे मन लगता है, इसे नज़रंदाज़ करते हुए, उस पर अपने अरमानों का बोझ लाद देते हैं। यही वजह है कि इनमें से कई बच्चे मानसिक दबाव झेल नहीं पाते। पिछले दस साल में कोटा में 124 स्टूडेंट्स ने खुदकुशी की है। पिछले साल 25 छात्रों ने जान दे दी। साल 2024 के पहले दो महीनों में ही चार छात्र स्यूसाइड कर चुके हैं। राजस्थान सरकार ने सदन में दिए लिखित जवाब में कोचिंग के छात्रों के जान देने के चार मुख्य कारण बताए हैं- टेस्ट में खराब प्रदर्शन पर आत्मविश्वास कम होना, पैरेंट्स की उम्मीदों का दबाव, शारीरिक व मानसिक तनाव और पैसों की कमी। कुछ मामले ब्लैकमेल और लव अफेयर्स के भी हैं, लेकिन इनकी संख्या बेहद कम है। ज़्यादातर मामले पैरेंटल प्रेशर और परीक्षा में स्कोर न कर पाने से उपजे तनाव के ही हैं। दरअसल, सारे कोचिंग सेंटर्स वीकली टेस्ट लेते हैं। और ये टेस्ट एवरेज और बिलो एवरेज स्टूडेंट्स के कॉन्फिडेंस को बुरी तरह डगमगा देते हैं। ऐसे छात्रों के लिए काउंसलिंग सेशन आयोजित किया जाता है। कमज़ोर प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स के पैरेंट्स को भी सूचित किया जाता है। ऐसे बच्चे टेंशन में आ जाते हैं कि माता-पिता ने इतना खर्च किया है, इतने सपने पाले हैं, उन्हें खराब परफॉरमेंस का पता चलेगा तो क्या होगा? और यही, कुछ बच्चों के लिए, घातक कदम उठा लेने का ट्रिगर पॉइंट बन जाता है। कोचिंग सेंटर्स के बीच भी इंजीनियर्स और डॉक्टर्स पैदा करने की होड़ ने कई बुराइयों को जन्म दे दिया है। इन संस्थानों को सिर्फ नंबर लाने वाले छात्रों से ही मतलब है, जिनके लिए अलग सेक्शन, बेस्ट टीचर्स की व्यवस्था की जाती है। ऐसी क्लास से बाहर रह जाने वाले बच्चों का कॉन्फिडेंस ही कम हो जाता है। ऐसे छात्र इन संस्थानों के लिए बस कमाई करने का ज़रिया बन गए हैं। एक क्लास में सौ से अधिक बच्चे एक साथ पढ़ते हैं। आप ही सोचिए कि बड़ी सी हॉलनुमा क्लास में एक टीचर इतने सारे बच्चों, खासकर पीछे बैठने वालों पर क्या ध्यान दे पाता होगा। खुदकुशी के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार 2018 में कोचिंग सेंटर्स के लिए गाइडलाइंस भी लाई, लेकिन उसका कोई असर नहीं दिखा। अब सरकार राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्यूट्स कंट्रोल एंड रेगुलेशन बिल लाने की तैयारी में है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5294

	4			1			6	
9		6	5		2			4
						9	5	
3	2						8	
1			7	5	9			2
	9						1	5
	7	4						
6			4		8	5		1
	5			2			9	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5293

2	5	4	8	9	7	6	3	1
3	6	7	2	4	1	9	8	5
8	1	9	3	6	5	7	4	2
7	4	8	1	3	6	2	5	9
6	2	1	5	8	9	4	7	3
5	9	3	7	2	4	1	6	8
4	8	2	6	1	3	5	9	7
9	3	5	4	7	2	8	1	6
1	7	6	9	5	8	3	2	4

आज का राशिफल

मेष

आज के दिन हर मामले में सावधानी रखकर कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। अपने कार्यकौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे और आपको आर्थिक लाभ होगा। घर गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीद सकते हैं और उसमें आपको लाभ होगा।

वृष

आज लाभ होगा। आज के दिन आपकी सभी महत्वाकांक्षाएं पूर्ण होंगी और आपके सुख में वृद्धि होगी। आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहेगा। यात्रा सामान्य लाभप्रद रहेगी। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने से कानूनी विवाद बढ़ सकता है और आपके सामने परेशानियां आ सकती हैं। शाम के वक्त किसी योजना के पूर्ण होने से आपको लाभ होगा।

कर्क

आज आर्थिक लाभ होगा। आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। परिवार में अचानक से किसी की तबियत खराब होने से आपको दौड़भाग करनी पड़ सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें। दोस्ती में किसी स्पेशल स्कीम का हिस्सा न बनें, जोखिम के कामों से दूर रहें।

सिंह

आज का दिन सफलता से भरा होगा। किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्द्ध में पिछले चार दिनों से चले आ रहे किसी विवाद का अंत होगा। आपकी कोई बात आपस में सलाह करने से सुलझ जाएगी। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें। रात का समय आनंद में बीतेगा।

मिथुन

आज आर्थिक लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। ऑफिस में आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने में कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कुछ लोग आपकी खलिाफत कर सकते हैं।

कन्या

आज आर्थिक लाभ होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर का आरंभ किया है उनको लाभ होगा और सफलता प्राप्त होगी। आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

तुला

आज आर्थिक लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। आज आपको ऑफिस में भी काम अधिक करना पड़ेगा, लेकिन आपकी लगन को देखकर अधिकारी आपसे प्रसन्न होंगे। आज आपको अच्छे कर्म करने का लाभ मिलेगा और हर कार्य में मनचाहा फल प्राप्त होगा। रात में मांगलिक कार्यक्रम में आपको भाग लेना पड़ सकता है।

वृश्चिक

आज आर्थिक लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। समाज में आपकी स्वच्छ छवि बनेगी और आपको आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रकार के विरोध के चलते भी संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे। आपको नई योजनाओं से लाभ होगा और आप पैसों के मामले में बचत कर पाएंगे।

मकर

आर्थिक लाभ होगा और आपके सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपकी भौतिक सुविधाएं बढ़ेंगी और कोई मेहमान आपके घर आ सकता है। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा और आपके व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात कहीं आउटिंग का अच्छा प्लान बन सकता है।

कुंभ

आज लाभ होगा और आपका दिन परोपकार में बीतेगा। कोई अधिकारी आपकी मदद और सहायता करने आगे आ सकते हैं। आपको आत्मसंतुष्टि प्राप्त होगी। किसी सांसारिक सुख से इसकी तुलना आप नहीं कर सकते। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। शाम का वक्त धार्मिक कार्य में बीतेगा।

धनु

आज लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आज का दिन आपके लिए भाग्योदयकारक है। जीवनसाथी एवं व्यापार में साझीदारों से आपको लाभ होगा और आपको सहयोग मिलेगा। अच्छे कार्य में आपकी रुचि बनी रहेगी और आपको लाभ होगा। नौकरीपेशा लोगों की उन्नति होगी और उन्हें सफलता प्राप्त होगी। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

मीन

आज ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं और आपके सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी और भाग्य साथ देगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और भाग्य का साथ मिलेगा। आपके उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बेहतर होगा कि आप अपने काम पर ध्यान दें।

वर्ग पहेली 5294

1	2	3	■	■	4		5
6			■	■		■	
	■	7	8	■	9		
10	11	■	12			■	
■	13	14		■	15		
16			■	17		■	■
■	18			■	■	19	20
21			■	22			

संकेत: बाएं से दाएं

1. 6 अप्रैल 1980 को भारत की मुख्या राजनीतिक पार्टी की स्थापना हुई (संक्षिप्त नाम) (3)
4. यूनान में यहां 6 अप्रैल 1896 को पहले आधुनिक खेलों की शुरूआत हुई (3)
6. जो असत्य हो, जो उचित न हो (3)
7. किस समय, किस वक्त (2)
9. इमारत या भवन बनाना, निर्माण रचना (3)
10. गति सामंजस्य, गाने में सुरताल मिलाने की क्रिया (2)
12. धतूरा, स्वर्ण (3)
13. श्रमादि कर धन उपार्जित करना (3)
15. चांद्रमास के शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि (3)
16. बैंगल आदि का बना चोखा (3)
17. अभ्युदय काल, बढ़ती का समय (2)
18. मूल्यवान, दामी (3)
19. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
21. प्रभात, सवेरा, भोर (2)
22. तैंतीस छोटे द्वीप वाला एक अरब देश जिसकी राजधानी मनामा है (4)

ऊपर से नीचे

1. भाग देने पर प्राप्त संख्या (4)
2. वारि, पंच तत्वों में से एक, पानी (2)
3. नर्क में गिराने वाला पाप (3)
4. अभिनेता जितेंद्र की स्टार टीवी धारावाहिक निर्मात्री (6)
5. संपूर्ण यात्रा वृतांत (5)
8. बकवास करना, अनर्गल बातचीत करना (3)
11. ईश्वर या खुदा का उर्दू में यह कहते है (5)
14. नाना, माता का पिता (2)
19. अवसर, बारी, इंनिग्स, टर्न, दांव, मौका (2)
20. तंदूर में पकायी जाने वाली मोटी खमीरी रोटी (2)

वर्ग पहेली 5293 का हल

ज	ग	जी	व	न	रा	म	■
य	■	व	र	दा	न	■	■
कि	सा	न	■	र	■	सं	त
श	ल	■	म	द	न	पु	री
न	न	दो	ई	■	म	ट	का
■	■	ह	■	रो	क	■	■
घ	ब	रा	ना	■	ख्वा	हि	श
न	म	ना	■	भा	र	त	■

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित

संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

संक्षिप्त समाचार

डीडीसी ने निर्मल हृदय में खिलाई फायलेरिया उन्मूलन की दवा

जमशेदपुर, एजेंसी। डीडीसी मनीष कुमार ने साकची के बाराद्वारी स्थित निर्मल हृदय पहुंच कर लोगों को फाइलेरिया उन्मूलन की दवा खिलाई। इस मौके पर उन्होंने सभी लोगों को आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान एक महत्वपूर्ण अधिकार है, और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वे मतदान में भाग लें और लोकतंत्र को मजबूत करें। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी को निर्देश दिया कि हर महीने नियमित रूप से चिकित्सीय दल को भेजकर आश्रम में रह रहे लोगों की स्वास्थ्य जांच कराएं। इस अवसर पर सिविल सर्जन, डीएमओ समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आसनबनी से मानगो शिफ्ट हो रहा एनएचएआई कार्यालय

जमशेदपुर, एजेंसी। राष्ट्रीय उच्च पथ प्राधिकार (एनएचएआइ) का कार्यालय मानगो शिफ्ट हो रहा है। यह कार्यालय पारडीह के पास मारुति शोरूम के पास प्रोफेसर कॉलोनी में एनएच के बगल में ही है। आसनबनी स्थित कार्यालय को इस माह छोड़ दिया जाएगा। आसनबनी कार्यालय से सामानों की ढुलाई शुरू हो गई है। कागजात वहां से मानगो कार्यालय ढोए जा रहे हैं। एक मार्च से मानगो से ही काम करने की योजना है। आसनबनी का कार्यालय 2014-15 से चल रहा था। बताया जाता है कि किराए के कार्यालय को तोड़कर मकान मालिक अपने प्रोजेक्ट का विस्तारीकरण करने वाले हैं। एनएचएआइ के कार्यालय के अधीन पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और रांची जिले में पड़ने वाले एनएच-33, एनएच 32 और एनएच-6 का हिस्सा आता है।

झारखंड में 4981 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पास, हंगामे के बीच सरकार ने गिनाया काम

रांची, एजेंसी। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा है कि अगले वित्तीय वर्ष तक सरकार राज्य से कर्ज पर सूद का बोझ खत्म कर देगी। बजट सत्र के दूसरे दिन सोमवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए झारखंड विधानसभा में पेश 4981 करोड़ रुपए के तीसरे अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई। विपक्ष के भारी हंगामे के बीच यह सदन से पास हुआ। अनुपूरक बजट पर विपक्ष के लाए कटौती प्रस्ताव पर सरकार का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि पूर्व की सरकारों में 11 से 12 प्रतिशत सूद पर राशि ली जाती थी। हमारी सरकार ने कर्ज लौटाने का काम किया। वित्त मंत्री ने भरोसा दिलाया कि अगले वित्तीय वर्ष तक सरकार सूद का बोझ ही खत्म कर देगी ताकि इसका असर राज्य की जनता पर कम से कम पड़े। उन्होंने कहा कि बजट की राशि कितनी खर्च हुई, इसकी सही जानकारी विपक्ष को होनी चाहिए। विपक्ष का कहना है कि सरकार अभी तक वित्तीय वर्ष 2023-24 की बजट राशि का केवल 54 प्रतिशत राशि ही खर्च कर पाई है। यह पुराने आंकड़े हैं। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी 2024 तक सरकार 75,684 करोड़ की राशि खर्च कर चुकी है। इस माह तक 25,000 करोड़ रुपए और खर्च होने की संभावना है। वित्त मंत्री ने कहा कि विपक्ष सरकार के वित्तीय प्रबंधन पर सवाल उठा रही है। पहले की सरकार में 84,000-85,000 करोड़ रुपए तक का बजट होता था, लेकिन हमारी सरकार आते ही यह राशि 1,16000 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। इससे अच्छा बेहतर वित्तीय प्रबंधन और क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में झारखंड सरकार के सिंकिंग फंड में अभी 1600 करोड़ रुपए जमा है। वहीं, राज्य सरकार ने राजकोषीय घाटा को कम करने में काफी सफलता पाई है।

कांग्रेस केवल राजनीतिक लाभ के लिए आदिवासी हितैषी होने का ढोंग करती है : बाबूलाल मरांडी

रांची, एजेंसी। कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने भाजपा का दामन थामा तो भ्रष्टाचार पर मधु कोड़ा को घेरने वाली भाजपा इस मामले में पूरी तरह साफ्ट हो गई। भाजपा की सदस्यता थामने के बाद गीता कोड़ा की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने मधु कोड़ा सरकार में स्वयं मधु खाया और मधु कोड़ा को कोड़ा खाने को छोड़ दिया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल सत्ता की भूखी पार्टी है। मधु कोड़ा के नेतृत्व में सरकार बनाकर कांग्रेस ने सारा मधु चट कर जाने के बाद गरीब आदिवासी को कोड़ा खाने के लिए छोड़ दिया।

बाबूलाल मरांडी ने मधु कोड़ा के सवाल पर कहा कि वह भाजपा से जुड़ें या नहीं, लेकिन वह हमेशा पार्टी के साथ ही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को आदिवासी हित की चिंता नहीं। केवल राजनीतिक लाभ के लिए वह आदिवासी हितैषी होने का ढोंग करती है। पहले शिबू सोरेन, लालू प्रसाद यादव, अहमद पटेल ने मिलकर आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन को लूटा फिर मधु कोड़ा को फंसाकर छोड़ दिया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मधु कोड़ा की गिरफ्तारी के दौरान झारखंड भवन में मिले गोपनीय कागजात तथा बरामद गाड़ी में कांग्रेस और राजद के नेताओं के लूट में संलिप्तता के प्रमाण हैं, जिसे जनता के बीच उजागर होना चाहिए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी समाज से भी भेदभाव करती है। आज राज्य का सबसे बड़ा जमींदार शिबू सोरेन परिवार है। जिसके पास रातू, पद्मा महाराज से भी ज्यादा जमीन है। इसीलिए कांग्रेस पार्टी

आज हेमंत सोरेन को बचाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च करती है, हेमंत सोरेन को महंगे वकील के माध्यम से बचाने की हर संभव कोशिश करती है, जबकि मधु कोड़ा को अकेला भुगतने के लिए छोड़ दिया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गीता कोड़ा के पार्टी में आने से भाजपा का जनाधार न सिर्फ कोल्हान में, बल्कि पूरे झारखंड में बढ़ेगा।

सिंहभूम में 2009 से कोड़ा परिवार का दबदबा : कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा के भाजपा में आने से सिंहभूम में भाजपा का प्रभाव बढ़ेगा। सिंहभूम सीट पर 2009 से कोड़ा परिवार का दबदबा रहा है। साल 2009 में मधु कोड़ा ने पहली बार निर्दलीय सिंहभूम सीट से चुनाव लड़ा था। तब उन्हें 44.3 प्रतिशत वोट मिला था। उनके प्रतिद्वंद्वी भाजपा के बड़कुंवर गगराई को 28.8 प्रतिशत व कांग्रेसी दिग्गत बागुन सुम्ब्रई को 16.5 फीसदी वोट हासिल हुआ था। मधु कोड़ा तब 89673 वोट से विजयी रहे थे। साल 2014 की मोदी लहर में गीता कोड़ा ने पहली बार जय भारत समानता पार्टी बनाकर चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें तब 27.1 फीसदी वोट मिला था। उस दौरान भाजपा के लक्ष्मण गिलुआ 38.1 प्रतिशत वोट लाकर विजयी रहे थे। वहीं, कांग्रेस के चित्रसेन सिंकू तीसरे नंबर पर रहे थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में गीता कोड़ा ने कांग्रेस का दामन थाम चुनाव लड़ा, तब वह 49.1 प्रतिशत वोट लाकर विजयी रहीं, वहीं गिलुआ को 40.9 प्रतिशत वोट मिला। कोड़ा परिवार का कब्जा जगन्नाथपुर विधानसभा सीट पर भी साल 2000 से रहा। पहली बार मधु कोड़ा भाजपा के टिकट पर जगन्नाथपुर से जीतकर बाबूलाल मरांडी के कैबिनेट में मंत्री बने थे। साल 2005 के चुनाव में उन्होंने निर्दलीय इस विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। 2009, 2014 में गीता कोड़ा ने जय भारत समानता पार्टी की टिकट पर जगन्नाथपुर सीट पर जीत दर्ज की। साल 2019 में वह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ीं और सांसद बनीं तो परिवार के करीबी सोनाराम सिंकू को कांग्रेस के टिकट पर उम्मीदवार बनाया, सिंकू इस सीट पर विजयी हो पहली बार विधानसभा पहुंचे।

बदला मौसम का मिजाज, तेजी से चल रही हवा; गरज-चमक को लेकर यलो अलर्ट जारी

रांची, एजेंसी। राजधानी व आसपास के जिलों के साथ साथ पूरे राज्य के मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा बह रही है। आसमान में छाए आंशिक बादल ने तापमान में परिवर्तन ला दिया है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूर्वानुमान की बात करें तो 27 फरवरी को राज्य के पश्चिमी हिस्से पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा, निकटवर्ती मध्य हिस्से यानी रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, बोकारो व गुमला के साथ साथ दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में कहीं कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

वहीं, 28 फरवरी को भी रांची समेत आसपास के जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे और मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। इसके बाद 29 फरवरी और 1 मार्च को आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं 2 और 3 मार्च को राज्य के उत्तर पश्चिमी हिस्सों में मेघगर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि 27 फरवरी को राज्य के पश्चिमी, निकटवर्ती मध्य भाग व दक्षिणी हिस्सों में 30 से 40 किमी की रफ्तार से तेज हवा के बहने के साथ साथ वज्रपात होने की संभावना जताई गई है। इसे लेकर विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने कहा कि तेज हवा के चलते बिजली के खंभे, लटकते तार और पेड़ की टहनियों के गिरने की संभावना रहती है इसलिए भूलकर भी बाहर सुरक्षित स्थान के रूप में पेड़ का सहारा न लें। विभिन्न जिलों में तेज हवा के साथ वज्रपात की भी संभावना है इसलिए जहां तक संभव हो सुरक्षित स्थान पर ही रहें।

अबुआ आवास में भी भ्रष्टाचार के आरोप, बीडीओ तक पहुंची शिकायत बगैर सर्वे खास लोगों को दिया जा रहा है लाभ

जामताड़ा, एजेंसी। झारखंड सरकार गरीबों को आवास देने के लिए जोर- शोर से अबुआ आवास योजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। अब इस योजना में भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने लगी है। जामताड़ा जिले के कुशबेडिया ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना में पंचायत सचिव, पंचायत के मुखिया तथा पंचायत समिति सदस्य पर गलत तरीके से आवास आवंटन करने का आरोप लगाते हुए जामताड़ा बीडीओ से शिकायत की है।

ग्रामीणों में सुबल गोराय, प्रदीप पाल, गुणोधन मल्लिक, अनिमा मल्लिक, दिलीप मल्लिक आदि ने शिकायत में कहा है कि उक्त जनप्रतिनिधियों की मिलिभगत से हमारे पंचायत के कई पक्के मकानों में रहने वालों को

जबकि कई ग्रामीण कच्चे मकान में प्लास्टिक डाल कर रात गुजार रहे है उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ नही दिया जा रहा है। ग्रामीण मांग कर रहे है कि जो अयोग्य है उनका नाम सूची से हटाया जाय और जो योग्य लाभुक है उनका नाम सूची में शामिल किया जाए।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जनप्रतिनिधि बिना सर्वे के ही खास लोगों को आवास आवंटन कर रहे है। आवास आवंटन करने के एवज में पैसों की मांग कर रहे है। इसी तरह पिछली बार भी गड़बड़ी हुई थी जिसके बाद योजना धरी रह गयी किसी का मकान नही बन पाया था। इस सम्बंध में जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।

मामले को लेकर पंचायत सचिव महादेव पोद्दार, मुखिया मनोरंजन मरांडी, पंचायत समिति सदस्य बासुदेव गोराय ने ग्रामीणों के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि पैसे लेने की बात अगर कोई साबित कर दे तो जेल जाने के किये तैयार है। कुशबेडिया में करीब 5 सौ अबुआ आवास का लक्ष्य रखा गया है लेकिन पहली किस्त में 48 आवास की ही स्वीकृति मिल पाई है। बारी बारी से सबको आवास उपलब्ध कराया जाएगा।मामले की जांच कर रहे जामताड़ा बीडीओ प्रवीण चौधरी ने कहा कि शिकायतों की जांच की जा रही है। हमारी कोशिश यही है कि किसी अयोग्य को आवास न मिले और कोई योग्य लाभुक इससे वंचित भी न हो। अगर सूची में किसी अयोग्य का नाम है तो हटाया जाएगा। सिलसिलेवार सभी को आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।

राज्य गठन के बाद पलामू में बना चार आरओबी, किसे मिलेगा फायदा

पलामू , एजेंसी। पलामू प्रमंडल क्षेत्र में रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण कार्य लगातार जारी है। इसने आवागमन को काफी सुगम बना दिया है। झारखंड राज्य गठन के बाद से पूरे पलामू प्रमंडल में चार आरओबी का निर्माण हुआ है। कई निर्माण कार्य प्रगति में हैं। इनके पूरा होने के बाद यातायात व्यवस्था के और बेहतर हो जाने की उम्मीद है।

बता दें, झारखंड गठन के पूर्व तक पूरे प्रमंडल में मात्र दो आरओबी दिखते थे। एक मेदिनीनगर शहर तो दूसरा पलामू जिले के रेहला में। वहीं, राज्य गठन के बाद एक मेदिनीनगर शहर में जेलहाता और सूदना मोहल्ले के बीच, दूसरा गढ़वा शहर के उंचरी मोहल्ला में, तीसरा हुसैनाबाद में और चौथा गढ़वा रोड और तोलरा स्टेशन के बीच में नेशनल हाइवे-39 के फोरलेन अपग्रेडेशन कार्य के तहत रेल ओवर ब्रिज बनाया गया। इधर, डालटनगंज और कजरी रेलवे स्टेशन के बीच मेदिनीनगर शहर के तीसरे आरओबी का निर्माण कार्य प्रक्रिया के अधीन है। अगले दो वर्षों में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इधर, पलामू प्रमंडल में तीन अन्य रेलवे ओवरब्रिज बनाने को लेकर लगातार मांग उठ रही है। इसमें लातेहार में चंदवा-डोभी एनएच पर प्रस्तावित ओरओबी का निर्माण कार्य कानूनी पेचीदगी में फंसा हुआ है। पलामू के हैदरनगर और गढ़वा जिले के बंशीधर नगर में भी आरओबी निर्माण को लेकर मांग उठ रही है। ट्रेनों का परिचालन बढ़ने से आवागमन में रुकावट ज्यादा हो रही है। इसके कारण यहां आरओबी के शीघ्र निर्माण की मांग उठ रही है।

जमीन को लेकर मामला अदालत में : धनबाद रेल मंडल के वरीय अभियंता हंसराज मीणा ने बताया कि चंदवा के टोरी स्टेशन के पास आरओबी निर्माण से संबंधित जमीन को लेकर मामला अदालत में है। इसके कारण निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रक्रिया लंबित है। मीणा ने कहा कि सुरक्षा व संरक्षा को बढ़ाने तथा आवागमन को सुगम बनाने के लिए लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) का तकनीक अपेक्षाकृत कम बजट का है। रेलवे बोर्ड ने आम नागरिकों व ग्रामीणों की एलएचएस से संबंधित हर तथ्यपरक मांग को पूरा करने का निर्णय लिया है।

टीआरएल विभाग का पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन : 43 साल बाद पहली बार हुआ आयोजन

रांची, एजेंसी। मधुर स्मृतियों के साथ जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय की ओर से आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम मधुस्मृति संपन्न हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विवि के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और झारखंड ओपन यूनविर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू थे।

1980 में विभाग शुरू होने के बाद पहली बार पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं मिलन समारोह कार्यक्रम मधु स्मृति का आयोजन किया गया । नागाड़े की गूंज और मांदर की थाप के साथ आदिवासी लोक गीत और संगीतों के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया और छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रांची विवि के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि इस विभाग के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का अहम योगदान है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अध्ययन जारी रखा

और विभाग को मुकाम हासिल करने में सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की बहुत सी प्राचीन भाषाएं अब विलुप्ति के कगार पर है, पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का यह कर्तव्य है कि हम प्राचीन कला, संस्कृति और भाषा अक्षुण्ण कैसे रखें, इस पर सहयोग करें। कुलपति ने कहा कि विवि प्रशासन जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में एक संग्रहालय बनाने पर भी विचार कर रहा है, जिससे यहां की कला, संस्कृति, सभ्यता और भाषा को संरक्षित करने में सहयोग मिलेगा।

डॉ श्यामा प्रसाद विवि के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भाषा और संस्कृति को संरक्षित करने में यहां के विद्वानों का अभूतपूर्व योगदान है। झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू ने कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग झारखंड की संस्कृति का प्रतिबिंब है। यहां पढ़ाई जाने वाली नौ भाषाएं यहां के नवरत्न है। भाषायी विविधता के बावजूद हम एक हैं। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के समन्वयक सह आयोजन के अध्यक्ष डॉ हरि उरांव ने कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय से पढ़कर दूर-दूर तक विद्यार्थी अपनी और विभाग का पहचान स्थापित करा रहे हैं। राजनीति, प्रशासन, समाजसेवा और शिक्षक सहित अन्य क्षेत्रों में यहां के विद्यार्थी परचम लहरा रहे हैं। भविष्य में समाजहित के लिए भी यह संगठन मधुस्मृति कार्य करेगा।

रांची विवि के प्रथम बैच के विद्यार्थी और रामलखन सिंह यादव कॉलेज के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ खालिक अहमद ने कहा कि अपने हक और हकूक के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग ही एक ऐसा स्थान था, जहां के विद्यार्थियों से लोग लोहा नहीं लेना चाहते थे। विभाग के प्राचीन गौरव को पुनः स्थापित करने की जरूरत है।आईपीएस अधिकारी और पूर्ववर्ती छात्र विजय आशीष कुजूर और विधायक डॉ लंबोदर महतो (पूर्ववर्ती छात्र) ने भी कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों का हौसलाफजाई किया।

जारंगडीह रेलवे लाइन में हुआ हादसा-मालगाड़ी ट्रेन के चपेट में आने से एक वृद्ध की हुई मौत

बोकारो, एजेंसी। बोकारो थर्मल - जारंगडीह रेलवे स्टेशन समीप बरावाबेड़ा रेलवे साइडिंग पोल नंबर 39/6 और 39/4 में अज्ञात मालगाड़ी ट्रेन के चपेट में आने से एक 90 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी । घटना के बाद लोगों के द्वारा आरपीएफ रेलवे पुलिस एवं बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेश सिंह को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही बोकारो थर्मल थाना से एएसआई सत्येंद्र सिंह, बैजून मरांडी , शैलेंद्र मुर्मू, दलबल के साथ पहुंचे । इनके अलावे आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक यूके पांडे, अरुण तिवारी पहुंचे। मृतक की पहचान जारंगडीह निवासी दयाल मंडल के रूप में किया गया।

पुलिस द्वारा मृतक के घर वालों को सूचना किया गया। सूचना मिलते ही उप मुखिया इम्तियाज अंसारी, ललित रजक, एवं मृतक के पुत्र दुलो मंडल घटना स्थल पहुंचे। मृतक के पुत्र दुलो मंडल ने कहा कि कल से ही हमारे पिता घर से निकले थे । इनके दिमागी हालत ठीक नहीं था। हम लोग कल से ही काफी खोजबीन किए लेकिन पता नहीं चला।

अल्पसंख्यक क्षेत्रों में लोग नहीं खा रहे फाइलेरिया रोधी दवा

धनबाद, एजेंसी। फाइलेरिया से बचाव के लिए जिला में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिला रहे हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। बावजूद वासेपुर समेत जिला के क्षेत्रों में यह अभियान अपने मुकाम तक नहीं पहुंच पा रहा। लोग दवा खाने से इनकार कर दे रहे हैं। नतीजा यह अभियान अपने लक्ष्य के विरूद्ध 85 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

बता दें कि जिला में 10 फरवरी से फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 25 फरवरी तक चला। 26 लाख 52 हजार 960 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य था। तय तिथि तक लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। जिसके कारण अभियान की तिथि बढ़ाकर 29 फरवरी की गई। बावजूद परिणाम संतोषजनक नहीं आ रहा है। उपलब्धि 85.23 प्रतिशत तक पहुंच पाई है। अधिकारियों के अनुसार वासेपुर, टिकियापाड़ा, झरिया के शाह नगर, शमशेर नगर आदि क्षेत्रों में लोग दवा नहीं खा रहे हैं। टुंडी के कदइयां, केस्का, लटानी समेत गोविंदपुर आदि क्षेत्र की उपलब्धि काफी कम है। जागरूकता का भी असर नहीं-इन क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया था। बावजूद लोग दवा खाने को तैयार नहीं हो रहे हैं। काफी कहने पर लोग बाद में दवा खाने का आश्वासन देकर मांगने लगते हैं।

झारखंड के डाकघर पर निर्भर पश्चिम बंगाल के 3 गांवो का पता

रांची, एजेंसी। कहीं भी अगर डाक या तार सेवा पहुंचानी हो तो उस इलाके के पिनकोड के बिना डाक पता अधूरा है। लेकिन झारखंड की सीमा पर पश्चिम बंगाल के तीन गांव ऐसे हैं, जहां के लोगों के घरों पता आज भी झारखंड के डाक घर पर ही निर्भर है। जामताड़ा जिले के मिहिजाम सब डाकघर से पश्चिम बंगाल के तीन गांवों धांगुड़ी, डोमदाहा और कासीडंगाल गांव के लोगों का का पिन कोड का पता चलता है। ये तीनों गांव पश्चिम बंगाल के सबसे पश्चिमी छोर पर स्थित हैं।

बताया जाता है कि 257 वर्ष पूर्व ब्रिटिश काल के दौरान भारत में शुरू हुई डाक सेवा काल से ही इन गांवों का डाक पता राज्य विभाजन के बाद भी झारखंड में रह गया। डाक विभाग की स्थापना के बाद से ही इन तीनों गांवों को झारखंड के अंतर्गत मिहिजाम डाकघर में शामिल किया गया। हालांकि धांगुड़ी, डोमदाहा व कासीडंगाल गांव बंगाल के पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल उपखंड के तहत सालानपुर प्रखंड में स्थित है। यहां की सभी प्रशासनिक गतिविधियां पश्चिम बंगाल में हैं, लेकिन डाकघर झारखंड के अधिकार क्षेत्र में है।

इसके चलते पत्र, मनीआर्डर, बैंक चेक बुक, सरकारी सेवा दस्तावेज, नौकरी में शामिल होने के पत्र से लेकर हर चीज झारखंड राज्य में घूम कर तीन गांवों के लोगों के हाथों तक पहुंचती है। इससे पत्र पहुंचने में देरी और अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है। इसलिए स्थानीय लोग लंबे समय से इन गांवों को निकट के हिंदुस्तान केबल्स या रूपनारायणपुर उपडाकघर से जोड़ने की मांग कर रहे हैं।

आसनसोल मंडल के सहायक डाकघर अधीक्षक ने सालानपुर प्रखंड विकास अधिकारी को पत्र लिख कर इन गांवों के लगभग 650 निवासियों के लिए एक नया डाकघर शुरू करने की सलाह दी है। यहां के ग्रामीण बताते हैं कि वोटर कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक आदि दस्तावेज कहीं प्रस्तुत करने में दिक्कत होती है। पश्चिम बंगाल में जाओ तो लोग झारखंड का बताते है और झारखंड में जाओ तो लोग हमें पश्चिम बंगाल का बताते हैं। ऐसे में या तो हमें पश्चिम बंगाल में ही पूरी तरह शामिल किया जाए या फिर झारखंड में। वहीं वर्षों से डाक सेवा पहुंचा रहे मिहिजाम उपडाकघर के पोस्टमैन विष्णु मिस्त्री ने कहा कि बंगाल के गांव की चिट्ठी हमें बांटनी पड़ती है। डोमदाहा, धांगुड़ी, कासीडंगाल गांव पश्चिम बंगाल में पड़ता है। इनका सभी दस्तावेज बंगाल का है लेकिन डाक पता झारखंड का है। इससे पत्र देरी से पहुंचता है।

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री की ड्यूटी में तैनात मुख्य आरक्षी से चालक ने की गाली-गलौज

साहिबाबाद , एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हिंडन एयरफोर्स से दिल्ली रवाना होने के दौरान लोनी-भोपुरा रोड पर गाड़ी चालक ने यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षी छोटे लाल से बदतमीजी कर दी। आरोप है कि चालक ने वीआईपी कार्यक्रम में ऑटो चालकों को हटाने का विरोध किया। साहिबाबाद पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मुख्य आरक्षी छोटे लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने के दौरान मोहन नगर पर लोनी रोड पर ड्यूटी कर रहे थे। वह ऑटो चालकों को मुख्य रोड से हटा रहे थे। एक चालक को समझाने पर वह ऑटो को लेकर चला गया। तभी एक कार चालक वहां पहुंचा और ऑटो चालकों को हटाने का विरोध किया। उन्होंने गाड़ी के चालक को वीवीआईपी ड्यूटी का हवाला दिया। उसके बावजूद उनसे गाली-गलौज शुरू कर दी। मुख्य आरक्षी ने पकड़ने का प्रयास किया तो चालक धमकी देकर भाग गया। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय का कहना है कि गाड़ी नंबर से चालक की पहचान कर उसे तलाश रहे हैं। जल्द ही आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की जाएगी।

2.25 लाख से अधिक लाभार्थियों के नहीं बने आयुष्मान

कन्नौज , एजेंसी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत में सिस्टम की लापरवाही के चलते लाभार्थियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले में योजना के तहत छह लाख 43 हजार 298 लाभार्थियों को शामिल किया गया है, लेकिन अभी भी 2.25 लाख से अधिक लाभार्थी योजना से वंचित हैं। एक अप्रैल 2018 से शुरू हुई प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना को करीब छह साल हो गए हैं। जिले के आठ ब्लॉकों के 752 गांवों के एक लाख 44 हजार 891 परिवार के छह लाख 43 हजार 298 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार अभी तक चार लाख 16 हजार 597 लाभार्थियों के कार्ड बनाए जा चुके हैं और अभी भी 2.25 लाख से अधिक लाभार्थी आयुष्मान गोल्डन कार्ड नहीं बन पाए हैं। यह स्थिति तब है जबकि अस्पतालों में बने निर्धारित केंद्रों के अलावा कोटेदारों, ग्राम पंचायतों व अन्य कई विभागों के कर्मियों को सूची में शामिल पात्र लाभार्थियों का गोल्डन कार्ड बनाए जाने की जिम्मेदारी दी गई है।

672 ई-पॉस मिलीं, अब इलेक्ट्रॉनिक वेईंग मशीन का इंतजार

कन्नौज , एजेंसी। राशनकार्ड धारकों को घटतौली से निजात दिलाने के लिए पूर्ति विभाग ने ई-पॉस मशीन और इलेक्ट्रॉनिक वेईंग मशीन को जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिले को 672 ई-पॉस मशीन मिल गई हैं और अब इलेक्ट्रॉनिक वेईंग मशीन का इंतजार है। वेईंग मशीन मिलते ही इन्हें दुकानों पर उपलब्ध करा दिया जाएगा, जिसके बाद इन्हीं मशीनों से राशन वितरित किया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन वितरण में गड़बड़ी रोकने के लिए पूरी प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाया जा रहा है। इसके लिए जिले में मार्च से सभी सरकारी राशन की दुकानों में तौल के लिए इलेक्ट्रॉनिक वेईंग मशीन और ई-पॉस को लिंक कराया जाएगा। इससे कांटे से जितनी तौल होगी, उतने वजन की पर्ची कार्डधारक को मिल सकेगी। इससे अनाज वितरण में होने वाली घटतौली को प्रभावी स्तर पर रोका जा सकेगा।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

तिर्वा, एजेंसी। सडक पर आए मवेशी से बचने में बाइक सवार युवक रोड पर गिर गया। इससे सामने से आ रहे ट्रैक्टर का पहिया उसपर चढ़ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रास्ते से गुजर रहे राज्यमंत्री के काफिले ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया।

ठठिया थाना क्षेत्र के रकसहिया गांव निवासी बब्लू (22) कई वर्ष से क्षेत्र के करौंदा शाहनगर गांव निवासी अपने मौसा हरिकृष्ण के साथ रहकर खेती का काम करते थे। रविवार को बब्लू बाइक से ठठिया बाजार गए थे। देर शाम को बाइक से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सावर रघुनाथपुर गांव के पास पहुंचा तो सड़क पर अचानक गोवंश आ गया।

स्काई वॉक पर सैर के लिए अभी करना पड़ेगा इंतजार, रेलिंग लगने के बाद होगा शुरू

बरेली , एजेंसी। बरेली में 11 करोड़ रुपये की लागत से बने स्काई वॉक पर सैर के लिए शहरवासियों को अभी इंतजार करना होगा। कारण, स्मार्ट सिटी लिमिटेड प्रशासन ने बड़े-बड़े दावे करते हुए इसे तैयार तो करा दिया है, लेकिन रेलिंग का काम अभी बाकी है। रेलिंग का डिजायन इसे संचालित करने वाली कंपनी से विमर्श के बाद ही तय होगा। उसके बाद रेलिंग लगेगी और तब इस पर लोग आ-जा सकेंगे। ये कब तक होगा? इसका जवाब किसी के पास स्पष्ट नहीं। स्काई वॉक का ये प्रोजेक्ट शुरुआत से ही इसी तरह लेटलतीफी का शिकार है। स्मार्ट सिटी योजना में अय्यूब खां चौराहे पर इसे बनाने का प्रस्ताव तो फरवरी 2021 से था लेकिन मंजूरी मिलने के बाद काम अप्रैल 2022 में शुरू हो सका। उम्मीद की जा रही थी कि 6 जनवरी 2024 तक काम पूरा हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद अफसरों ने दावा किया कि 31 जनवरी तक काम पूरा होगा, लेकिन अभी तक अधूरा है।

महापौर उमेश गौतम ने बीते दिनों निरीक्षण के दौरान निर्माण में तेजी लाने और रेलिंग लगवाने के निर्देश दिए थे, लेकिन बेअसर रहे और अब तक काम अधूरा है। रेलिंग कैसी लगेगी, कब तक लगेगी? यह तय ही नहीं है और बाकी स्काई वॉक तैयार है। रेलिंग न होने की वजह से लोगों को चढ़ने से भी रोका जा रहा है। वहीं फिनिशिंग के भी कुछ काम कराए जा रहे हैं। रेलिंग की डिजाइन अभी फाइनल नहीं हुई है।

अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव ने कहा कि रेलिंग तो लगनी है, लेकिन अभी इसके संचालन के लिए नीति और नियम तय हो रहे हैं। निजी फर्म को संचालन सौंपा जाना है। विचार-विमर्श इस बात पर हो रहा है कि फर्म चयनित होने पर रेलिंग लगवाई जाए या पहले।

अगर फर्म, स्काई वॉक के लुक को और बेहतर बनाने के लिए रेलिंग में बदलाव के कुछ सुझाव देती है तो उसके अनुसार निर्माण कराया जा सकता है। असल में स्काई वॉक के लुक, उपयोगिता और सुरक्षा मानकों को देखते हुए रेलिंग का निर्णय होना है। बाकी निर्माण लगभग पूरा है। फिनिशिंग का काम चल रहा है। विभिन्न फर्मों से संचालन के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं। प्रस्ताव आने पर वित्तीय और तकनीकी क्षमता का परीक्षण होगा।

यह होगी खासियत

स्काई वॉक पर पहुंचने के लिए लिफ्ट और स्वचालित सीढ़ियों की सुविधा है। चौबीस घंटे पॉवर बैकअप का इंतजाम किया गया है, ताकि कोई लिफ्ट में फंसा न रह जाए। स्काई वॉक के ऊपर मार्केट होगी और लोग चाट पकौड़ी, आलू की टिक्की का मजा ले सकेंगे। वाईफाई की सुविधा दिए जाने पर भी विचार हो रहा है। ताकि युवा वर्ग आकर्षित हो। बस दुकानों का साइज और संचालन का तरीका अभी तय होना है। सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता राजेंद्र आर्या ने बताया कि स्काई वॉक की जब से कल्पना की गई तभी से यह बात तय थी कि सुरक्षा के उपाय होंगे। उसकी मार्केट की निगरानी इंट्रीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सिस्टम से होगी, लेकिन रेलिंग को लेकर अभी तक डिजाइन फाइनल न होना लेट–लतीफी दर्शाता है। अगर स्मार्ट सिटी के अभियंताओं का नजरिया शुरू से ही स्पष्ट होता तो अब तक रेलिंग भी लग गई होती और इसका संचालन भी शुरू हो जाता।

घूसखोरी का ऐसा लालच

पांच हजार के लिए चक्कर में फंस गया नगर निगम का कनिष्ठ लिपिक, रंगे हाथ दबोचा गया

आगरा, एजेंसी। आगरा नगर निगम में भ्रष्टाचार का एक और मामला सोमवार को सामने आया। भ्रष्टाचार निवारण संगठन आगरा इकाई ने आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर 9 स्थित जोनल ऑफिस में जाल बिछाकर कनिष्ठ लिपिक अमित शर्मा को 5000 रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया। नाम सही कराने के लिए रुपये मांगे थे। मामले में केस दर्ज कराया गया। एक माह पहले नगर निगम की राजस्व निरीक्षक शिप्रा गुप्ता को दलाल के साथ गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने भी रिश्वत की मांग की थी। भ्रष्टाचार निवारण संगठन आगरा इकाई के निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि आवास विकास कॉलोनी सेक्टर-7 के शिकायतकर्ता सजल बंसल ने पत्नी के नाम पर एक मकान खरीदा था। उसका नामांतरण होना था। ऑनलाइन आवेदन किया। उन्होंने आनलाइन फीस के रूप में 10650 रुपये जमा किए मगर, रसीद में पुराने मालिक का ही नाम अंकित हो गया। इस पर वह जोनल ऑफिस में नामांतरण के लिए पहुंचे। अशोक नगर निवासी अमित शर्मा कार्यालय में कनिष्ठ लिपिक हैं। उनसे नाम सही कराने के लिए बात की। लिपिक ने 5000 रुपये रिश्वत मांगा।

सजल बंसल का कहना था कि उनकी शिकायत सही थी। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए गए। इसके बाद टीम ने जाल बिछाया। सोमवार को लिपिक ने सजल बंसल को अपने कार्यालय में बुलाया। सजल से जैसे ही लिपिक ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। उसे भ्रष्टाचार निवारण संगठन कार्यालय लेकर आई।

भ्रष्टाचार के खिलाफ 38 दिन में दूसरी कार्रवाई

नगर निगम में किसी कर्मचारी के रिश्वत लेते पकड़े जाने का यह 38 दिन में दूसरा मामला है। इससे पूर्व नगर निगम की राजस्व निरीक्षक शिप्रा गुप्ता ने एक व्यापारी से रिश्वत मांगी थी। शिकायत पर कार्रवाई की गई थी। राजस्व निरीक्षक शिप्रा गुप्ता और दलाल सुभाष सिंह को पकड़ लिया गया था। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। जेल भेज दिया गया था। जोनल ऑफिस में एंटी करप्शन की कार्रवाई से हड़कंप मच गया। कर्मचारी के पकड़े जाने की जानकारी पर अन्य कर्मचारी सीट छोड़कर चले गए। पूरे दिन इसी प्रकरण की चर्चा होती रही।

बाइक टकराने के बाद सड़क पर गिरे युवक को कंटेनर ने कुचला

एक की मौत, दो अस्पताल में भर्ती

मुरादाबाद , एजेंसी। लोकोशेड पुल पर सोमवार की रात दो बाइक में टक्कर के दौरान तीन युवक घायल होकर गिर गए। इस बीच कंटेनर ने एक युवक को कुचल दिया। युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे के चालक चालक कुछ दूरी पर कंटेनर खड़ा कर भाग निकला। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है। शहर के छोटी मंडी गुलाबबाड़ी निवासी आमिर आलम (19) पुत्र गफ्फार आलम रात में खाना खाने के बाद अपने पड़ोसी शाबाद (18) के साथ बाइक से घूमने के लिए दिल्ली रोड की तरफ निकला था। रात साढ़े दस बजे दोनों बाइक से लौट रहे थे। लोकोशेड पुल पर आमिर की बाइक कांठ रोड के रहने वाले योगेश की बाइक से टकरा गई।

तीनों युवक घायल होकर गिर गए। इस बीच पीछे से आ रहे कंटेनर ने घायल आमिर को कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस तीनों घायलों को लेकर एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंची। यहां डाक्टरों ने आमिर को मृत घोषित कर दिया।

घायल शाबाद और योगेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों के मुताबिक आमिर चार भाई बहनों में सबसे बड़ा था। उसका एक छोटा भाई और दो बहनें हैं। वह एक निजी फर्म में काम करता था। परिजनों का कहना था कि आमिर हेलमेट लगाया था। आमिर के पिता गफ्फार कपड़े की फेरी लगाकर अपना जीवन यापन करते हैं। पुलिस का कहना है कि चालक पुल पार करने के बाद कंटेनर खड़ा कर भाग निकला। इस मामले में पुलिस कंटेनर चालक की तलाश कर रही है।

शादी समारोह में जा रहे मोटरसाइकिल सवार युवकों को ट्रक नें रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर

प्रयागराज , एजेंसी। सोमवार की देर रात घर से करछना शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे मोटरसाइकिल सवार युवकों को पीछे से आए ट्रक ने रौद दिया। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नैनी कोतवाली क्षेत्र के नेवती गांव निवासी दिलीप भारतीया के दो पुत्रों और एक पुत्री में सबसे छोटा बृजेश भारतीया राजमिस्त्री का काम करता था। बृजेश और मामाभान्जा तालाब निवासी अश्विनी मिश्रा पुत्र संजय मिश्रा में गहरी दोस्ती थी। सोमवार की रात दोनों अपाचे मोटरसाइकिल से एक मित्र की शादी में सम्मिलित होने करछना जा रहे थे। रात दस बजे के लगभग दोनों घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज हवाई पट्टी पर पहुंचे थे कि पीछे से आई तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को रौद डाला। आस-पास के लोग दौड़े तब-तब घटना को अंजाम देने वाला ट्रक जा चुका था। लोगों की सूचना पर पुलिस भी पहुंची तब-तक बृजेश भारतीया 25वर्ष की सांसें थम चुकी थीं। गंभीर रूप से घायल अश्विनी मिश्रा को सरकारी एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बृजेश की मौत की सूचना घर पहुंचीं तो परिजनों में कोहराम मच गया।

भाजपा को यहां से पटखनी दे पाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी, बदलेगा समीकरण !

आगरा , एजेंसी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा से सपा-कांग्रेस गठबंधन का चुनावी बिगुल बज गया है। राहुल गांधी-अखिलेश यादव की जुगलबंदी ने कार्यकर्ताओं में जोश जगा दिया है। उनके रोड शो से कांग्रेस को फतेहपुर सीकरी में मजबूती मिली है। यहां कांग्रेस क्षत्रिय प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतार सकती है। इसमें बीते विधानसभा चुनाव में लड़ चुके प्रत्याशी का नाम सबसे आगे है।

भारत जोड़ो यात्रा में राहुल-अखिलेश ने पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) को साधा। उन्होंने देश में उनकी आबादी का हवाला देकर कम हिस्सेदारी बताकर उनको पार्टी से जोड़ने की बात कही। दोनों ही दलों का आकलन है कि पीडीए एक साथ आया तो भाजपा को हराना आसान होगा। सीटों के बंटवारे की बात करें तो कांग्रेस के हिस्से में फतेहपुर सीकरी आई है। 2009 से गठित हुई इस सीट पर कांग्रेस का अभी तक खाता नहीं खुला है। यहां तक कि बीते चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष और सिने स्टार राजबब्बर की भी बुरी तरह से हार हुई थी।

भाजपा के राजकुमार चाहर ने उनको 4.5 लाख से अधिक वोटों से हराया। लेकिन पार्टी के लिए राहत की बात है कि उसके प्रत्याशी दो चुनावों में दूसरे स्थान पर रहे हैं। कांग्रेस के क्षत्रिय प्रत्याशी को टिकट देने की अधिक संभावना है। राहुल-अखिलेश का जादू चला और पीडीए के साथ क्षत्रियों का वोट जुड़ गया तो भाजपा के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

दमदारी से लड़ेंगे चुनाव, हाईकमान करेगा प्रत्याशी तय: प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय का कहना है कि राजबब्बर समेत कई कार्यकर्ता टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। ऐसे में हाईकमान ही तय करेगा। चुनाव दमखम से लड़ा जाएगा।

बिल्डर शैलेंद्र अग्रवाल पर धोखाधड़ी के दो और केस, तीन फ्लैटों का सौदा कर 92 लाख लिए, नहीं कराया निर्माण

आगरा , एजेंसी। आगरा में कोर्ट के आदेश पर थाना हरीपर्वत में बिल्डर शैलेंद्र अग्रवाल सहित 3 के खिलाफ दो और केस दर्ज किए गए हैं। आरोप है कि बिल्डर ने तीन लोगों से निखिल पार्क रॉयल योजना में 3 फ्लैट बुक कर 92 लाख से अधिक रुपये ले लिए।

मगर, न तो जमीन खरीदी और न ही फ्लैट का निर्माण कराया। फर्जी नक्शे और दस्तावेज दिखाए। आवंटन पत्र और सेल एग्रीमेंट तक दे दिए। 11 साल से लोग भटकने के लिए मजबूर हैं। मांगने पर रकम भी वापस नहीं की। मामले में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और षड्यंत्र की धारा लगी है। पुलिस विवेचना कर रही है।

मालवीय कुंज, न्यू राजा मंडी निवासी पुनीत वर्मा ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था। इसमें कहा कि मां मंशा देवी सहकारी आवास समिति लिमिटेड के अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल ने प्रमोद गर्ग से ताजगंज स्थित चमरौली में भूमि ली थी। इसमें निखिल पार्क रॉयल के नाम से फ्लैटों को विकसित किया जाना था। निर्माण और विकास कार्य निखिल होम एसोसिएट के पार्टनर को करने थे।

पुलिस ने नहीं सुनी तो कोर्ट पहुंचा पीड़ित पुनीत वर्मा ने बताया कि 23 नवंबर 2012 को शैलेंद्र अग्रवाल, एके पाराशर और प्रमोद गर्ग की बातों में आकर उन्होंने अपने और पत्नी परवीन जुल्का के नाम से ब्लाक बी-3 बीएचके का फ्लैट नंबर 107 बुक करा दिया। इसके 30.95 लाख रुपये अदा किए। आवंटन पत्र और सेल एग्रीमेंट मिल गया। 3 वर्ष में फ्लैट का निर्माण कराकर देने का वादा था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आरोपियों ने लोगों को धोखा दिया। शैलेंद्र अग्रवाल ने कोई जमीन नहीं खरीदी। षड्यंत्र के तहत लोगों का धन हड़प लिया। आरोपियों पर विभिन्न थानों में 55 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस से शिकायत पर केस दर्ज नहीं किए गए। इस पर कोर्ट में गुहार लगाई।

11 साल पहले कराई थी बुकिंग

इसी तरह शमसाबाद रोड स्थित बैंक कॉलोनी निवासी शिवम चावला के साथ धोखाधड़ी की गई। उन्होंने 9 नवंबर 2012 को निखिल पार्क रॉयल योजना के बी ब्लाक में 3 बीएचके का फ्लैट नंबर 604 बुक कराया था। बिल्डर को 31.97 लाख रुपये अदा किए। शिवम ने अपनी बहन नई दिल्ली निवासी रुचि गांधी के नाम से 7 नवंबर 2012 को फ्लैट संख्या 605 बुक किया। इसके 29.23 लाख रुपये अदा किए। मगर, फ्लैटों का निर्माण नहीं कराया गया। रकम भी वापस नहीं की गई।

खाली कुर्सियों का महोत्सव, अधिकारियों की पिकनिक, हैरान कर देने वाला है ये हाल

आगरा , एजेंसी। ताज महोत्सव इस बार खाली कुर्सियों का महोत्सव साबित हो रहा है। सूरसदन, सदर बाजार से लेकर शिल्पग्राम तक कुर्सियां खाली हैं। कलाकारों की कद्र हो रही न कद्रदानों की। कार्यक्रम स्थल वीआईपी और अधिकारियों के पिकनिक स्पॉट बनकर रह गए हैं। वीआईपी को चाय-नाश्ता परोसा जा रहा है, जबकि मेहमानों को पानी तक सर्व नहीं किया जा रहा है।

सूरसदन में नाट्य उत्सव भी फीका रहा। प्रचार-प्रसार के अभाव और अव्यवस्थाओं के कारण दर्शक नहीं पहुंचे। जबकि नाट्य उत्सव में राष्ट्रीय स्तर से कलाकार बुलाए गए। लाखों रुपया खर्च हुआ। मगर, दर्शक नहीं आए। जिन कालाकारों ने मंचन किया, वो तालियों के लिए तरस गए। हालांकि अधिकारियों के रुआब में कोई कमी नहीं रही। सूरसदन में मंचन के दौरान खूब चाय-नाश्ता परोसा गया। इससे मंच पर प्रस्तुति दे रहीं जानी-मानी कलाकार हिमानी का ध्यान भंग हो गया, मगर वह मन मसोस कर रह गईं। डॉ. ज्योत्सना शर्मा ने बताया कि ताज महोत्सव इस बार सिर्फ अधिकारियों का महोत्सव बन कर रह गया। जिससे राष्ट्रीय कलाकारों के सामने शहर की छवि खराब हुई। जन प्रहरी संस्था संयोजक नरोत्तम सिंह ने कहा कि अधिकारियों ने अपनी मौज-मस्ती के लिए ताज महोत्सव में करोड़ों रुपया पानी की तरह बहाया है। सदर बाजार का मुक्ताकाशीय मंच की कुर्सियां भी सात दिन से भर नहीं सकीं। यही हाल, शिल्पग्राम का रहा।

ग्यारह सीढ़ी पार्क से नहीं उड़ेगा हॉट एयर बैलून

महताब बाग स्थित ग्यारह सीढ़ी पार्क से हॉट एयर बैलून उड़ान नहीं भरेगा। नो फ्लाइंग जोन में अनुमति नहीं मिली। ऐसे में खुले आसमान से ताजमहल का दीदार का इंतजार कर रहे सैलानी मायूस हैं। ग्यारह सीढ़ी पार्क से 20 किमी. दूर कुबेरपुर से सोमवार को दूसरी बार हॉट एयर बैलून ने सांकेतिक उड़ान भरी। आगरा विकास प्राधिकरण और हॉट एयर बैलून कंपनी की लापरवाही से ताज महोत्सव में जिस हॉट एयर बैलून को मुख्य आकर्षण कहा जा रहा था वो फीका पड़ गया। जानकारों का कहना है कि हॉट एयर बैलून का हाल भी हेलिकॉप्टर सेवा जैसा होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 दिसंबर को हेलिकॉप्टर सेवा का उद्घाटन किया था। जिसके बाद एक भी दिन हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। हॉट एयर बैलून की उड़ान 18 फरवरी से ग्यारह सीढ़ी पार्क में शुरू होनी थी। वायु सेना से ताजमहल के आस-पास नो फ्लाइंग जोन में हॉट एयर बैलून राइड की अनुमति नहीं मिली।

कमेटी के सामने टूटे नियम

ग्यारह सीढ़ी पार्क में रविवार को गजल संध्या के दौरान इवेंट इम्पैक्ट असिस्टमेंट कमेटी के सामने ही नियम टूटे। अफसर कार से पार्क में पहुंचे। सिविल सोसाइटी ऑफ आगरा सचिव अनिल शर्मा का कहना है जब आला अधिकारी ही नियम को तोड़ेंगे तो फिर जनता से क्या उम्मीद की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

हिमाचल प्रदेश में अब बेटियों की शादी 21 वर्ष से पहले नहीं की जा सकेगी

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने शादी के लिए बेटियों की न्यूनतम उम्र सीमा में तीन साल के इजाफे का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य में अब बेटियों की शादी 21 वर्ष से पहले नहीं की जा सकेगी। इसके लिए उनकी सरकार कानूनी प्रावधान करने जा रही है। मौजूदा वक्त में बेटियों की शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल है और तो लड़कों के लिए 21 है। सुक्खू ने साफ किया कि मौजूदा विधानसभा सत्र में यह बदलाव कर दिया जाएगा। सीएम ने सोमवार को केलांग में लाहौल शरद उत्सव का शुभारम्भ करते हुए मंच से इसका ऐलान किया। सुक्खू ने कहा, अभी हमारा विधानसभा सत्र चल रहा है। हम अपनी बेटियों के लिए एक और योजना लेकर आ रहे हैं। हमने कहा अब बेटी की शादी की उम्र 18 साल नहीं होगी। हिमाचल हिन्दुस्तान में पहला राज्य बनने जा रहा है जहां हम बेटियों की शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल करने जा रहे हैं। प्रस्तावित बदलाव को जनवरी में ही सुक्खू कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। अब विधानसभा में सरकार बिल पेश करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि मौजूदा बजट सत्र में कानून में संशोधन किया जा सकता है। इसके बाद राज्य में दूल्हे और दुल्हन दोनों के लिए न्यूनतम उम्र 21 साल हो जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लाहौल-स्पीति के जिला मुख्यालय केलांग में ही रविवार को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत जिला लाहौल-स्पीति की 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को 1500 रुपए प्रति महीने पेंशन प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पहला हिमाचल दिवस स्पीति घाटी के काजा में मनाया था और वहां 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह प्रदान करने की घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा लाहौल-स्पीति में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना शुरू करने के साथ-साथ प्रदेश में 1100 रुपए पेंशन प्राप्त करने वाली 2.37 लाख महिलाओं को भी एक फरवरी 2024 से 1500 रुपए दिए जाएंगे।

ईडी के सामने एक-एक कर सारे राज खोल रहा नीतीश दीवान

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा ऐप को मामले में लगातार ईडी इससे जुड़े हुए लोगों से पूछताछ कर रही है। इसी मामले में बीते दिनों ईडी ने नीतीश दीवान को गिरफ्तार कर पूछताछ किया है। जिसे कोर्ट के द्वारा दी गई ईडी को रिमांड खत्म होने के बाद एक बार फिर कोर्ट में पेश किया है। जहां कोर्ट ने 3 दिन की ईडी को फिर रिमांड दे दी है। ईडी की माने तो सौरभ चंद्राकर से जुड़ा हुआ यह एक महत्वपूर्ण व्यक्ति है, जोकि पैसे का बड़ा हिसाब किताब रखता था। अब ईडी इसे आगे तीन दिनों तक और पूछताछ करेगी। बतादें के नीतीश दीवान से ईडी ने एक बार पहले भी पूछताछ की थी, लेकिन उन दिनों इसे छोड़ दिया गया था। जब महादेव सट्टा से जुड़े लोग पकड़ाने लगे और उनसे पूछताछ की जाने लगी तो हर पूछताछ में नीतीश दीवान का भी नाम सामने आने लगा। जिसके बाद ईडी ने इसे वापस से गिरफ्तार किया और पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि ईडी की पूछताछ में नीतीश दीवान ने कई राज खोले हैं। वह ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के साथ रहकर पैनल ऑपरेटर का काम किया करता था। वह दुबई में सौरभ के साथ इस पैनल का दो सालों तक हिस्सा बना रहा। महादेव ऐप से कमाए हुए पैसे को क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से इन्वेस्ट किरने का काम किया है। नीतीश दीवान का काम पैनल ऑपरेटर को समय-समय पर चेक करना होता था। इसके अलावा इस सट्टा ऐप से कमाए हुए काले पैसे को नीतीश दीवान अपने खाते से दूसरे के बैंक अकाउंट में सीधा भेजा करता था। इस सट्टे के पैसे को कहां-कहां इन्वेस्ट करना है, कहां जमीन लेनी है। इन सब चीजों का हिसाब किताब नीतीश रखता था। महादेव सट्टा एप के माध्यम से आने वाली काली कमाई को प्रमोटर के कहने पर अपने अकाउंट के जरिए नीतीश दीवान इधर-उधर किया करता था. सट्टे के पैसों को नीतीश दीवान के जरिए इन्वेस्ट किया गया था।

उत्तराखंड विधानसभा में राज्य का बजट हुआ पेश, सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा

समग्र, संतुलित और विकासोन्मुखी है बजट

बोले सीएम :

- प्रधानमंत्री जी द्वारा बताए गए चार स्तंभों गरीब, युवा, महिला और किसान को समर्पित है बजट
- वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत किया गया 89,230 करोड़ रूपए का बजट, पिछले वर्ष से 15.27 प्रतिशत अधिक

सुनील तिवारी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत बजट को समग्र, समावेशी, संतुलित और विकासोन्मुखी बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के चार स्तंभ, गरीब, युवा, महिला और किसान बताए हैं और हमारी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट इन्हीं को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए 89,230 करोड़ रूपए का बजट प्रस्तुत किया गया जो पिछले वर्ष से 15.27 प्रतिशत अधिक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सशक्त उत्तराखंड के लिए हमारी सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रही है। औद्योगिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार ने 30 से अधिक नीतियां बनाई हैं और इसके सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर संह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की आर्थिक विकास की दर वर्ष 2022-23 में 7.63 प्रतिशत रही है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में भी लगभग यही दर अनुमानित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्रति व्यक्ति आय में 12 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 60 हजार 201 रूपए रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग द्वारा जारी बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार प्रदेश के 9 लाख 17 हजार 299 लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

89230.07 करोड़ का बजट

वर्ष 2024-25 का अंकन 89230.07 करोड़ रुपए वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। डा अग्रवाल ने अपने बजट भाषण में कहा कि वर्ष 2024-25 में कुल व्यय नवासी हजार दो सौ तीस करोड़ सात लाख रुपये (89230.07 करोड़) अनुमानित है। कुल अनुमानित व्यय में से पचपन हजार आठ सौ पन्द्रह करोड़ सतहत्तर लाख रुपये (55815.77 करोड़) राजस्व लेखे का व्यय है तथा तेंतीस हजार चार सौ चौदह करोड़ तीस लाख रुपये (33414.30 करोड़) पूंजी लेखे का व्यय है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के बजट में कोई राजस्व घाटा अनुमानित नहीं है, बल्कि चार हजार सात सौ सैंतीस करोड़ तेरह लाख रुपये (4737.13 करोड़) का राजस्व सरप्लस सम्भावित है एवं नौ हजार चार सौ सोलह करोड़ तैतालिस लाख रुपये (9416.43 करोड़) का राजकोषीय घाटा होने का अनुमान है, जो कि सकल राज्य घेरलू उत्पाद का 2.38 प्रतिशत है। यह एफ0आर0बी0एम0 एक्ट में निर्दिष्ट सीमा के अन्तर्गत है। उन्होंने वर्ष 2024-25 के अनुमानित प्रारम्भिक शेष छः करोड़ सोलह लाख रुपये (6.16 करोड़) धनात्मक तथा वर्ष का अन्तिम शेष तिहत्तर करोड़ बीस लाख रुपये (73.20 करोड़) धनात्मक रहना अनुमानित है। डा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह बजट अग्रणी उत्तराखण्ड की अवधारणा पर आधारित है। 'अग्रणी उत्तराखण्ड' की हमारी अवधारणा परंपरा व प्रौद्योगिकी के तथा आधुनिक अवसंरचना व प्रकृति के साथ तालमेल रखते हुए सभी प्रदेशवासियों का और सभी क्षेत्रों का विकास करना है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास गाँव और शहर, पहाड और मैदान, स्त्री व पुरूष, युवा व बुजुर्ग, किसान और उद्यमी सबको बेहतरी के अवसर प्रदान करने का है। उन्होंने कहा कि विकास का यह मॉडल इकोनॉमी, इकोलॉजी, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन एवं एकाउंटिबिलिटी पर आधारित है। यह पारदर्शिता और दक्षता, नागरिकों के लिए बेहतर जीवन, सुगमता और कारोबारी सुगमता को समर्पित बजट है। डा अग्रवाल ने कहा कि यह बजट एक ऐसी अवंसरचना का निर्माता है, जो वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रख कर निर्मित होगा। सशक्त उत्तराखण्ड के लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से प्राप्त करने में सहायक होगा तथा सत्त विकास के लक्ष्यों को तीव्रगति से प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारी मंजिल सशक्त उत्तराखण्ड है। "अग्रणी उत्तराखण्ड" हमारी सरकार का विकल्प रहित संकल्प है। वित्त मंत्री डा अग्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान प्रस्तुत करते हुए बताया कि इसमें कुल प्राप्तियाँ अट्ठासी हजार पांच सौ सत्तानवे करोड़ ग्यारह लाख रुपये (88597.11 करोड़) अनुमानित हैं।

चार स्तंभों पर विशेष फोकस

गरीब कल्याण : मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए बजट में 5658 करोड़ का प्राविधान किया गया है। इसमें गरीबों के आवास के लिए 93 करोड़, खाद्यान्न आपूर्ति में 600 करोड़ और निशुल्क गैस रिफिल में 55 करोड़ की राशि शामिल है।

युवा कल्याण : मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा और उच्च शिक्षा में कुल 1679 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। इसमें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए 250 करोड़ भी शामिल है। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना के लिए भी बजट में प्राविधान किया गया है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने पर भी ध्यान दिया गया है।

अन्नदाता : मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भाइयों के लिए बजट राशि को बढ़ाया गया है। वर्ष 2024-25 में कुल 2415 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। इसमें दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना, मिशन एप्पल, किसान पेंशन, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना पर विशेष ध्यान रखा गया है।

नारीशक्ति : मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जेंडर बजट में लगभग 14,538 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। नंदा गौरा, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, गंगा गाय महिला डेयरी विकास योजना आदि में प्रावधान किए गए हैं।

तिलक ब्रिज स्टेशन का होगा पुनर्विकास, पीएम मोदी ने किया शिलान्यास

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से सोमवार को जिन 553 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया गया, उसमें तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन भी शामिल है। आईटीओ के समीप बना यह रेलवे स्टेशन दैनिक यात्रियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उपराज्यपाल विनय सक्सेना, मीनाक्षी लेखी और दिल्ली डीआरएम शिलान्यास के दौरान स्टेशन पर मौजूद रहे। इस दौरान स्कूली बच्चों ने कई सांस्कृकित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उत्तर रेलवे के मुख्य प्रवक्ता दीपक कुमार ने बताया कि दिल्ली मंडल के तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित करने के लिए चुना गया है। इस स्टेशन को बिलकुल नए स्वरूप में तैयार किया जाएगा। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी है। सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री ने रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व 1500 रोड ओवरब्रिज के शिलान्यास किया। कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनने के लिए प्रदेश अध्यक्ष रेलवे क्रॉसिंग खेड़ा कलां गांव पहुंचे थे।

यमुना अथॉरिटी की आवासीय योजना में फंसा है प्लॉट? 2319 आवंटियों को जल्द मिलेगी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी।
यमुना प्राधिकरण की सबसे पहली आवासीय योजना में फंसे 2319 भूखंडों के आवंटियों के लिए अच्छी खबर है। अब प्राधिकरण ने इन भूखंडों को दूसरी जगह पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। स्थानांतरण को लेकर प्रस्ताव प्राधिकरण की अगली बोर्ड बैठक में लिया जाएगा। ये सभी भूखंड भट्टा पारसौल गांव की जमीन पर आवंटित हुए थे, लेकिन किसानों के कोर्ट जाने से जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया था। यमुना प्राधिकरण के सीईटो अरुणवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2009 में 21 हजार भूखंडों की आवासीय

योजना शुरू की थी।

योजना में सफल रहे आवेदकों को यीडा सिटी के सेक्टर-18 और 20 में भूखंड आवंटित गए हैं। इस बीच जमीन प्राधिकरण से प्रभावित क्षेत्र के किसानों के कोर्ट चले जाने से प्राधिकरण को जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया। जिससे प्राधिकरण निर्धारित समय 2013 तक आवंटियों को भूखंड नहीं दे पाया। साथ ही सेक्टर का विकास भी नहीं हो सका। मामला लंबे समय तक कोर्ट में लंबित रहा। इसका रास्ता निकालते हुए कोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि 80 फीसदी याचिकाओं के वापस लेने पर किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा व सात फीसदी आबादी का भूखंड का लाभ दिया जा सकता है। निलौनी, शाहपुर, रौनीजा, पचोकरा, दनकौर, रूस्तमपुर, मिर्जापुर, रामपुर आदि गांवों के किसानों को राजी करने में प्राधिकरण सफल भी रहा, लेकिन भट्टा पारसौल के किसानों ने अभी याचिका वापस नहीं ली है, जिससे भट्टा पारसौल गांव की जमीन पर आवंटित किए गए 2319 भूखंडों पर अभी तक कब्जा नहीं मिल पाया है। ऐसे में आवंटियों की परेशानी को देखते हुए प्राधिकरण ने सभी 2319 भूखंडों को दूसरी जगह स्थानांतरित करने का फैसला लिया है। यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के गांवों में सफाई कार्य में लगे 150 कर्मी जीपीएस के माध्यम से कराए गए सत्यापन में अनुपस्थित पाए गए । ऐसे कर्मियों को काम से हटा दिया गया है। सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने सोमवार को हुई बैठक में यह निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ में मीसा बंदियों की सम्मान निधि फिर होगी शुरू- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि सूबे में मीसा बंदियों की सम्मान निधि फिर से शुरू की जाएगी। विधानसभा चुनावों के दौरान पीएम मोदी ने जो गारंटी छत्तीसगढ़ की जनता को दी थी उसमें बहुत सी महत्वपूर्ण गारंटियों को सरकार ने तीन महीनों में ही पूरा कर दिया है। सीएम ने विधानसभा में अपने सीधे अधीनस्थ विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए यह ऐलान किया। मुख्यमंत्री साय के जवाब के बाद सदन में 8421 करोड़ 82 लाख 8 हजार रुपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी गई। अनुदान मांगों में सामान्य प्रशासन विभाग के लिए 475 करोड़ 39 लाख 81 हजार रुपए, सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय के लिए 74 करोड़ 18 लाख 29 हजार रुपए, वाणिज्यिक विभाग (आबकारी) के लिए 432 करोड़ 3 लाख 44 हजार रुपए, ऊर्जा विभाग के लिए 3990 करोड़ 56 लाख 89 हजार रुपए, पशुपालन विभाग के लिए 513 करोड़ 1 लाख 58 हजार रुपए के कोष शामिल थे। 217 करोड़ 31 लाख 74 हजार रुपए, जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय के लिए 208 करोड़ 53 लाख रुपए अनुदान मांगें पारित की गई।

सड़क के गड्ढे ने ली आईटी इंजीनियर की जान, पार्टी से लौट रहे थे तीन दोस्त; कार पलटने से एक की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी।
नोएडा के वाजिदपुर कट से नंगली गांव जाने वाले पुस्ता रोड पर रविवार रात ढाई बजे के करीब कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक इंजीनियर की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। घायलों का गंभीर हालत में निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। तीनों इंजीनियर सेक्टर-135 स्थित फॉर्महाउस में पार्टी कर लौट रहे थे। सड़क पर गड्ढा होने की वजह से कार के अनियंत्रित होकर पलटने की आशंका है। एक्सप्रेसवे पुलिस ने हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त कार को थाना परिसर में लाकर खड़ा कर दिया है। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार देर रात सूचना मिली कि वाजिदपुर कट से गांव नंगली को जाने वाले रास्ते एक टाटा अल्ट्रोज कार अनियंत्रित होकर पलट गई है, जिसमें सवार तीन इंजीनियर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-16 स्थित गौर सिटी में रहने वाले घायल संदीप कुमार को मृत घोषित कर दिया।

अन्य दोनों घायलों की पहचान गाजियाबाद के राजेंद्र नगर सेक्टर तीन के प्रशांत चौधरी और पर्व राठी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक तीनों युवक सेक्टर-58 के सी ब्लॉक स्थित कंपूनेल नामक कंपनी में बतौर आइटी इंजीनियर काम करते थे। कंपनी की ओर से सेक्टर-135 स्थित एक गेस्ट हाउस में पार्टी का आयोजन किया गया था। पार्टी से लौटते समय ही हादसा हुआ है। संदीप की मौत के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस कंपनी में संदीप काम करता था वहां भी मातम पसरा हुआ है। सोमवार को ही मृतक का अंतिम संस्कार होने की बात कही जा रही है। इस मामले में अभी तक किसी ने पुलिस से शिकायत नहीं की है।

कीमोथेरेपी के बाद मरने वाले कैंसर कोशिकाएं भी पहुंचा सकती हैं क्षति, अध्ययन से हुआ खुलासा

मुंबई, एजेंसी।
कैंसर के इलाज के लिए कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी कराई जाती है, लेकिन मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) के एक अध्ययन से पता चलता है कि कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी के बाद मरने वाली कैंसर कोशिकाएं कोशिका-मुक्त क्रोमेटिन रिलीज करती हैं जो स्वस्थ कोशिकाओं को कैंसर कोशिकाओं में बदल सकती हैं। क्रोमेटिन में डीएनए, आरएनए और संबंधित प्रोटीन होते हैं, जो कोशिका में क्रोमोजोम बनाते हैं। टीएमसी के एडवांस्ड सेंटर फार ट्रीटमेंट, रिसर्च एंड एजुकेशन (एसीटीआरईसी) के अध्ययन से यह भी पता चलता है कि कैंसर उपचार प्रोटोकाल में ऐसी दवाओं को शामिल करने की जरूरत हो सकती है जो मरने वाली कैंसर कोशिकाओं द्वारा रिलीज किए कोशिका-मुक्त क्रोमेटिन को निष्क्रिय करते हैं। अध्ययन के अनुसार, मृत कैंसर कोशिकाएं कोशिका-मुक्त क्रोमेटिन कण (सीएफसीएचपी, या क्रोमोसोम के टुकड़े) रिलीज करती हैं। कुछ सीएफसीएचपी स्वस्थ क्रोमोसोम के साथ जुड़ सकते हैं और नए ट्यूमर का कारण बन सकते हैं। हाल के

अध्ययन में कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी या सर्जरी से कैंसर के फैलने की आशंका की जांच की गई। इसके लिए प्रोफेसर इंद्रनील मित्रा के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने कैंसर का ट्यूमर बनाने के लिए प्रतिरक्षा की कमी वाले चूहों में मानव स्तन कैंसर कोशिकाओं को ग्राफ्ट किया। इसके बाद चूहों का कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी या सर्जरी से उपचार किया गया। उनमें से आधे चूहों को ऐसी दवाएं दी गई जो सीएफसीएचपी को निष्क्रिय कर देते हैं।शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में मानव सीएफसीएचपी और कैंसर प्रोटीन के साथ ही यह भी देखा कि कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी के बाद इनमें उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

महाराष्ट्र के बारामती में अभी से शुरू हो गई ननद-भौजाई की रोचक जंग

सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार के बीच हो सकता है मुकाबला!

मुंबई।
शरद पवार का गढ़ कहे जाने वाले बारामती लोकसभा क्षेत्र के लिए अभी महायुती की ओर से किसी उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन, वहां वर्तमान सांसद सुप्रिया सुले और उनकी भाभी यानी उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की पत्नी के बीच रोचक जंग अभी से शुरू हो गई है।

अजीत पवार ने कुछ दिनों पहले ही बारामती से अपनी पार्टी के उम्मीदवार को चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। माना जा रहा है कि इस सीट से वह अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को उम्मीदवार बनाना चाहते हैं। सुनेत्रा के पक्ष में अजीत पवार ने अभी से घूम-घूमकर माहौल बनाना भी शुरू कर दिया है।

यह बात शरद पवार परिवार को रास नहीं आ रही है।

इस सीट से तीन बार सांसद चुनी जा चुकीं सुप्रिया सुले ने एक सभा को संबोधित करते हुए बिना किसी का नाम लिए अपने चचेरे भाई एवं भाभी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैं अपने लिए खुद मत मांगती हूं। सदानंद सुले (सुप्रिया के पति) को मत मांगने के लिए नहीं भेजती हूं। वह कहती हैं कि मैं लोक प्रतिनिधि हूं। मेरा पति पर्चा लिखे और मैं पास हो जाऊं, ये मुझे मंजूर नहीं है। मैं सुप्रिया सुले हूं। खुद लिखूंगी और खुद पास होऊंगी।

सुप्रिया सुले ने अपने पति का दिया उदाहरण

पुणे के वडगांव में एक सभा को संबोधित करते हुए सुप्रिया ने कहा कि मैं लोकसभा चुनाव लड़ने के दो वर्ष पहले से अपने चुनाव क्षेत्र में घूमने लगी थी। दो वर्ष में पूरा लोकसभा क्षेत्र मथ डाला था। सुप्रिया सुले अजीत पवार का नाम नहीं लेतीं। लेकिन बार-बार अपने पति का नाम लेते हुए उन पर हमला जरूर करती हैं।

वह लोगों से पूछती हैं कि आपको कैसा सांसद चाहिए। सदानंद सुले चलेगा क्या। सदानंद सुले को भेजती हूं। वह कितना भी अच्छा भाषण कर लें, लेकिन संसद में तो वह नहीं बैठ सकेंगे। वह तो संसद की कैंटीन से आगे नहीं जा सकेंगे। संसद में मैं जाऊंगी कि मेरा पति जाएगा। ऐसा कहकर सुप्रिया सुले बताना चाहती हैं कि अजीत पवार के प्रचार करने से उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार चुन भी ली गई तो अजीत पवार संसद के अंदर उनकी मदद करने नहीं पहुंच पाएंगे।

नहीं हुआ है सीटों का बंटवारा

गौरतलब है कि भाजपा, शिवसेना शिंदे गुट और राकांपा अजीत पवार गुट को मिलाकर बनी महायुति के बीच अभी लोकसभा सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। लेकिन बंटवारा जब भी हो, बारामती सीट तो अजीत पवार के ही हिस्से में आने वाली है। यह महाराष्ट्र की उन 16 सीटों में भी शामिल है, जिन्हें भाजपा अपने लिए मुश्किल मानती रही है।

इसलिए, भी वह यह सीट अजीत पवार को देकर राजग के लिए यह सीट जीतने का जिम्मा उन पर ही डालना चाहेगी। ऐसी स्थिति में बारामती में इस बार पवार परिवार के बीच रोचक जंग देखने को मिल सकती है।

अब पुरानी प्रॉपर्टी में कोई भी बदलाव अवैध निर्माण नहीं माना जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी। अब पुरानी संपत्ति में किसी भी बदलाव को अवैध निर्माण नहीं माना जाएगा। संपत्ति मालिक उसे दिल्ली नगर निगम के सहयोग से नियमित करा सकेंगे। अपनी पुरानी संपत्ति में किसी भी तरह का बदलाव करने पर सूचना देनी होगी, जिसके आधार पर निगम इसकी स्वीकृति देगा। कई बार निगम के समक्ष ऐसी जानकारी सामने आई है कि लोग बिना सूचना दिए ही पुरानी संपत्ति में कोई बदलाव करा देते है। ऐसी परिस्थिति में निगम उन निर्माण पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कर देता था। लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सोमवार को निगम के सदन की बैठक में एक प्रस्ताव लाया गया, जिसे सदन ने मंजूरी दे दी है। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय, डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल ने प्रेसवार्ता की।

संक्षिप्त समाचार

बिहार के जलालुद्दीन ने एशियाई दिव्यांग पैरा साइकिलिंग चैम्पियनशिप में जीता सिल्वर

नईदिल्ली, एजेंसी। बिहार के दरभंगा जिले के सिंहवारा के रहने वाले जलालुद्दीन ने दिल्ली में हुए साल 2024 एशियाई दिव्यांग पैरा साइकिलिंग चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता। जलालुद्दीन के पदक जीत दिल्ली से दरभंगा पहुंचने पर लोगों ने दरभंगा रेलवे स्टेशन पहुंच जलालुद्दीन का लाउंज में मिथिला के परंपरा के अनुसार पाग चादर के साथ फूल माला देकर सम्मानित किया। जलालुद्दीन बचपन से ही एक पांव से दिव्यांग है और वह 2 कैटोगरी में आता है ऐसे में खुशी की बात यह है की जलालुद्दीन ने एक साथ दो-दो रजत पद जीते एक पदक उन्हें 750 मीटर की रेस में मिला जबकि दूसरा रजत पदक पंद्रह किलोमीटर के स्क्रेच रेस में प्राप्त किया।

डब्ल्यूएफआई ने बजरंग, विनेश और साक्षी को ट्रायल के लिए किया आमंत्रित

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने सीनियर एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप और एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर कुश्ती में भाग लेने वाली टीमों का चयन करने के लिए बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक सहित प्रदर्शनकारी पहलवानों को ट्रायल के लिए आमंत्रित किया है। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने लिखा, मैं भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की सभी मान्यता प्राप्त इकाइयों को सूचित करना चाहता हूं कि निम्नलिखित प्रतियोगिताओं के लिए टीम का चयन करने के लिए 10 और 11 मार्च को आईजी खेल परिसर के केडी जाधव कुश्ती इंडोर स्टेडियम में ट्रायल्स का आयोजन किया जाएगा। रियो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने कहा, टूटे हुए दिल और बहुत दुखी मन के साथ, संजय सिंह उर्फ बृज भूषण शरण का भारतीय कुश्ती महासंघ में स्वागत है। अब, लखनऊ में फिर से शिविर आयोजित होगा जबकि नेशनल नंदिनी नगर में आयोजित किए जाएंगे। देश, विशेषकर हरियाणा की बहनों और बेटियों के शोषण की सभी हदें पार कर दी जाएंगी क्योंकि उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। वे सरकार और इस देश की जनता दोनों से बड़े हैं। बधाई हो, ये देश एक बार फिर महिलाओं की अस्मत के कत्ल का गवाह बना है। मैं उन सभी लोगों की तहे दिल से आभारी हूं जिन्होंने हमारा समर्थन किया। जय हिंद जय भारत।

रिसेप्शनिस्ट से पिच क्यूरेटर बनने तक का सफर...जसिंता कल्याण ने रचा इतिहास, जय शाह ने की तारीफ

नईदिल्ली, एजेंसी। जसिंता कल्याण भारत की पहली महिला पिच क्यूरेटर बनीं। वे एक समय पर रिसेप्शनिस्ट थीं, लेकिन अब उन्होंने एम चिन्नास्वाी स्टेडियम में क्यूरेटर का काम किया। सचिव जय शाह ने भी उनकी जमकर तारीफ की।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पिच क्यूरेटर का जिम्मा संभालने वाली जसिंता कल्याण की तारीफ की है। जसिंता कल्याण देश की पहली महिला पिच क्यूरेटर बनी हैं। उनको वुमेंस प्रीमियर लीग में पिच तैयार करने का जिम्मा मिला। देश में पहली बार किसी महिला ने पिच क्यूरेटर की भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि एक समय पर जसिंता रिसेप्शनिस्ट थीं। सचिव जय शाह ने एक्स पोस्ट करते हुए लिखा, भारतीय क्रिकेट ने एक ऐतिहासिक प्रगति हासिल की। जसिंता कल्याण हमारे देश की पहली महिला क्रिकेट पिच क्यूरेटर बन गई हैं। बेंगलुरु में वुमेंस प्रीमियर लीग के शुरुआती फेज के लिए पिच की तैयारी की कमान संभालनी वाली जसिंता दृढ़ संकल्प और बाधाओं को तोड़ने की इच्छा का प्रतीक हैं।

अब टेस्ट क्रिकेट को नजरअंदाज नहीं करेंगे भारतीय क्रिकेटर्स!

नई दिल्ली, एजेंसी। । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) रेड-बॉल क्रिकेट के बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी भागीदारी को प्राथमिकता देने के लिए खिलाड़ियों के बढ़ते रुझान के बाद टेस्ट मैच फीस में बढ़ोतरी पर विचार कर रहा है। बीसीसीआई इंडियन क्रिकेट प्लेयर्स के टेस्ट मैच की फीस में बढ़ोतरी करने पर विचार कर रहा है।

इशान किशन की घरेलू क्रिकेट से लंबे समय तक अनुपस्थिति के बारे में सवाल उठने के बाद बोर्ड ने संभवतः मैच फीस में बढ़ोतरी का फैसला किया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए टीम प्रबंधन के आह्वान को नजरअंदाज कर दिया, और इसके बजाय उन्हें अगले महीने से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए बड़ौदा में वर्कआउट और अभ्यास करते देखा गया। रिपोर्ट में एक सूत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि बीसीसीआई अतिरिक्त बोनस निर्धारित करने की प्रक्रिया में है, जो एक खिलाड़ी को पूरे सत्र में प्रत्येक टेस्ट श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करने पर दिया जाएगा।

एक सूत्र ने कहा, उदाहरण के लिए, यदि कोई एक कैलेंडर वर्ष में सभी टेस्ट सीरीज़ खेलता है, तो उसे वार्षिक रिटेनर अनुबंध के अलावा अतिरिक्त रूप से पुरस्कृत किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना है कि अधिक खिलाड़ी रेड-बॉल क्रिकेट के लिए आएं। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर नए फीस मॉडल को मंजूरी मिल जाती है, तो इसे इस आईपीएल सीजन के समापन के बाद लागू किया जाएगा।

इससे पहले, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने केंद्र-अनुबंधित और भारत ए क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट में भाग न लेने पर चेतावनी दी थी, जिसमें कहा गया था कि घरेलू क्रिकेट पर आईपीएल को प्राथमिकता देने के उनके कदम के गंभीर प्रभाव होंगे।

कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि ग्रेड सी अनुबंध वाले इशान को रणजी ट्रॉफी से अनुपस्थित रहने के कारण बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किए जाने की संभावना है।

नामीबिया के बल्लेबाज ने रचा इतिहास

नेपाल के खिलाफ टी20 मैच में जड़ा 33 गेंद पर शतक

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल टी20 ट्राई सीरीज में नीबिया के बल्लेबाज जान निकोल लॉफ्टी ईटन ने नेपाल के खिलाफ केवल 33 गेंद पर शतक जड़कर इतिहास रच दिया। वह टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने नेपाल के ही क्रिकेटर कुसल मल्ला का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने पिछले साल मंगोलिया के खिलाफ एशियन गेम्स में 34 गेंद पर शतक जड़ा था।

जान निकोल लॉफ्टी ईटन ने 36 गेंद पर 11 चौके और 8 छक्के की मदद से 101 रन बनाए। उनकी इस पारी के बदौलत नामीबिया ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 206 रन का स्कोर खड़ा किया।

जान निकोल लॉफ्टी ईटन टी20 इंटरनेशनल में 40 से कम गेंद पर शतक लगाने वाले 7वें बल्लेबाज बने।

कुशल मल्ला ने पिछले साल एशियन गेम्स में शतक जड़कर साउथ अफ्रीका के दिग्गज डेविड मिलर, टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और चेक रिपब्लिक के सुदेश विक्रमसेकरा का रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने 35-35 गेंद पर शतक जड़े थे।

जान निकोल लॉफ्टी ईटन ने अपना अर्धशतक 18 गेंदों पर पूरा किया

जान निकोल लॉफ्टी ईटन ने अपना अर्धशतक 18 गेंदों पर पूरा किया। इसके बाद अगले 50 रन बनाने के लिए सिर्फ 15 गेंद लिए। वह 20वें ओवर की दूसरी गेंद पर आउट हुए। अबिनाश बोहरा की गेंद पर गुलसन झा ने कैच पकड़ा। वह 11वें ओवर में बल्लेबाजी के आए थे। तब नामीबिया का स्कोर 62 रन पर 3 विकेट था। निकोल लॉफ्टी ईटन ने इस पारी में 280.56 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

नेपाल टी20 ट्राई सीरीज की पूरी जानकारी

बता दें कि नेपाल टी20 ट्राई सीरीज में नेपाल और नामीबिया के अलावा नेदरलैंड्स हिस्सा है। फाइनल से पहले प्रत्येक टीम एक दूसरे से 2-2 मैच खेलेंगी। फाइनल से पहले कुल 6 मैच होंगे। 27 फरवरी को शुरू हुई सीरीज 5 मार्च तक चलेगी। 27 फरवरी से 3 मार्च तक लगातार मैच हैं। 4 मार्च को कोई मैच नहीं होगा।

एलेना नॉर्मन ने हॉकी इंडिया के सीईओ पद से इस्तीफा दिया

नई दिल्ली, एजेंसी। हॉकी इंडिया की लंबे समय से कार्यरत सीईओ एलेना नॉर्मन ने लगभग 13 वर्षों तक पद पर रहने के बाद मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। शीर्ष पद पर उनके कार्यकाल के दौरान, भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें महान ऊंचाइयों पर पहुंचीं, करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग हासिल की और साथ ही टोक्यो ओलंपिक खेलों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जहां भारतीय पुरुषों ने 41 साल के अंतराल के बाद कांस्य पदक जीता जबकि महिलाएँ अभूतपूर्व चौथे स्थान पर रहीं।

उनके नेतृत्व में, फेडरेशन ने 2018 और 2023 में पुरुष हॉकी विश्व कप के लगातार दो संस्करणों की मेजबानी की, 2016 और 2021 में दो जूनियर पुरुष विश्व कप की मेजबानी की और हॉकी इंडिया लीग के पांच संस्करणों की भी सफलतापूर्वक मेजबानी की, जो एक फ्रेंचाइजी-आधारित लीग है जिसने लोकप्रियता हासिल की।

युवाओं को कुछ सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक हॉकी सितारों के साथ कंधे से कंधा मिलाने का मौका मिलने के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम का प्रदर्शन में सुधार आया। हॉकी इंडिया ने उनके कार्यकाल में, एफआईएच चैंपियंस ट्रॉफी, 2015 और 2017 में एफआईएच वर्ल्ड लीग फाइनल, 2019 और 2024 में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के साथ-साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग घरेलू खेलों सहित कई अंतरराष्ट्रीय हॉकी कार्यक्रमों की मेजबानी की। एलेना महिला हॉकी को सुर्खियों में लाने में भी सबसे आगे थीं, उन्हें पुरुष टीम के समान सुविधाएं प्रदान की गईं, जिसमें हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में असाधारण प्रदर्शन को मान्यता देने वाले नकद पुरस्कार भी शामिल थे।

उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली महिला टीम की सफलता में विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी क्योंकि टीम ने पहली बार क्वालीफाई किया और 36 वर्षों के बाद ओलंपिक में भाग लिया।

शमी के ऑपरेशन के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने बंधाई हिम्मत

मुझे भरोसा है आप इससे उबर जाओगे

नईदिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। वर्ल्ड कप के दौरान शमी एड़ी की चोट से जूझने के बावजूद खेले थे और भारत को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका भी निभाई थी। वर्ल्ड कप 2023 में शमी ने सबसे ज्यादा विकेट चटकाए थे। शमी ने एड़ी में एकिलीज टेंडन सर्जरी करवाई है।

शमी ने सोशल मीडिया पर सर्जरी की तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही लिखा कि रिकवरी में कुछ समय लगेगा, लेकिन फिर से अपने पैरों पर खड़े होने का इंतजार है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शमी की अच्छी हेल्थ की कामना करते हुए उन्हें हिम्मत भी बंधाई है। मोहम्मद शमी ने सर्जरी के बाद की चार तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, एड़ी में एकलीज टेंडन का सफल ऑपरेशन अभी करवाया है। रिकवरी में कुछ समय लगेगा, लेकिन मैं फिर से अपने पैरों पर खड़े होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शमी की सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, आप जल्द स्वस्थ हो जाएं और मोहम्मद शमी मुझे भरोसा है कि आप मजबूती इस चोट से उबर जाएंगे। मोदी के मैसेज से मोहम्मद शमी गदगद हो गए। उन्होंने इस मैसेज को अपने लिए सरप्राइज बताया।

12 दिसंबर से लंका टी10 लीग का आगाज

नई दिल्ली, एजेंसी। लंका टी10 लीग का पहला सीजन, जिसे शुरू में 2023 में आयोजित करने की योजना थी, इस साल 12 से 22 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

लीग श्रीलंका के वार्षिक क्रिकेट कैलेंडर में सबसे नया जुड़ाव है, जिसमें श्रीलंका के शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ-साथ कुछ बेहतरीन अंतर्राष्ट्रीय सितारे भी शामिल होंगे। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि यह टूर्नामेंट सफल होगा, जो श्रीलंका क्रिकेट को खेल में बदलते रुझानों के साथ अपडेट रहने की क्षमता में योगदान देगा। उन्होंने यह भी कहा, हमें उम्मीद है कि यह आयोजन न केवल क्रिकेट प्रेमियों को आकर्षित करेगा, बल्कि टूर्नामेंट को व्यापक रूप से लोकप्रिय बनाने के रूप में भी काम करेगा। टूर्नामेंट में छह पुरुष टीमें शामिल होंगी, जो क्षेत्रीय क्रिकेट केंद्रों को कवर करेंगी। प्रत्येक टीम में छह विदेशी खिलाड़ियों के साथ 16 खिलाड़ियों का एक दल शामिल होगा।

LANKA T10

इस बीच, आईपीजी ग्रुप के संस्थापक और सीईओ अनिल मोहन ने कहा, यह हमारे लिए एक शानदार कदम है। हमें श्रीलंकाई क्रिकेट में एक और रोमांचक अध्याय का आयोजन करने का मौका मिला है। हमारी लीग दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक रोमांचक मंच पर टॉप अंतर्राष्ट्रीय सितारों और लोकल प्रतिभाओं को एकजुट करती है। हमारा लक्ष्य हर रोमांचक मैच के साथ इतिहास बनाना और खेल को ऊपर उठाना है।

आईपीएल से पहले फिट होकर मैदान पर लौटे हार्दिक पंड्या, कमबैक मैच में झटके दो विकेट

नवी मुंबई, एजेंसी। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने चोट के कारण लंबे ब्रेक के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करते हुए डीवाई पाटील टी-20 कप में दो विकेट चटकाए। भारत पेट्रोलियम निगम के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में रिलायंस-वन की दो विकेट से जीत में हार्दिक ने तीन ओवर में 22 रन देकर दो विकेट चटकाए।

वह 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे और चार गेंद में तीन रन बनाकर नाबाद लौटे। पिछले साल अक्टूबर में पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप मैच के दौरान टखने में चोट लगने के बाद से हार्दिक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर थे। वह इंडियन प्रीमियर लीग में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस के नए कप्तान के रूप में वापसी की तैयारी कर रहे हैं। रिलायंस-वन टीम में तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, आकाश मधवाल, नमन धीर और पीयूष चावला जैसे मुंबई इंडियंस के अन्य खिलाड़ी भी शामिल हैं।

डीवाई पाटील टी-20 कप एक कॉर्पोरेट टूर्नामेंट है, जिसमें कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। ईशान किशन भी इस टूर्नामेंट के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे।

चेस : 14 साल में ग्रैंडमास्टर बन गई थीं चीन की यिफान

नई दिल्ली, एजेंसी। होउ यिफान का जन्म 27 फरवरी 1994 को हुआ। उनकी मां वांग कियान एक नर्स और पिता होउ जूजियान शिन्हुआ में मजिस्ट्रेट रहे। यिफान ने तीन साल की उम्र में शतरंज शुरू किया और कुछ ही हफ्तों में पिता और दादी को हराना शुरू कर दिया। मारी श्रृंखला इस तारीख को जन्मे विश्व चैंपियन के तहत आज बात शतरंज की उस हस्ती की जिसने पूर्व चैंपियनों के लगभग सभी कीर्तिमान तोड़े। विलक्षण रूप से प्रतिभाशाली एक ऐसी खिलाड़ी जिसने विभिन्न श्रेणियों में महिला विश्व चैंपियनशिप जीती। मैं किसी और की नहीं बल्कि चीन की होउ यिफान की बात कर रहा हूं। होउ यिफान का जन्म 27 फरवरी 1994 को हुआ। उनकी मां वांग कियान एक नर्स और पिता होउ जूजियान शिन्हुआ में मजिस्ट्रेट रहे। यिफान ने तीन साल की उम्र में शतरंज शुरू किया और कुछ ही हफ्तों में पिता और दादी को हराना शुरू कर दिया। पांच साल में तो टूर्नामेंट खेलने लगी थीं। उन्होंने 2003 में चीन की महिला और पुरुष टीम के कोच ग्रैंडमास्टर यि जियांग चुयान के साथ मैच खेला और उनकी हर कमजोर चाल को वह भांपने में सफल रहीं।

उसी साल दस साल से कम आयुवर्ग की विश्व यूथ चैंपियनशिप में पहला स्थान हासिल किया। बारह साल की उम्र में होउ महिला विश्व चैंपियनशिप (येकेटेरिनबर्ग 2006) और चेस ओलंपियाड (टोरिनो 2006) में हिस्सा लेने वालीं सबसे युवा खिलाड़ी बनीं। उन्होंने जनवरी 2007 में महिला ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल किया और अगस्त 2008 में 14 साल, छह महीने और 16 दिन में ग्रैंडमास्टर बनकर दिग्गज जूडिथ पोल्गर का रिकॉर्ड तोड़ा।

2010 में यिफान ने तुर्की में महिला विश्व चैंपियनशिप जीती और 16 साल की उम्र में ऐसा करने वालीं सबसे युवा बनीं। उसके बाद अगली तीन चैंपियनशिप भी जीती। होउ शतरंज ही नहीं, शिक्षा में भी पीछे नहीं रहीं। 2012 में पेकिंग यूनिवर्सिटीज में पढ़ाई की। सेंट हिल्डा कॉलेज, ऑक्सफोर्ड में पब्लिक पॉलिसी में मास्टर डिग्री ली। वर्ष 2020 से वह शेनझेन यूनिवर्सिटीज में प्रोफेसर बन गईं।

मुंबई के नंबर-10 और 11 के बल्लेबाज ने रचा इतिहास

नईदिल्ली, एजेंसी। मुंबई के ऑलराउंडर खिलाड़ी तनुष कोटियन और तुषार देशपांडे ने मंगलवार, 27 फरवरी को बड़ौदा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में इतिहास रच दिया। नंबर-10 और 11 पर बल्लेबाजी करने वाले दोनों बल्लेबाज एक ही पारी में शतक लगाने वाली प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास दूसरी जोड़ी बने। रणजी ट्रॉफी में पहली बार ऐसा हुआ है। मुंबई की दूसरी पारी में 9वां विकेट पर 337 रन पर गिरा था। आखिरी विकेट के लिए कोटियन और देशपांडे ने बेहतरीन साझेदारी की।

इससे मुंबई को बड़ौदा को खेल से बाहर करने में मदद मिली। मुंबई को पहली पारी में 36 रन की बढ़त मिली थी। कोटियन ने सबसे पहले 115 गेंदों में नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। देशपांडे ने 112 गेंदों का सामना किया और पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाए। दोनों बल्लेबाजों ने अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक जड़ा।

एक ही पारी में नंबर 10 और नंबर 11 के बल्लेबाज का शतक

यह जोड़ी चंदू सरवटे और शुते बनर्जी के बाद एक ही पारी में नंबर 10 और नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक जड़ने वाली दूसरी जोड़ी है। सरवटे और बनर्जी ने 1946 में ओवल में सरे बनाम इंडियंस मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी। तीसरी बार किसी भारतीय जोड़ी ने आखिरी विकेट के लिए 200 से अधिक की साझेदारी की है।

देशपांडे तीसरे भारतीय बल्लेबाज

देशपांडे नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए प्रथम श्रेणी शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज भी बने। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नंबर-11 पर बतौर भारतीय क्रिकेटर सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर अपने नाम किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड शुते बनर्जी (121) के नाम था देशपांडे अंततः 123 रन पर आउट हो गए और साझेदारी 232 रन पर समाप्त हुई, जो रणजी ट्रॉफी रिकॉर्ड से एक रन कम है।

भारत के लिए फर्स्ट क्लास और रणजी ट्रॉफी में 10वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी

सरवटे और बनर्जी के बीच 249 रन की साझेदारी हुई थी। यह भारत के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 10वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

एक नजर

शराब तस्कर गिरफ्तार भेजा गया जेल

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गोह थाना पुलिस ने सोमवार की साम जगतपति चौक से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। गौरतलब हो की राजापुर निवासी सतीश बिंद के घर से बीते वर्ष छापेमारी के दौरान चालीस लीटर महुआ शराब बरामद की गई थी। इसके विरुद्ध सतीश पर प्राथमिकी दर्ज की गई तभी से सतीश फरार चल रहा था। जिसके बाद गुप्त सूचना मिली की सतीश गाड़ी पकड़ने के लिए गोह जगतपति चौक के पास आया हुआ है, जहां से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया है।

बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)। नवीनगर के माली थाना क्षेत्र के सोरी गांव के गेट के समीप से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह एवं सशस्त्र बल के द्वारा बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया है थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को देख चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल रहा ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया है तथा इसकी सूचना खनन विभाग को दे दिया गया है मामले में जांच पड़ताल कर कारवाई किया जा रहा है।

एनबीडब्ल्यू वारंटी हुआ गिरफ्तार

नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)। नवीनगर थाना क्षेत्र के झरी धनाव गांव निवासी प्रिंस कुमार सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान पिएसआई राजू कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उक्त व्यक्ति पर कोर्ट के द्वारा एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था जो काफी दिनों से फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

उपभोक्ता न्यायालय ने दिलाई क्षतिपूर्ति

औरंगाबाद (का.सं.)। औरंगाबाद। उपभोक्ता अदालत ने वाद संख्या -18/16 में सूचक संजय कुमार दधपी मदनपुर को न्याय दिलाया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि वाद सूचक को उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्रीनारायण सिंह द्वारा तीन लाख सत्तर हजार का नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का चेक अधिवक्ता राजीव रंजन सिंह के उपस्थिति में प्रदान किया। अधिवक्ता ने बताया कि सूचक का महिंद्रा बोलोरो मैक्सी ट्रक नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से 29 जून 2013 को बीमा हुई थी। वैधता 28 जून 2014 तक था। 16 जून 2014 को गाड़ी चोरी हो गई। मदनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आरोप पत्र में घटना को सत्य पाया गया था। सूचक द्वारा इंश्योरेंस कंपनी से क्लेम दावा किया गया था। इंश्योरेंस कंपनी भुगतान में टालमटोल कर रही थी। सूचक द्वारा मजबूर हो कर उपभोक्ता अदालत में वाद दाखिल किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के औरंगाबाद दौरे को लेकर भाजपा ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के औरंगाबाद आगमन की तैयारी को लेकर सर्किट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा के अध्यक्षता में बैठक किया गया इस बैठक में मुख्य रूप से सांसद सह इस कार्यक्रम के संयोजक सुशील कुमार सिंह एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा उपस्थित रहे।इस बैठक में प्रदेश महामंत्री ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी बिंदुओं पर बारिकी से चर्चा किए। इस मौके पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र हित और पूरे देश को तेजी से विकास की ओर अग्रसर करने के लिए एवं गरीबों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लेकर सभी वर्ग के लोगों में काफी उत्साह है और सभी वर्ग के लोगों में मोदी की गारंटी की विश्वसनीयता बढ़ी है।यह रैली भव्य और ऐतिहासिक होगा। प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का सर्वागीण विकास हुआ है और युवाओं के साथ-साथ महिलाओं और सभी लोगों को मोदी के प्रति विश्वाश बढ़ा है एवं इस कार्यक्रम को लेकर सांसद आवासीय कार्यालय सिंह कोठी से सांसद सुशील कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा भाजपा नेता गोपाल शरण सिंह, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह एवं रथ प्रभारी भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री मनीष पाठक ने संयुक्त रूप से हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ औरंगाबाद जिले एवं लोकसभा क्षेत्र के गाँव में जाकर प्रचार प्रसार करेगा और सभी लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह करेगा। इस कार्यक्रम को लेकर शिक्षाविद्, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, युवाओं महिलाओं, अधिवक्ताओं, व्यवासाई वर्ग के लोगों में काफी उत्साह है। यह हम सभी जिला वासी और लोकसभा क्षेत्रवासी के लिए गर्व की बात है कि भगवान भाष्कर की पावन भूमि औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन हो रहा है। सर्किट हाउस के बैठक में भाजपा नेता गोपाल शरण सिंह, जिला क्षेत्रीय प्रभारी रत्नेश कुशवाहा, महामंत्री मुकेश सिंह, संजय गुप्ता, कार्यक्रम स्थल प्रभारी सतीश सिंह, मुख्य पार्षद उदय गुप्ता, काराकाट लोकसभा प्रभारी अनिल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम सिंह, संजय मेहता, जिला उपाध्यक्ष विशाल वैभव टैगोर, दीनानाथ विश्वकर्मा, डॉ.नागेन्द्र शर्मा, फेसर मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, सरपंच गया साव, भाजपा नेता विनोद शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, युवती प्रमुख करिश्मा सिंह, अशोक कुशवाहा, आलोक सिंह, कौशल सिंह, युगल सिंह, सुनील शर्मा, अभिषेक सिंह वसु, उदय प्रताप सिंह, रंजय अग्रहरी, रंजीत कुशवाहा, छोटू चौधरी, जीतू तिवारी, दीपक सिंह, मितेन्द्र सिंह, आदित्य श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र शर्मा, कृष्णा गुप्ता उर्फ पिन्टू, ऋषि सिंह एवं भाजपा कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

भाजपा की बैठक संपन्न

निज संवाददाता

नवीनगर (औरंगाबाद)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 2 मार्च को औरंगाबाद आगमन की तैयारी को लेकर भाजपा नेताओं की बैठक हुई और कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह उर्फ पप्पू एवं संचालन बैरिया मंडल अध्यक्ष अशोक पांडेय ने किया मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि औरंगाबाद का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी यहां आ रहे हैं उनके आगमन को लेकर पूरे जिले में भारी उत्साह है ऐसे में मंडल के सभी पदाधिकारी शक्ति केंद्र प्रमुख तथा बूथ अध्यक्षों को जनसंपर्क अभियान तेज कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को प्रधानमंत्री के जनसभा में पहुंचाने की बात कही इस मौके पर विधानसभा प्रभारी टैगोर उमेश कुमार सिंह विस्तारक दिलीप सिंह हरेंद्र पासवान ददन तिवारी विजय सिंह विवेक कुमार बबलू सिंह जितेंद्र सिंह अनिरुद्ध सिंह लल्लू सिंह नवल तिवारी पीयूष मिश्रा पंकज कुमार संयोग सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

प्रधानमंत्री के आगमन पर सांसद ने कई प्रचार रथों को किया रवाना

निज संवाददाता

औरंगाबाद। आगामी 2 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर औरंगाबाद बीजेपी पार्टी की तैयारी अंतिम चरण में है। इसके लिए शहर के रतनूवा गांव के लगभग 20 एकड़ भूखंड पर सभा एवं आगंतुओं को बैठने की व्यवस्था की जा रही है। प्रधानमंत्री की सभा में जिले वासियों को आमंत्रित करने के लिए औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह के द्वारा अपने आवास से मंगलवार को कई प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि ये रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदूर ग्रामीण इलाकों तक जाएगी और लोगों को प्रधानमंत्री के औरंगाबाद आगमन की न सिर्फ जानकारी देगी बल्कि कार्यक्रम में भाग लेने की अपील भी करेगी। इस मौके पर संसद ने कहा कि यह जनसभा एक ऐतिहासिक जनसभा होगी जो अब तक के सभी जनसभा के रिकॉर्ड को ध्वस्त करेगी।

मदनपुर को पुलिस अनुमंडल का मिला दर्जा

मदनपुर (औरंगाबाद)(नि.सं.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा औरंगाबाद आगमन के पूर्व ही मदनपुर को पुलिस अनुमंडल बनाकर एक सौगात दिया है। इस सौगात के लिए रफीगंज विधानसभा की जनता और पूरे जिलावासियों की ओर से मुख्यमंत्री को कोटि-कोटि साधुवाद देता हूं। आभार प्रकट करने वालों में जिला जदयू मुख्य प्रवक्ता अजिताभ कुमार उर्फ रिंकू सिंह, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र चंद्रवंशी, ओंकार नाथ सिंह, सुरेंद्र सिंह, महावीर मेहता, अखिलेश मेहता, पप्पू ज्वाला सिंह, महिला जिलाध्यक्ष मंजरी सिंह, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मुमताज जुगनू, अतिपिछड़ा जिलाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, प्रखंड अध्यक्ष राकेश सिंह, समशेर सिंह, सुनील वर्मा, नगर अध्यक्ष मुजफ्फर कादरी, महासचिव संजय राणा, प्रभाकर सिंह, रितेश सिंह हैं।

स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त करने को लेकर थाना में दिया आवेदन

नवीनगर (औरंगाबाद)(नि.सं.)। नवीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 राजा गोपाल इंग्लिश अकादमी पथ निवासी राजकुमार रजक ने अपने स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त करने को लेकर थाना में आवेदन दिया है जिसमें बताया है कि घर के पास खड़े गाड़ी को रात में किसी व्यक्ति के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है मेरा गाड़ी अपने घर के पास खड़ा था और पर्दा से ढका हुआ था बीते रात्रि हम लोग पूरा परिवार दरवाजा बंद करके सो गए जब सुबह में देखे तो गाड़ी का पर्दा फटा है और शीशा बिखर हुआ है तथा गाड़ी को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल कर कारवाई किया जा रहा है।

रविदास जयंती पर भव्य भंडारा का आयोजन

निज संवाददाता

रफीगंज(औरंगाबाद)। शहर के अब्दुलपुर स्थित युवा अंबेडकर क्लब अब्दुलपुर के द्वारा संत शिरोमणि रविदास पूजा के उपरांत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि पूर्व उप प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय यादव, राजद के प्रदेश महासचिव डॉ संजय यादव, पूर्व वार्ड पार्षद सह नगर अध्यक्ष योगेंद्र यादव, पूर्व उप अध्यक्ष हरेंद्र कुमार, वार्ड पार्षद सुबोध कुमार, डॉक्टर अखिलेश कुमार, शिक्षक अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार, पेशकार प्रवेश राम, उमेश प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने भंडारा का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर कमिटी के अध्यक्ष विक्रम कुमार, उपाध्यक्ष अरुण कुमार, सचिव रोशन कुमार, कोषाध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने बताया कि 15 सालों से भगवान संत शिरोमणि रविदास जयंती की प्रतिमा बैठक का पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। भंडारा एवं भव्य आरती का भी आयोजन की गयी। आये हुए सभी अतिथियों को माला पहनाकर सम्मानित किया।सभी अतिथियों ने संत शिरोमणि रविदास जी के बारे में विस्तार पूर्वक लोगों को बताया। इस अवसर पर संजीत कुमार, रंजीत कुमार, प्रमोद कुमार, जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार, लक्ष्मण कुमार शामिल थे।

29 फरवरी को होगा नियोजन मेला का आयोजन

निज संवाददाता

औरंगाबाद। श्रम संसाधन विभाग, बिहार पटना के अधीन बिहार कौशल विकास मिशन, के संकल्प योजना के तहत 29 फरवरी को पूर्वाहन 10:30 बजे से 4:00 बजे तक जिला निबंधन-सह-परामर्श केन्द्र, औरंगाबाद में नियोजन मेला का आयोजन किया जाना है। जिसमें राज्य एवं राज्य के बाहर की लगभग 10 से 15 निजी कम्पनियों के भाग लेने की संभावना है। मेला में नन-मैट्रीक से लेकर ग्रेजुएट, आईटीआई एवं अन्य योग्यताधारी बेरोजगार युवक युवतीयॉ अपने बायोडाटा, फोटो, पहचान पत्र एवं योग्यता तथा अनुभव से संबंधित प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी के साथ उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। मेले में प्रवेश निःशुल्क है। अभ्यर्थी का नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य है। निबंधन की प्रक्रिया ऑन-लाईन है, मेला में भी निबंधन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला में निजी क्षेत्र की 500 से 1500 रिक्तियाँ रहेंगी। रिक्ति, नियुक्ति एवं चयन के मापदंड के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेदार होगें।

सक्षमता परीक्षा की दूसरी पाली कैंसिल

पटना (नि.सं.)। बिहार में सक्षमता परीक्षा के दूसरे दिन दूसरी पाली की परीक्षा रद्द कर दी गई। नियोजित शिक्षक परीक्षा हॉल में एक घंटे तक बैठ रहे। इसी बीच बिहार बोर्ड ने परीक्षा कैंसिल का नोटिस जारी कर दिया। बताया जा रहा है कि 9 जिलों के 52 सेंटर पर तकनीकी कारणों से एग्जाम कैंसिल किया गया है। वहीं, 28 फरवरी को निर्धारित समय पर परीक्षा होगी। मंगलवार को दूसरी पाली की परीक्षा 3 बजे शुरू हुई थी। कई सेंटर पर तकनीकी दिक्कतों के कारण क्वेश्चन पेपर ओपन ही नहीं हुआ। इसके कारण परीक्षा को कैंसिल करना पड़ा। करीब 1 घंटे तक अभ्यर्थी परेशान होते रहे।

जनसरोकारिता : असम राज्य से आये शहीद के परिजनों को निःशुल्क दी गयी पीपीसी सीमेंट की 720 बोरियां

शहीद के परिजनों का आशियाना बनाने में मदद कर रही श्री सीमेंट

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। देश की सेवा में अपनी जान न्योछावर करने वाले शहीदों के परिजनों का आशियाना बनाने में श्री सीमेंट अभूतपूर्व योगदान दे रही है। निजी क्षेत्र की यह देश की एकलौती ऐसी कम्पनी है जो अपने उत्पाद को निःशुल्क दर पर शहीदों के परिजनों को मुहैया करा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को श्री सीमेंट, औरंगाबाद अंतर्गत श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के नमन प्रोजेक्ट के तहत असम के शहीद जवान के परिजनों को घर बनाने हेतु 720 बैग पीपीसी सीमेंट निःशुल्क प्रदान किया गया। यूनिट हेड अनिल शर्मा, प्लांट एचआर हेड बी.एस. राठौड़ समेत अन्य वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में असम राज्य से आयी शहीद देबेन चंद्र बसुमतारी की पत्नी रीता बसुमतारी को निःशुल्क सीमेंट की बोरियां प्रदान की गयी। मौके पर शहीद की पत्नी ने भावुक हो कर श्री सीमेंट को धन्यवाद दिया। शहीद के परिवार के सदस्य संकू मिज़ार ने भी श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा प्रदान किए गए सीमेंट बैग के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और कहा, शहीदों के प्रति एकजुटता बढ़ाने के लिए श्री सीमेंट द्वारा यह एक अद्भुत पहल है। वहीं यूनिट हेड अनिल शर्मा ने कहा कि श्री सीमेंट लिमिटेड औरंगाबाद लंबे समय से सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रतिबद्ध है, जैसा कि नमन प्रोजेक्ट द्वारा उदाहरण दिया गया है, यह परियोजना हमारे शहीदों के बलिदान का सम्मान करने के लिए समर्पित है। इन बैगों का उपयोग अनगिनत शहीद परिवारों को उनके घर बनाने में सहायता करने के लिए किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि श्री सीमेंट की अब तक 66000 बैगों का उपयोग अनगिनत शहीद परिवारों को उनके घर बनाने में सहायता करने के लिए किया गया है। उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि उन समुदायों में योगदान करना जहां हम मौजूद हैं और काम करते हैं, हमें संतुष्टि और उद्देश्य की गहरी भावना मिलती है। बी.एस. राठौड़ ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नायकों के सम्मान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के लिए, श्री सीमेंट लिमिटेड इस पहल के माध्यम से उनके परिवार के सदस्यों के सहयोग में सक्रिय रूप से शामिल है। सामाजिक कल्याण और विकास के प्रति श्री फाउंडेशन ट्रस्ट की पहल इसके कॉर्पोरेट नैतिकता में गहराई से निहित है। इस दौरान एन.एस. कल्याण (एचओडी-मैकेनिकल), वीरेंद्र सिंह (एचओडी-प्रोसेस), धीरज वर्मा (लॉजिस्टिक्स-हेड), नरेश शर्मा (पैकिंग प्लांट-हेड), संजीव झा और सतीश सिंह मौजूद रह। कार्यक्रम का संचालन रोहित कुमार (सी.एस.आर) द्वारा किया गया।

गोह के आजाद पार्क में मनाई गई आजाद की 118वीं जयंती

निजसंवाददाता

गोह(औरंगाबाद)। गोह स्थित चंद्रशेखर आजाद पार्क में मंगलवार को भारत की आजादी के महानायक चंद्रशेखर आजाद की 118वी जयंती आजाद कमिटी के अध्यक्ष दीपक उपाध्याय की अध्यक्षता में मनाई गई।इस दौरान अध्यक्षता कर रहे श्री उपाध्याय ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद सच्चे देशभक्त थे। अपने पराक्रम के बल पर उन्होंने अंग्रेजों को कई बार पटखनी दी। हम सभी को उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।युवा पीढ़ी को चंद्रशेखर आजाद जैसे महान क्रांतिकारियों का जीवन दर्शन पढना चाहिए। आजादी की लड़ाई में उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता है।कई वक्ताओं ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उनके पराक्रम पर प्रकाश डाला। उन्हें सच्चा देशभक्त बताया। समाजसेवी मोनू उपाध्याय के नेतृत्व में देशभक्त चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई। उन्होंने कहा कि आजाद ने अपना पूरा जीवन देश की आजादी की लड़ाई के लिए कुर्बान कर दिया था। बेहद कम्र उम्र में चंद्रशेखर देश की आजादी की लड़ाई का हिस्सा बने थे,वही समाजसेवीअंजनी उपाध्याय ने कहा कि के स्वर्ण अक्षरों में चन्द्रशेखर आजाद की वीरता की गाथा लिखी गई है।

खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर युवाओं ने की बैठक

निज संवाददाता

बारुण (औरंगाबाद)। आगामी 29 फरवरी को प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर युवाओं ने प्रखंड मुख्यालय बारुण में बैठक की। बैठक में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी पर चर्चा की गई। फुटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी,रस्सी खींचे प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए विस्तार से चर्चा किया गया। प्रखंड में जितने भी खेल टीम है उन्हें आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। असामाजिक तत्व इस खेलकूद में बाधा उत्पन्न ना करें इसके लिए थानाध्यक्ष को भी सूचना दिए जाने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं गणमान्य लोगों का आमंत्रित करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। बैठक में खेलकूद प्रतियोगिता के लिए सभी लोगों को जिम्मेवारी दी गई है और जिम्मेवारी निर्वहन करने को कहा गया। बैठक में आदित्य कुमार, मुकेश कुमार, रोशन कुमार, सुमित कुमार, राजू कुमार, अविनाश शरण, राकेश कुमार, रवि रंजन सिंह, संजय कुमार, राहुल कुमार, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

अभियुक्त को कठोरतम कारावास

औरंगाबाद (नि.सं.)। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में स्पेशल पोक्सो कोर्ट जज सुनील कुमार सिंह ने फेसर थाना कांड संख्या -104/19, जी. आर -56/19 में सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त जोगिंदर राम फेसर को कठोरतम कारावास की सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त को 21 फरवरी को दोषी करार दिया गया था और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था, मंगलवार को सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त जोगिंदर राम फेसर को भादंवि धारा -376 और 4 पोक्सो एक्ट में 12 साल सश्रम कारावास और पच्चीस हजार जुर्माना लगाया है जुर्माना न देने पर छः माह अतिरिक्त कारावास होगी।

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय

वित्तीय वर्ष 2023–24 में आत्म निर्भर बिहार के सात निश्चय –2 के अन्तर्गत लेयर मुर्गी पालन को बढावा देने हेतु अनुदान की योजना”

पशुधन द्वारा जीवन में गुणात्मक सुधार

आत्म निर्भर बिहार के सात निश्चय –2 अन्तर्गत लेयर मुर्गी पालन को बढावा देने हेतु अनुदान की योजना के तहत 10000 (फीड मिल सहित) एवं 5000 लेयर मुर्गी क्षमता हेतु विज्ञापन

ऑनलाईन आवेदन हेतू वांछित कागजात

- **वांछित भूमि का साक्ष्य :** अद्यतन लगान रसीद/एल.पी.सी., लीज एकरारनामा, नजरी नक्शा
- **वांछित राशि का साक्ष्य :** पासबुक, एफ.डी., अन्य (प्रथम तथा अंतिम पृष्ठ जिस पर राशि अंकित हो)
- **प्रशिक्षण :** सरकारी संस्थानों से कुक्कुट पालन प्रशिक्षण प्रमाण पत्र।
- **अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदक हेतु :** जाति प्रमाण–पत्र (आरक्षित रिक्ती हेतु आवेदन पत्र)
- **अन्य कागजात :** फोटो, आधार, वोटर आई.डी., पैन कार्ड, आवास प्रमाण–पत्र

चयन

वित्तीय वर्ष 2023–24 में आत्म निर्भर बिहार के सात निश्चय –2 के अन्तर्गत स्वीकत योजना एवं तत्क्रम में निर्गत कार्यान्वयन अनुदेश के आलोक में लाभुकों का चयन किया जाएगा।

प्राथमिकताएँ

लाभुकों का चयन क्रमशः स्वलागत एवं प्रशिक्षण को प्राथमिकता देते हुये ''पहले आओ, पहले पाओ'' के आधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण के संदर्भ में मान्यता प्राप्त सरकारी संस्थानों से कुक्कुट पालन में प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

- **योजनाः** वित्तीय वर्ष 2023–24 में आत्म निर्भर बिहार के सात निश्चय –2 के अन्तर्गत लेयर मुर्गी पालन को बढावा देने हेतु अनुदान की योजना”
- **कार्य क्षेत्रः** योजना का कार्यान्वयन राज्य के सभी जिलों में।
- **आवेदनः विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात् ऑनलाईन लिंक खुलने के 30 (तीस) दिनों के अन्दर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है।**

इच्छुक व्यक्ति इस योजना हेतु विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/ahd पर दिये गये लिंक पर जाकर अपने आधार संख्या/वोटर कार्ड संख्या से पंजीकरण कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन के साथ सभी वांछित कागजातों/अनुलग्नकों को ऑनलाईन अपलोड करना होगा

स्वलागत/ऋण

आवेदक चाहे तो बैंक से ऋण लेकर अथवा स्वलागत से फार्म स्थापित कर सकते है। बैंक से ऋण प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रक्रिया लाभुक के द्वारा स्वयं की जायेगी।

क्र.	कोटि	ब्रायलर/लेयर मुर्गी फार्म की क्षमता	रिक्ति फार्म (इकाई में)	इकाई लागत (लाख रूपये में)	आवेदन के समय आवेदक के पास वांछित राशि (लाख रू में)		अनुदान		भूमि की आवश्यकता
					स्वलागत	बैंक ऋण	इकाई लागत का प्रतिशत	अधिकतम अनुदान (लाख रूपये में)	
1	सामान्य जाति	10,000	27	100.00	70.00	10.00	30 प्रतिशत	30.00	100 डिसमिल
2		5,000	36	48.50	33.95	4.85	30 प्रतिशत	14.55	50 डिसमिल
3	अनुसूचित जाति	10,000	03	100.00	60.00	10.00	40 प्रतिशत	40.00	100 डिसमिल
4		5,000	08	48.50	29.10	4.85	40 प्रतिशत	19.40	50 डिसमिल
5	अनुसूचित जनजाति	10.000	01	100.00	60.00	10.00	40 प्रतिशत	40.00	100 डिसमिल
6		5,000	02	48.50	29.10	4.85	40 प्रतिशत	19.40	50 डिसमिल

- रिक्तियों की संख्या अन्नतिम (Tetative) है।
- ऑनलाईन आवेदन भरने के पहले पूर्वाभ्यास हेतु मॉडल आवेदन पत्रा विभाग के वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/ahd से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।
- विशेष जानकारी संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

निदेशक पशुपालन, बिहार, पटना

PR. No. 018333 (Animal)D. 2023-24